ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 28 मई 2024
वर्ष 5, अंक 63, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

दूसरी बार मिला है इस तरह का जीवनयोग्य ग्रह 14
निराशा को पीछे छोड़ छूआ ख्वाहिश का आसमान 13



## ‘अमृत विचार’ आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.।

## शहर में आज

☞ मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हनुमान चालीसा का पाठ प्रात: 6:30 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबडेकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

## एक नजर

### मानक के विपरीत सड़क निर्माण करने का आरोप

**शाहबाद, अमृत विचार** : तहसील क्षेत्र के गांव रवाना पट्टी जवाहर निवासी सचिन मौर्य ने एक्स पर सड़क निर्माण की शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि ढकिया गांव से रवाना पट्टी जवाहर तक सड़क निर्माण चल रहा है। आरोप लगाया कि सांसद कोटे से बन रही इस सड़क में धांधली की जा रही है। पत्थर के ऊपर बजरी डाले बिना ही कोलतार डाला जा रहा है। इससे सड़क कमजोर बनेगी। ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन ठेकेदार पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। उन्होंने डीएम से निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है।

### पिता-पुत्री समेत तीन घायल

**शाहबाद, अमृत विचार** : बरेली के थाना सिरौली के मोहल्ला शिवपुरी निवासी प्रीतम अपनी बेटी सोनम व गुड्डू के साथ बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# रेस्टोरेंट स्वामी व ठेकेदार को 11 दिन बाद भी नहीं पकड़ सकी पुलिस

- निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की पाड़ टूटने से तीसरी मंजिल से गिरकर हुई थी तीन मजदूरों की मौत

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार** : लापरवाही के चलते निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की अचानक पाड़ टूटने से तीसरी मंजिल से गिरकर तीन मजदूरों की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर रेस्टोरेंट मालिक और ठेकेदार के खिलाफ 16 मई को रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। मगर घटना को 11 दिन बीतने के बाद भी पुलिस रेस्टोरेंस्ट स्वामी और ठेकेदार को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

उत्तराखंड की सीमा से सटे गांव शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल के नजदीक निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की 15 मई की दोपहर करीब तीन बजे अचानक पाड़ टूट गई थी। इसमें करीब 40 फिट की ऊंचाई से गिरकर तीन मजदूरों अकबर अली, मोहसिन और आसिफ अली की मौत हो गई थी। सूचना मिलते ही स्वार सीओ संगम कुमार, कोतवाल संदीप त्यागी और नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए थे। 16 मई को मृतक मोहसिन के भाई हसीमउद्दीन निवासी ग्राम कुरैना, थाना जहांगीराबाद, जिला बुलंदशहर ने पुलिस को तहरीर देकर रेस्टोरेंट मालिक और ठेकेदार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रेस्टोरेंट मालिक संसार सिंह और ठेकेदार इरशाद निवासी ग्राम करदमपुरी, थाना गोकुलपुरी, दिल्ली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इस घटना को 11 दिन बीत गए हैं मगर पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

### चालू वित्त वर्ष में एक रुपये का भी नहीं हो सका भुगतान, सबसे ज्यादा मिलक क्षेत्र के मजदूरों का रुका हुआ है पैसा

# मनरेगा मजदूरों के 32.79 लाख रुपये दबाए बैठी है सरकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : चालू वित्त वर्ष में मनरेगा मजदूरों के 32.79 लाख रुपये सरकार दबाए हुए है। मिलक क्षेत्र के मजदूरों का सबसे ज्यादा 12.37 लाख रुपये बकाया है। जेब में पैसा नहीं होने के कारण मजदूरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अमृत सरोवर, गूल, नाले, चकरोड, तालाब और पौधरोपण के लिए गड्ढों की खोदाई होने से मनरेगा मजदूरों को मजदूरी तो खूब मिल रही है, लेकिन मजदूरी का पैसा नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों का चालू वित्त वर्ष में 32.79 लाख रुपये सरकार पर बकाया है। मजदूर मजदूरी के पैसों की आस तक रहे हैं। लेकिन, खातों में पैसा नहीं आने से उन्हें मायूसी हो रही है। मनरेगा मजूदरों की गृहस्थी की गाड़ी मजदूरी से मिलने वाले पैसों से ही चलती है।


स्वार ब्लॉक में तालाब की खोदाई करते मनरेगा मजदूर। ● अमृत विचार

मनरेगा मजदूर बांके लाल का कहना है कि मजदूर की मजदूरी उसका पसीना सूखने से पहले मिल जानी चाहिए, तभी मजदूर को राहत मिलती है। मुस्तकीम बताते हैं कि दो माह से उनके खातों में पैसा नहीं आने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### तालाबों की खोदाई से डार्क जोन से बाहर आए चार ब्लॉक

गांवों में लोगों ने तालाबों पर कब्जे कर लिए गए थे। प्रशासन ने तालाबों को कब्जा मुक्त करा लिया है। कब्जा किए गए तालाबों को पाट देने से भू-गर्भ जल स्तर गिर गया था। इसके चलते जिले के चार ब्लॉक डार्क जोन में आ गए थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर तालाबों को कब्जा मुक्त कराया गया। तालाबों पर मनरेगा मजदूरों द्वारा खोदाई कराई गई। इससे सैदनगर, चमरौआ, स्वार और शाहबाद ब्लॉक में भू गर्भ जल स्तर सामान्य हो गया। जिले में 343 तालाबों की खोदाई का कार्य होना अभी शेष है।

> विकास खंडों में श्रमिकों का 32.79 लाख रुपये का भुगतान किया जाना शेष है। श्रमिकों को कार्यक्रम अधिकारी द्वारा एफटीओ के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। मनरेगा मजदूर को 237 रुपये मजदूरी और एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन काम की गारंटी दी जाती है। जिले में डेढ़ लाख कार्ड धारक मनरेगा मजदूर हैं।
>
> –इंद्रपाल सिंह, एपीओ, मनरेगा

### इन ब्लॉकों के मजदूरों का रुका है पैसा

| ब्लॉक | रुका हुआ धन |
|---|---|
| बिलासपुर | 2.71 लाख रुपये |
| चमरौआ | 5.83 लाख रुपये |
| मिलक | 12.37 लाख रुपये |
| सैदनगर | 1.47 लाख रुपये |
| शाहबाद | 7.45 लाख रुपये |
| स्वार | 2.97 लाख रुपये |

# योगा चैंपियनशिप में बच्चों ने दिखाया दमखम

### ट्रेडिशनल योगासन सब जूनियर बालक वर्ग में यशदीप प्रथम, सब जूनियर गर्ल्स में सेंटमेरी की स्तुति केशरवानी को मिला पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में बच्चों ने दम दिखाया और संगीत की धुन पर योगासन किया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि बच्चों को खेलकूद और योगासन में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। इससे शरीर मस्तिष्क स्वस्थ्य रहता है। स्वस्थ्य रहने पर किसी प्रकार की कोई बीमारी भी जन्म नहीं लेती है।

नैनीताल रोड स्थित बमनपुरी स्टेडियम में इससे पहले डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार और विशिष्ठ अतिथि मनोज कुमार पाठक ने किया। ट्रेडिशनल योगासन सब जूनियर बालक वर्ग में यशदीप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि, यशदीप खत्री ने द्वितीय और मोहम्मद मुनीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ट्रेडिशनल सब जूनियर गर्ल्स में सेंट मेरी स्कूल की स्तुति केसरवानी प्रथम, यूपीएस पसियापुरा की दरक्षा द्वितीय और यूपीएस पसियापुरा की महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में पुरस्कार के साथ मौजूद विजेता। ● अमृत विचार


मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को प्रतीक चिह्न देतीं शिक्षिका।

आर्टिस्टिक सिंगल सब जूनियर बालक वर्ग में अर्जुन प्रथम और यशदीप द्वितीय स्थान पर रहे। आर्टिस्टिक सिंगल सब जूनियर गर्ल्स में परिधि शर्मा ने गोल्ड, स्तुति केसरवानी ने सिल्वर और दिशा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। ट्रेडिशनल जूनियर बालक वर्ग में साहिल प्रथम और ट्रेडिशनल सीनियर बालक वर्ग में अनिल आर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ट्रेडिशनल सीनियर गर्ल्स में सुमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंतरा यादव ने आर्टिस्टिक सीनियर गर्ल्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ट्रेडिशनल सीनियर मास्टर (ए) में अनीस को प्रथम स्थान मिला। ट्रेडिशनल सीनियर मास्टर (बी) में अमरपाल ने प्रथम, नितिन कुमार ने द्वितीय और योगेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ट्रेडिशनल सीनियर मास्टर (सी) में ज्योति खुराना को प्रथम स्थान मिला। अनु आर्य ने ट्रेडिशनल बालिका सीनियर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### विजयी खिलाड़ियों को दिया पुरस्कार

राजकीय इंटर कालेज सैजनी नानकार के प्रधानाचार्य अरविन्द भास्कर, राजकीय शारीरिक एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रधानाचार्य जमील अहमद, बलराम सिंह, मोनिका शर्मा, रेनू वर्मा, जया गंगवार, मोनिका खन्ना, डा. अनूप सिंह, मनोज कुमार, फरहत खां आदि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। संचालन अनीता शुक्ला ने किया। स्वागत जिला योगासन खेल संघ की अध्यक्ष डॉ. वंदना शर्मा ने किया। नेहा श्योरान टेक्निकल ऑब्जर्वर योगासन, भारत, नौबहार सिंह, जोगिंदर सिंह के निर्देशन में प्रतियोगिता का निर्णय सतीश, रवि चौधरी, अमरपाल, ज्योति खुराना, अनु आर्य ने किया। सफल आयोजन के लिए सचिव मीनाक्षी रानी ने खिलाड़ियों, निर्णायकों तथा अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## गोवंश पर खर्च करने को 50 रुपए प्रतिदिन दे रही सरकार : धर्मपाल

**रामपुर, अमृत विचार** : भारतीय गोरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी और गो रक्षा वाहिनी युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री शाहरुन खां ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात की।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री की सहभागिता योजना के तहत गो-आश्रय स्थलों से इसी ब्लॉक का रहने वाला व्यक्ति एक से लेकर चार गोवंश तक पालने के लिए ले सकता है। प्रति गोवंश पर सरकार द्वारा 50 रुपए प्रति दिन दिए जा रहे हैं। बशर्त उस व्यक्ति के पास गोवंश के लिए पर्याप्त स्थान एवं खिलाने के लिए पर्याप्त चारा होना चाहिए। गोवंश के अस्वस्थ या मृत्यु होने पर गोवंश पालक को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराना होगा। धर्मपाल सिंह लोधी ने कहा कि यदि जनता को इस बारे में जानकारी नहीं है तो वह गो रक्षा वाहिनी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ले सकते हैं।

# ट्रेकिंग में मंडल के 13 यूनिट लीडर शामिल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : भारत स्काउट और गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली की ओर से आयोजित नेशनल लेवल नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन सोमवार से शुरू हो गया। यह 31 मई तक चलेगा। इसमें मुरादाबाद मंडल के 13 यूनिट लीडरों ने प्रतिभाग किया। इनमें बेसिक विभाग से 11 शिक्षक-शिक्षकाएं और दो ओपन सदस्य भी शामिल रहे।

भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय के प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डा. प्रभात कुमार ने प्रदेश से प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों को बधाई दी। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन गाइड सितारा त्यागी ने प्रतिभागियों को नेशनल लेवल नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग प्रोग्राम मे प्रतिभाग करने के लिए उत्साहवर्धन किया। कहा कि यह मुरादाबाद मंडल के लिए गर्व की बात है। जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह ने प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश सैनी, निदा खुशनुद, भुजवीर सिंह, नितिन राजपूत, सैयद आफाक हुसैन, प्रनव कुमार, आरपी सिंह, फखरूद्दीन, गिरिराज सिंह, श्वेता, करिश्मा, बुशरा खुशनुद, सचिन पाल आदि मौजूद रहे।


बच्चों को नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग की जानकारी देते स्काउट अधिकारी। ● अमृत विचार

### कार्यक्रम

- नेशनल लेवल नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग शुरू
- सहायक प्रादेशिक संगठन गाइड ने प्रतिभागियों को किया प्रोत्साहित

## गर्मी में नगर के 12 प्याऊ खराब, डीएम से शिकायत

**रामपुर, अमृत विचार** : रानास की ओर से शहर में लगवाए गए प्याऊ में करीब 12 बंद पड़े हैं। भीषण गर्मी में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संस्था के प्रभारी ने डीएम से इन्हें सही कराने की मांग की है। कहा कि मैकेनिक एसी सही कर रहे हैं मगर प्याऊ को ठीक करने नहीं आ रहे हैं। रामपुर नागरिक समाज के सेवा प्रभारी सतीश भाटिया ने लोगों के सहयोग से शहर में 116 प्याऊ लगवाए थे। इनमें से 12 प्याऊ खराब हैं। सेवा प्रभारी सतीश प्याऊ सही कराने के लिए कई बार मैकेनिकों से संपर्क किया, लेकिन मैकेनिक एसी सही करने के कारण प्याऊ की मरम्मत करने नहीं आ रहे हैं। इस समय नौतपा काल चल रहा है। प्रत्येक व्यक्ति गर्मी से बेहाल है। जिलाधिकारी को पत्र भेजकर प्याऊ सही कराने की मांग की है।

# बढ़े हुए बिजली बिलों को ठीक कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में व्यापारी एकत्र होकर अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पहुंचे। अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर बढ़े हुए बिजली बिलों को दुरुस्त कराने की मांग की। कहा कि बढ़े हुए बिजली के बिल देखकर व्यापारी वर्ग परेशान है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में व्यापारी पनवड़िया बिजली घर पर अधीक्षण अभियंता विद्युत से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कई दिन पहले आपकी गैर मौजूदगी में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया था। इस पर आपने उचित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अधिशासी अभियंता इमरान खान ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से मुलाकात करके उनकी समस्याओं को सुना था। बाजारों में जाकर कर्मचारियों द्वारा गलत तरीके से लगाए खंभों को भी देखा था। एचटी लाइन घरों से सटाकर बनाई जा रही थी। उस कार्य को रुकवाया था।15 दिन तक उसे काम को रोक दिया गया था। इस भीषण गर्मी में विद्युत लाइनों को बदलवाने का कार्य करने के नाम पर कटौती की जा रही थी। उस पर रोक लगाई गई है। लेकिन बिजली के बिलों में समस्या आ रही है। लोगों के बिजली के बिल सही नहीं हो पा रहे हैं। इसमें ऑनलाइन ऑप्शन नहीं आ रहा है। ताकि बिजली के बिल ठीक हो सकें। जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की। अधीक्षण अभियंता ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा उठाई गई व्यापारियों की समस्या को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई का आदेश दिया।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने अधीक्षण अभियंता को सम्मानित किया। इस मौके पर महामंत्री शाहिद शम्सी, नगर मीडिया प्रभारी मोहम्मद हारिस शमसी, जगन्नाथ चावला, प्रदीप खंडेलवाल, हरीश अरोड़ा, इमरान, सलीम, बिलाल शमसी, राम गुप्ता, मुकेश, आर्य, अनिल, तौसीफ खान, मोहसिन खान, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, सुदेश यादव, नजमी खान आदि मौजूद रहे।


अधीक्षण अभियंता से वार्ता करते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

- बिल बढ़कर आने से व्यापारियों को हो रही परेशानी
- अधीक्षण अभियंता विद्युत को सौंपा ज्ञापन

**मौसम** रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, फसलों में उचित सिंचाई कर खेत में नमी बनाए रखें किसान

# 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा पारा, आसमान से बरसी तपिश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : आसमान से तपिश बरसी और पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक रहा। रात में हल्की पवन चलने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। गर्मी बढ़ने से लोग व्याकुल रहे। बिजली जाने पर लोगों ने हाथ के पंखे से हवा करके पसीना सुखाया। इसके अलावा लोगों ने मटकों का ठंडा पानी पीकर प्यास बुझाई। सड़कों पर लोगों ने कोल्ड ड्रिंक के सापेक्ष बेल का शरबत और गन्ने का जूस पीकर प्यास बुझाई।

सोमवार को सुबह से ही आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा। लोगों ने दोपहर की गर्मी से राहत पाने के लिए लस्सी और मटके का ठंडा पानी पीकर राहत पाई। पूरे दिन लोग पसीना-पसीना होते रहे। सड़के सुनसान रहीं। जरूरी कार्यों से ही लोग घरों और दफ्तरों के बाहर निकले। सड़कों पर लोग छाता और अंगोछा पहनकर चले। सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया।

इसके चलते लोग गर्मी से बेचैन रहे। मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही की मानें तो अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।


गर्मी से बचने के लिए बच्चे के साथ छाता लगाकर जाती महिला। ● अमृत विचार

### भिंडी की तुड़ाई के बाद फसल में डालें यूरिया

कृषि वैज्ञानिक डा. लक्ष्मीकांत ने बताया कि सब्जी उत्पादक किसान भिंडी की फसल में तुड़ाई के बाद पांच से दस किलो की दर से यूरिया डालें और माही कीट की निरंतर निगरानी करते रहें। अधिक कीट मिलने पर ईथियान 1.5 से 2 मिली. एक लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। रबी की फसलों की कटाई के बाद खेतों की गहरी जुताई के लिए यह मौसम अनुकूल होता है। यह खरपतवार के बीजों और कीड़ों के अंडों और प्यूपा को नष्ट करने में मदद करता है।

### हाल-ए-मौसम

| | |
|---|---|
| अधि. तापमान | 44 डिग्री सेल्सियस |
| न्यून. तापमान | 28 डिग्री सेल्सियस |
| आर्द्रता | 38 प्रतिशत |
| वायु वेग | 14 किमी. प्रतिघंटा |

> पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने और लू चलने का अनुमान है। दिन का तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस और का तापमान 30 डिग्री तक पहुंचेगा। तेज गर्मी व लू की दशा में गन्ना, मक्का, सब्जी और अन्य खड़ी फसलों में सिंचाई कर उचित नमी बनाए रखें।
>
> – डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ

# संजू बने लघु उद्योग प्रकोष्ठ व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक तिलक नगर कॉलोनी में हुई। इसमें उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि व्यापारियों व आम जनता को ताकत देने के लिए संगठन का विस्तारीकरण मजबूती से किया जा रहा है।

तिलक नगर कालोनी स्थित कार्यालय पर सोमवार को हुई पदाधिकारियों की बैठक में लघु उद्योग प्रकोष्ठ व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ज्वालानगर निवासी संजू शर्मा को मनोनीत किया गया। शाहबाद गेट निवासी दिलशाद अहमद को लघु उद्योग प्रकोष्ठ का नगराध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पदाधिकारियों ने एकमत व एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ देश में उद्योग और व्यापार का विकास कराकर व्यापारी समाज को मजबूती दी। साथ ही देश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत की है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राज बहादुर यादव, राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, मेराज हुसैन, बाबू अली, महफूज हुसैन, शाहिद अली, हरिओम सैनी, पप्पू खान, अवधेश शर्मा, अब्दुल बासित, इमरान खान, विजय अग्रवाल, नजाकत अली, विजय सैनी, सरदार मंजीत सिंह, सिंपल, अतुल शर्मा, सरदार सतपाल सिंह, टीटू, रिंकू अरोड़ा, हंसराज अरोरा, प्रवीण गुर्जर, संकेत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



नए पदाधिकारियों को सम्मानित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी। ● अमृत विचार

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 28 मई 2024
वर्ष 5, अंक 63, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चक्रवात : समुद्र का खौफ या मौसम का कहर... 14

तृप्ति की फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज 13

## पुणे कार हादसा : डॉक्टरों ने पैसे के लिए बदली रिपोर्ट, तीन गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी

पुणे पोर्श कार हादसे में नाबालिग की ब्लड सैंपल रिपोर्ट बदलने के मामले में सोमवार को क्राइम ब्रांच ने दो डॉक्टर्स समेत तीन को गिरफ्तार किया है। स्थानीय अदालत ने 30 मई तक तीनों को पुलिस की हिरासत में भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि अरेस्ट किए गए ससून जनरल हॉस्पिटल के फोरेंसिक डिपार्टमेंट के हेड डॉ. अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हैलनोर पर नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल बदलने का आरोप है। तीसरे आरोपी का नाम अतुल घटकांबले है। उस पर आरोप है कि उसने डॉक्टरों की मदद की। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (छोटे मामलों) ए.ए.पांडे की अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को 10 दिन तक पुलिस हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। पुलिस ने अदालत को बताया कि खून के नमूनों को बदलने के एवज में पैसों की लेनदेन हुई है और उसे इस मामले में आरोपियों के घरों की तलाशी लेनी है। इसके बाद अदालत ने तीनों आरोपियों को 30 मई तक के लिए पुलिस की हिरासत में भेज दिया।



- ससून अस्पताल के दो चिकित्सक और एक कर्मी को कोर्ट ने 30 मई तक हिरासत में भेजा

### डॉक्टर ने कबूली सैंपल बदलने की बात

पुलिस ने कहा कि हमने नाबालिग के एल्कोहल ब्लड टेस्ट 2 अलग-अलग अस्पताल में कराए थे। ससून अस्पताल में कराई गई जांच में रिपोर्ट निगेटिव आई थी, लेकिन दूसरे अस्पताल से मिली रिपोर्ट से उसके नशे में होने की पुष्टि हुई थी। पब के सीसीटीवी में भी वह शराब पीते दिखा था।

## प. बंगाल में रेमल ने मचाई भीषण तबाही, चार की मौत

- 2400 पेड़ व बिजली के खंभे उखड़े

**135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा, कोलकाता हवाई अड्डा 21 घंटे रहा बंद**

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान रेमल ने तट से टकराने के बाद भीषण तबाही मचाई। इस दौरान 135 किमी की रफ्तार से चली हवा और बारिश से चार लोगों की मौत हो गई। तूफान के कारण कोलकाता के कुछ हिस्सों में पानी भर गया।

राज्य में 2400 से ज्यादा पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गये, जिससे महानगर में जनजीवन प्रभावित हुआ है। कोलकाता पुलिस ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा चक्रवात रेमल से शहर के कई इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हमारे आपदा प्रबंधन समूह के कर्मी और विभिन्न पुलिस थानों के कर्मी यातायात को सुचारु रूप से चालू रखने के लिए तूफान में गिरे कई पेड़ों को हटाने के लिये पूरी रात प्रयास कर रहे हैं। मध्य कोलकाता में एक घर की छत का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दक्षिण 24 परगना के मौसुनी द्वीप में एक महिला पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई और पूर्व वर्धमान के मेमारी में एक पिता-पुत्र की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। कोलकाता हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन 21 घंटे तक बंद रहा।



चक्रवात तूफान के कारण सड़क पर गिरे पेड़ को हटाते कर्मचारी।

### बंगलादेश में 7 की मौत

**ढाका।** भीषण चक्रवातीय तूफान रेमल के कारण बंगलादेश के अलग-अलग स्थानों पर प्रचंड आंधी आने और मूसलाधार वर्षा होने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई। इस बीच दो लोगों के लापता होने की भी रिपोर्ट है। बंगलादेश मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दक्षिणी बंगलादेश के तटों पर शक्तिशाली तूफान ने स्थानीय समयानुसार करीब आठ बजे दस्तक दी।

### 15,000 घर प्रभावित

मौसम विभाग के अनुसार तूफान के धीरे-धीरे और कमजोर पड़ने के आसार हैं। 24 ब्लॉक (प्रखंड) और 79 नगरपालिका वार्ड में करीब 15,000 घर प्रभावित हुए हैं जिनमें अधिकतर दक्षिणी तटीय इलाकों में हैं। चक्रवाती तूफान रेमल से बंगलादेश और पश्चिम बंगाल के बीच भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आयी हैं। तूफान 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आया और भारी बारिश हुई।

### एक नजर

#### डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. कामत को एक वर्ष का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डी डी आर एंड डी) के सचिव डॉ. समीर वी कामत का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने डॉ. कामत का कार्यकाल एक जून से अगले वर्ष 31 मई तक बढ़ाने के रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

#### युवराज सिंह ने निजता के उल्लंघन पर रियल एस्टेट फर्म को भेजे नोटिस

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने निर्माण परियोजनाओं को बढ़ावा देने में उनके निजता अधिकारों के कथित उल्लंघन और राष्ट्रीय राजधानी में उन्हें घर का कब्जे देने में देरी के लिए दिल्ली की दो रियल एस्टेट फर्म को अलग-अलग कानूनी नोटिस भेजे हैं। क्रिकेटर की ओर से दिल्ली स्थित लॉ फर्म रिजवान लॉ एसोसिएट्स द्वारा भेजे गए कानूनी नोटिस में से एक में परियोजना को पूरा करने में कथित देरी के लिए मुआवजा भुगतान की मांग की गई है। नोटिस के अनुसार, क्रिकेटर ने 2020 में हौज खास में एक रियल एस्टेट फर्म की परियोजना में एक घर बुक किया था।

# गर्मी से हाहाकार, नौ की मौत

## लखनऊ में तीन और कानपुर मंडल में 5 तो हापुड़ में एक की गई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/कानपुर

**अमृत विचार :** नौतपा के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी से हाहाकार मच गया। राजधानी लखनऊ और कानपुर, हापुड़ में हीट वेव और तपिश के चलते 9 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। सोमवार को बुंदेलखंड के झांसी में अधिकतम तापमान 48.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक था।

हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री मापा गया जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। लखनऊ में तापमान 44 के पार चला गया। लखनऊ में भीषण गर्मी से बेसुध होकर गिरे तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं कानपुर नगर व कानपुर देहात, हमीरपुर, औरैया व उन्नाव में एक-एक लोगों की मौत हो गई। सोमवार शाम चार बजे चारबाग स्टेशन रोड पर ऑटो चालक राम सिंह, सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में निजी सुरक्षाकर्मी चंद्र मोहन गुप्ता (50) और गुडंबा में ठेला चालक राम प्रसाद (55) अचानक बेसुध होकर गिरने के बाद दम तोड़ दिया। हमीरपुर में राठ डिपो के चालक कृष्णगोपाल व उन्नाव डिपो की खाली बस लेकर लौटते समय रोडवेज बस चालक निर्मलेश की लू की चपेट में आने से मौत हो गई। वह बारासगवर के बारा गांव का रहने वाला था। औरैया वासी दिव्यांग साधू की लू लगने से तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। कानपुर देहात के भोगनीपुर निवासी देवकरन (70) की लू की चपेट में आने से मौत हो गई। बिहार के पटना तखरा निवासी सुरेंद्र कानपुर के पनकी स्थित एक भट्ठे पर काम करता था। लू लगने से रविवार को अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं हापुड़ में भी गर्मी से एक मौत हुई। भीमनगर निवासी राजीव पुत्र यादराम (25) छह साल से बीमार थे। सीएचसी में दवा लेकर लौटते समय गिर पड़े, जिससे उनकी मौत हो गई।



**48.1°** झांसी

**46.2°** हमीरपुर

**44°** मुरादाबाद

### मौसम विभाग की सलाह बेवजह बाहर न निकलें

मौसम विभाग ने कहा- सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक जरूरत न हो तो घर से बाहर न निकलें। बाहर निकलना भी है, तो पानी पीकर ही निकलें। खाली पेट न रहें। सिर को सफेद कपड़े से ढक कर ही निकलें और हल्के कपड़े पहनें। बच्चे और बुजुर्ग बाहर जाने से बचें।

> सीएमओ की जांच में हीट वेव से मौत की पुष्टि होने पर 4-4 लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। - **अमर सिंह,** आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ

### जून महीने में सामान्य से अधिक रहेगा तापमान

**नई दिल्ली।** आईएमडी ने कहा कि 30 मई के बाद नई दिल्ली समेत उत्तर पश्चिमी भारत में बारिश होने से अस्थाई तौर राहत तो मिलेगी लेकिन जून महीने में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। जून माह में लोगों को भीषण गर्मी का समाना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय मोहपात्रा ने बताया कि राजस्थान और गुजरात में पिछले दिनों हीटवेव चलने से तापमान 45 से 50 के बीच रहा है। वहीं, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब में पांच से सात दिन हीटवेव चली है, जिसमें तापमान 44 डिग्री से 48 डिग्री तक रहा है। महापात्रा ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से नमी आने के कारण देश के उत्तर पश्चिम और मध्य भागों में गरज के साथ वर्षा होने और पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि, महापात्रा ने यह भी कहा कि यह राहत अस्थायी होगी और जून में गर्मी के साथ उमस भी बढ़ेगी।

## केजरीवाल ने किया अंतरिम जमानत बढ़ाने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अचानक अपना वजन छह से सात किलोग्राम कम हो जाने के चलते कई चिकित्सकीय जांच कराने के लिए उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत की अवधि सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया है।



केजरीवाल ने 26 मई को दायर अपनी याचिका में कहा कि वह 3 जून से 7 जून तक चिकित्सा संबंधी जांच कराएंगे और फिर उसी हफ्ते के अंत में 9 जून को आत्मसमर्पण कर देंगे। याचिका में कहा गया है कि उनका वजन छह से सात किलोग्राम कम हो गया है और उनका कीटोन स्तर बहुत अधिक है, जो गुर्दा (किडनी), हृदय की गंभीर बीमारी और यहां तक कि कैंसर का संभावित संकेतक है। इस दौरान पैट-सीटी स्कैन सहित कुछ चिकित्सकीय जांच कराने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने 10 मई को, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को प्रचार करने के लिए एक जून तक यानी 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी, जिसके अनुसार उन्हें दो जून को जेल लौटना है।

## मेरठ के सपा विधायक रफीक अंसारी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मेरठ से समाजवादी पार्टी विधायक रफीक अंसारी को सोमवार को बाराबंकी पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक पुराने मामले में 101 बार नोटिस जारी होने के बाद भी रफीक अंसारी कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसके बाद बाराबंकी की जैदपुर थाना पुलिस ने अहमदपुर टोल प्लाजा से विधायक को गिरफ्तार कर लिया। रफीक अंसारी मेरठ शहर से सपा से दूसरी बार विधायक बने हैं। मेरठ पुलिस की टीम विधायक को अपने साथ लेकर रवाना हो गई।

दरअसल, यह मामला साल 1995 में मेरठ के नौचंदी पुलिस थाने में 35-40 अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था। जांच के बाद 22 आरोपियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र दायर प्रस्तुत किया था और उसके बाद आवेदक अंसारी के खिलाफ एक और पूरक आरोप पत्र दायर किया गया था। जिस पर संबंधित अदालत ने अगस्त 1997 में संज्ञान लिया। विधायक रफीक अंसारी के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट मेरठ से आइपीसी की धारा 147, 436 और 427 के तहत विचाराधीन आपराधिक केस में जारी वारंट को चुनौती दी गई थी।



- 101 बार गैर जमानती वारंट के बाद भी नहीं हुए थे हाजिर
- जज बोले- यह खतरनाक और गंभीर मिसाल

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

मेरठ के सपा विधायक रफीक अंसारी को विशेष न्यायाधीश एसीजेएम फर्स्ट एमपी/एमएलए कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सोमवार रात मामले 40 मिनट तक सुनवाई हुई। विधायक ने जमानत के लिए अर्जी लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। वकील ने मेडिकल इश्यू बताते हुए रफीक अंसारी को जेल के हॉस्पिटल में रखने की अपील की थी।

## सेक्स स्कैंडल मामले में एसआईटी के समक्ष 31 को पेश होगा प्रज्ज्वल

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में सेक्स स्कैंडल के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना ने सोमवार को कहा- मैं 31 मई को एसआईटी के सामने पेश हो जाऊंगा। मेरे खिलाफ लगे सभी आरोप झूठे हैं। विदेश जाने के ठीक एक महीने बाद प्रज्जवल ने वीडियो जारी कर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि मुझे अदालत पर भरोसा है और विश्वास है कि मैं अदालत के जरिए झूठे मामलों से बाहर आऊंगा। प्रज्वल का यह बयान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और उनके दादा की गुरुवार 23 मई को दी चेतावनी के 3 दिन बाद आया। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि वे भारत लौट आएं और जांच का सामना करें। उन्होंने यह दावा भी किया कि इस मामले की जांच में उनके और उनके परिवार की तरफ से कोई दखलंदाजी नहीं की जाएगी। कर्नाटक के हासन से जद(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों की जांच जारी है। प्रज्जवल ने मामलों को झूठा और राजनीतिक साजिश का हिस्सा बताते हुए कहा कि वह अवसाद में चले गये थे। कन्नड़ टीवी चैनल एशियानेट सुवर्ण न्यूज पर प्रसारित वीडियो बयान में प्रज्वल रेवन्ना ने कहा कि मैं न्यायालय के माध्यम से झूठे मामलों में निर्दोष साबित होकर दिखाऊगा।



- विदेश जाने के एक महीने बाद प्रज्जवल ने वीडियो जारी कर रखी बात

### कुछ लोग राजनीति में बढ़ने से रोकना चाहते हैं

प्रज्वल ने कहा जैसे-जैसे मैं राजनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा हूं, मुझे कमतर करने के लिए, वे सभी एक साथ आ गए हैं। इन सभी चीजों को देखकर, मैं चौंक गया था और थोड़ा दूर हो गया था। हासन लोकसभा सीट पर मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को प्रज्वल कथित तौर पर जर्मनी चले गए थे और अब भी फरार हैं।

## अदालत ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज की

नई दिल्ली, एजेंसी

सांसद स्वाती मालीवाल से मारपीट के मामले में दिल्ली कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मुख्यमंत्री के निजी सहायक कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है।

सुनवाई के दौरान, राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने अदालत से कहा कि अगर कुमार को रिहा किया गया, तो उनकी जान को खतरा है और उनके परिवार को गंभीर खतरा है। मालीवाल ने दावा किया कि घटना के बारे में एक यूट्यूबर द्वारा एकतरफा वीडियो बनाया गया था, जिसके बाद उन्हें धमकियां मिलनी शुरू हो गईं। उन्होंने कुमार के निर्दोष होने पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कुमार ने अपना फोन फॉर्मेट कर दिया था और घटना की सीसीटीवी फुटेज डिलीट कर दी थी।

दिल्ली कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद बिभव कुमार उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।



- मालीवाल ने कहा- बिभव रिहा हुआ तो उनकी जान को खतरा

## गेमिंग जोन हादसा : हाईकोर्ट ने कहा सरकारी मशीनरी से भरोसा उठ चुका

अहमदाबाद, एजेंसी

- अदालत ने राजकोट नगर निकाय को फटकार लगायी

गुजरात उच्च न्यायालय ने गेम जोन में लगी आग से 27 लोगों की मौत को लेकर सोमवार को राजकोट नगर निकाय को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अब उसका राज्य मशीनरी पर से भरोसा उठ गया है जो केवल तब हरकत में आती है जब मासूम लोगों की जान चली जाती है।

अदालत ने गेम जोन के संचालन में कथित खामी को लेकर राजकोट नगरपालिका परिषद (आरएमसी) को आड़े हाथ लेते हुए पूछा कि जब उसके क्षेत्र के अंतर्गत इस तरह का बड़ा ढांचा तैयार किया जा रहा था तब क्या उसने आंखें मूंद रखी थीं? अदालत ने यह टिप्पणी आरएमसी के वकील के अदालत में यह कहने पर की कि टीआरपी गेम जोन ने अपेक्षित अनुमति नहीं मांगी थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की विशेष पीठ ने पूछा कि क्या नगर निकाय एक जनहित याचिका पर आग से सुरक्षा संबंधी पारित आदेशों को 18 महीने तक दबाए बैठा रहा। विशेष पीठ स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। एक दिन पहले उच्च न्यायालय ने इस घटना को प्रथम दृष्टया मानव जनित आपदा करार दिया था। उच्च न्यायालय ने पूछा कि क्या राज्य द्वारा गठित एसआईटी उन परिवारों की भावनाओं को पर्याप्त रूप से शांति प्रदान करेगी जिन्होंने इन मानव जनित त्रासदियों में अपने रिश्तेदारों को बार-बार खोया है।

### सात अधिकारी निलंबित

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने राजकोट स्थित गेम जोन में आग लगने की घटना के मामले में सात अधिकारियों को निलंबित करने का सोमवार को आदेश दिया। इन अधिकारियों को आवश्यक स्वीकृति के बिना इस गेम जोन का संचालन होने देने में घोर लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया गया है।

## पेड़ से टकराई बाइक, बेटा बेटी और पिता की मौत

संवाददाता, नूरपुर (बिजनौर)

- बिजनौर के गोहावर गांव के पास हुआ हादसा, मुरादाबाद से मुजफ्फरनगर लौट रहा था परिवार

**अमृत विचार :** मुरादाबाद में रिश्तेदार के यहां से मुजफ्फरनगर अपने घर लौट रहे दंपती की बाइक वाहन से बचने के प्रयास में गोहावर गांव के पास पेड़ से टकरा गई। हादसे में बेटा-बेटी व पिता की मौत हो गई। मृत बच्चों की मां की हालत गंभीर है। मेरठ रेफर किया गया है।

जनपद मुजफ्फरनगर के मीरपुर थाना क्षेत्र के गांव चचौड़ निवासी शब्बू (32) पत्नी परवीन जहां व बेटा कासिफ और आठ माह की बेटी कासिफा के साथ मुरादाबाद के खुशहालपुर में अपनी रिश्तेदारी में आया था। लौटते समय दोपहर डेढ़ बजे मुरादाबाद मार्ग पर गोहावर चौराहे से कुछ आगे पहुंचे तो सामने से आ रहे किसी वाहन से बचने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो वर्षीय कासिफ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति-पत्नी व बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान शब्बू व उसकी बेटी कासिफा की भी मौत हो गई। घायल परवीन जहां को उपचार के लिए मेरठ में भर्ती कराया गया है।

## शेयरों में लाभ का लालच देकर 1.07 करोड़ ठगे

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में शेयरों की खरीद-फरोख्त में उच्च मुनाफे का लालच देकर 48 वर्षीय एक व्यक्ति से कथित तौर पर 1.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में रविवार को एक ऐप और एक वेबसाइट के मालिकों सहित 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और जांच की जा रही है। नवी मुंबई साइबर पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने बताया कि जालसाजों ने खारघर के रहने वाले पीड़ित से 13 फरवरी से लेकर 5 मई के बीच विभिन्न मौकों पर उससे संपर्क किया।

## माफिया मिट्टी में मिले तो आने लगा लाखों करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो/एजेंसी, लखनऊ

**मुख्यमंत्री ने घोसी, बलिया, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी में की चुनावी जनसभाएं**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में मऊ में घोसी, बलिया, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी लोकसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार करते हुए जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जहां प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस और सपा की नाकामियां गिनायीं वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को भी जनता के सामने रखा।

गाजीपुर में मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र. से माफिया का सफाया करने के बाद पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को नौकरी भी मिलेगी। कहा कि सपा के लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। योगी आदित्यनाथ ने मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं।

मऊ में मुख्यमंत्री ने लोगों को इंडी गठबंधन से सावधान करते हुए कहा कि यह देश बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा। यहां उन्होंने लोस प्रत्याशी डॉ. अरविंद राजभर के पक्ष में वोट की अपील की। सोनभद्र में योगी ने अपील की कि लोस चुनाव में रॉबटर्सगंज और विस चुनाव में दुद्धि भी देश की आवाज के साथ जुड़ेगा। रिंकी कोल को कप प्लेट चुनाव निशान पर मिला वोट दिल्ली में पीएम मोदी और श्रवण गौड़ को कमल पर वोट सीधे मेरे पास आएगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोनभद्र में चुनावी रैली को संबोधित करने से पहले यहां के स्थानीय उत्पाद बांस की बनी टोपी, तीर-धनुष और वाद्य यन्त्र के साथ उत्साहित दिखे।

### साल के अंत तक शुरू हो जाएगा रोपवे

वाराणसी में जनसभा में योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को रिकार्ड तोड़ मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जहां वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। वहीं काशी में देश के सबसे बड़े रोपवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह वर्ष के अंत तक कैंट स्टेशन से विश्वनाथ धाम के लिये शुरू हो जाएगा।

## एक नजर

### रुपये हड़पने की डीएम से की शिकायत

रामपुर, अमृत विचार : सरकार द्वारा मिलने वाली योजना का लाभ किसी और को देने के मामले में मृतका के नॉमिनी ने जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी सहित एडीजी कानून एवं व्यवस्था, पुलिस महानिदेशक कार्यालय लखनऊ को भी ईमेल के माध्यम से शिकायत की है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शाहबाद थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी शाने अली ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि उसकी मां हसीन जहां प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में खाता खुलवाया था। इसमें शाने अली नॉमिनी था। आरोप है कि हसीन जहां की मौत के बाद तत्कालीन शाखा प्रबंधक खरसौल, मुख्य प्रबंधक मंडल कार्यालय मुरादाबाद और मंडल कार्यालय के अन्य अधिकारियों ने साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज के आधार पर एक अपात्र व्यक्ति मिनजार को सरकार से मिलने वाला दो लाख रुपया का क्लेम दिला दिया। इसका पता लगने पर उसके होश उड़ गए। उसने डीएम, एसपी और अन्य उच्च अधिकारियों से शिकायत की। जिलाधिकारी ने जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक को जांच सौंपी है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

## एक माह के बाद होनी थी शादी, युवक की मृत्यु से शादी के घर में पसरा मातम

संवाददाता, दढ़ियाल

● मुरादाबाद के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसकी एक महीने बाद ही शादी होनी थी। परिवार के लोग शादी की तैयारियों में जुटे थे। युवक की मौत से शादी के घर में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।


तीरथ सिंह।

नगर के मोहल्ला फत्तावाला निवासी 22 वर्षीय तीरथ सिंह तोमर पुत्र नन्हुआ सिंह तोमर अपने दोस्त अर्पित पुत्र महिपाल निवासी मोहल्ला पीपल टोला के साथ बुधवार की सुबह ई-रिक्शा में सब्जी भरवाने के बाद बाइक पर सवार होकर स्वार की मंडी जा रहा था। स्वार- मुंशीगंज मार्ग पर सामने से आ रही ई-रिक्शा से उनकी बाइक की टक्कर हो गई थी। हादसे में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई थी और उस सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए थे। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई थी। सूचना पाकर पुलिस और परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। परिजन युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उपचार के लिए काशीपुर ले गए थे। वहां से हालत नाजुक बताते हुए चिकित्सकों ने तीरथ को मुरादाबाद रेफर कर दिया था। इसके बाद परिजनों ने उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान रविवार की देर रात तीरथ ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

### छह बहन-भाइयों में दूसरे नंबर का था तीरथ

तीरथ सिंह की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता नन्हुआ ने बताया कि उनकी दो बेटी और चार बेटे हैं। तीरथ सिंह दूसरे नंबर का बेटा था। एक माह बाद ही बिलासपुर निवासी युवती से उसकी शादी होने वाली थी। शादी की तारीख भी तय हो चुकी थी। परिजन शादी की तैयारियों में जुटे थे। भाई की शादी में पहने के लिए बहनें रंग-बिरंगे सूट सिलवा रही थीं। लेकिन सोमवार को तीरथ का शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार की रात युवक की मौत के बाद शादी की तैयारी मातम में बदल गई। रोते-बिलखते परिजनों का बुरा हाल हो गया। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही युवती पक्ष के लोग भी सन्न रह गए। सोमवार की दोपहर तीरथ सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया। देर शाम तक सांत्वना देने वाले लोगों का उसके घर आना-जाना लगा रहा।

### सड़क दुर्घटनाओं में तीन महिलाओं सहित पांच घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन महिलाओं समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। क्षेत्र के गांव हामिदाबाद निवासी कलुआ अपनी पत्नी हसीन जहां के साथ बाइक पर सवार होकर नगर से गांव लौट रहा था। गांव रामनगर में तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दंपती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी ओर केमरी मार्ग पर किसी वाहन से बचने के प्रयास में बाइक पेड़ से टकरा गई। इस दौरान बाइक सवार गांव पटना थाना शहजादनगर निवासी लाखन सिंह, भाग्यवती व विनीता गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## युवती का शारीरिक शोषण करने में रिपोर्ट

**टांडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को प्रेमजाल में फंसाकर दूसरे गांव के युवक ने उसका शारीरिक शोषण किया। इस दौरान उसके अश्लील फोटो भी खींच लिए। इन्हें वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता का आए दिन शारीरिक शोषण करता रहा। अब वह शादी से मुकर गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि लालपुर सरकथल निवासी युवक से दो साल पहले उसकी जान-पहचान हुई। इसके चलते युवक का उसके घर आना-जाना शुरू हो गया। एक साला पूर्व युवक ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया और उसकी इच्छा के विरुद्ध शारिरिक संबंध बना लिए। इस दौरान उसने युवती की अश्लील तस्वीरें भी खींच ली। 10 मार्च को भी उसे घर में अकेली पाकर युवक ने जबरदस्ती संबंध बनाए। बाद में वह शादी से मुकर गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रवि कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


अभिलेखों का निरीक्षण करते एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

# लंबित विवेचनाएं निपटाने के एएसपी ने दिए निर्देश

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपराध, त्योहार व विवेचना रजिस्टर के साथ महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर रूम, मैस, बैरक, मालखाना व कार्यालय को बारीकी से जांचा। अभिलेखों में दर्ज प्रविष्टियों को भी देखा। एएसपी ने प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह को निर्देश दिए कि अराजक तत्वों पर कार्रवाई में ढिलाई न करें। अपराधियों पर कानून के हिसाब से सख्त कार्रवाई करें। गांव के संभ्रांत लोगों से संपर्क कर स्थिति का जायजा लेते रहें। इसके बाद उन्होंने कोतवाली प्रांगण में साफ-सफाई का अवलोकन किया। मामूली कमियों में सुधार के लिए निर्देशित किया। रख-रखाव भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ अतुल कुमार पांडेय, कोतवाल ओमकार सिंह आदि मौजूद रहे।

# भूमि हड़पने में पांच पर कोर्ट के आदेश से एफआईआर

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** कूटरचित दस्तावेज दर्शाकर भूमि को अपने नाम में करा लिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला चक स्वार निवासी इशितयाक हुसैन व रामपुर के सिविल लाइन के ज्वालानगर रेलवे क्रासिंग बिस्मिल्लाह बिल्डिंग निवासी मुस्तफा अहमद आपस में साले बहनोई है। दोनों ने 1978 में मुश्ताक एग्रो एंड अलाइट के नाम से उप रजिस्टार चिटस् एंड फंड्स फर्म पंजीकृत कराई थी। इशितयाक हुसैन का 1994 में निधन हो गया था। इशितयाक हुसैन के पिता मुश्ताक हुसैन ने फर्म के पक्ष में 1978 में ही एक विक्रय वाहन विलेख बनाया जिसमें दोनों आधे-आधे हिस्से के साझेदार थे। इशितयाक हुसैन ने अपने हिस्से का निर्धारित भुगतान विक्रय पंजीकृत होने से पहले ही कर दिया था। इसी बीच इशितयाक हुसैन के साझेदार मुस्तफा अहमद व अन्य लोगों ने साजिश रचकर भूमि के अभिलेखों में हेराफेरी कर ली थी। भूमि को हड़पने की नियत से उपहार विलेख अपने दो बेटों वकार बिन मुस्तफा व मोहसिन बिन मुस्तफा के नाम पर उपनिबंधक के कार्यालय में नौ सितंबर 2023 को पंजीकृत किया गया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर इशितयाक हुसैन के पुत्र सुलेमान की ओर से सिविल लाइन ज्वालानगर रेलवे क्रासिंग बिस्मिल्लाह बिल्डिंग निवासी मुस्तफा हुसैन, वकार बिन मुस्तफा, मोहसिन बिन मुस्तफा और डबल फाटक निवासी मोहम्मद हयात व मोहल्ला चक स्वार निवासी पीके गोस्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में बहस आज

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां पर दर्ज डूंगरपुर के एक और मामले में सोमवार को बहस नहीं हो सकी। अब इस मामले में मंगलवार को बहस होगी। कोर्ट ने 28 मई तक बहस का अंतिम अवसर दिया था। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हो रही है।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में कई मुकदमें दर्ज कराए थे। इनमें से तीन मुकदमों में फैसला आ चुका है। दो मामलों में सपा नेता बरी हो चुके हैं, जबकि एक मामले में उन्हें सात साल की कैद की सजा सुनाई जा चुकी है। सोमवार को डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में बचाव पक्ष ने बहस नहीं की। अब मंगलवार को बचाव पक्ष बहस कर सकता है। हालांकि 29 मई को फैसला आना है।

# दहेज की मांग पूरी न करने पर पत्नी को दिया तलाक

संवाददाता, स्वार

● पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पांच के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** दहेज में ऑल्टो कार व तीन लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर पति ने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। विरोध करने पर दहेज लोभियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का निकाह एक वर्ष पूर्व केमरी थाना क्षेत्र के गांव स्वार खुर्द का मझरा निवासी मुस्तकीम के बेटे मुरसलीन के साथ हुआ था। परिजनों ने शादी में काफी दान-दहेज भी दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। आरोप है कि ससुरालियों ने महिला से दहेज में ऑल्टो कार व तीन लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। महिला के मना करने पर ससुरालियों ने उत्पीड़न शुरू कर दिया। आए दिन मारपीट करने लगे। महिला के मायके वालों ने भी उन्हें काफी समझाया लेकिन वह नहीं माने।

महिला का आरोप है कि जेठ भी उस पर बुरी नजर रखने के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। जब उसने पति समेत ससुरालियों से जेठ की करतूत बताई तो उन्होंने उसे ही चुप रहने की हिदायत दी। विरोध करने पर ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की और पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता किसी तरह मायके पहुंची और परिजनों को सारी बात बताई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति मुरसलीन, ससुर मुस्तकीम, सास शहाना, जेठ मुकीम, जेठानी तायरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हाईकोर्ट के जमानत आदेश को अधिवक्ता ने कोर्ट में किया पेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● जमानती तस्दीक होने की कार्रवाई शुरू, जल्द बाहर आएंगी डॉ. तजीन फात्मा

**अमृत विचार :** दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में पूर्व सांसद एवं पूर्व सांसद (राज्यसभा) डॉ. तजीन फात्मा उनके पति सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को 24 मई को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। सोमवार को डॉ. तजीन फात्मा के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट के आदेश को कोर्ट में जमा कर दिया है। जमानती भी भर दिए हैं। जमानतियों की तस्दीक होने के बाद पूर्व सांसद मंगलवार या बुधवार को जेल से बाहर आ सकती हैं।


डॉ. तजीन फात्मा।

सपा नेता आजम खां ने अपने बेटे अब्दुल्ला आजम खां के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाए थे। सपा सरकार जाने के बाद सूबे में आई भाजपा सरकार ने सपा के फायर ब्रांड नेता आजम खां की घेराबंदी शुरू कर दी थी। इसके बाद भाजपा से शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खां, उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और उनके बेटे स्वार-टांडा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को आरोपी बनाया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले में कोर्ट ने 18 अक्टूबर 2023 को तीनों को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद आजम खां के अधिवक्ता ने जिला जज की कोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र लगाए थे। इसे खारिज कर दिया गया था। इसके बाद आजम खां ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए अपील की थी। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने तीनों को दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में जमानत दे दी थी। सोमवार को डॉ. तजीन फात्मा के हाईकोर्ट के जमानत के आदेश को कोर्ट में जमा कर दिया गया। जमानती भी भर दिए गए हैं।

अब उनकी तस्दीक करने का काम चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता जुबैर अहमद ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश को एमपी-एमएलए कोर्ट में दाखिल कर दिया गया है। जमानती भी भर दिए गए हैं। उनके तस्दीक होने की कार्रवाई चल रही है। इसके बाद डा. तजीन फातिमा जेल से बाहर आएंगी। गौरतलब है कि सपा नेता आजम खां सीतापुर, अब्दुल्ला आजम हरदोई और डा. तजीन फातिमा रामपुर की जिला कारागार में सजा काट रही हैं।

# सोना तस्करी के शक में जोया से कार सवार तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता, टांडा

● टांडा के एक युवक ने घर पहुंचकर सुनाई आपबीती, पुलिस कर रही इंकार

**अमृत विचार :** पल्लेदार के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। सोमवार को पटवाई पुलिस ने उसे पूछताछ के बाद छोड़ दिया। जब वह शाम को घर पहुंचा तब सारी हकीकत बयां की। सोना तस्करी में उस समेत तीन लोगों को पुलिस ने जोया में पकड़ लिया था। उन्हें कार समेत पटवाई थाने ले गई थी। पूछताछ के बाद तीनों को पुलिस ने छोड़ दिया।

नगर के मोहल्ला बरगद निवासी मुकीम उर्फ रहमान का कहना है कि वह जयपुर में पल्लेदारी करता है। वह रविवार की सुबह जयपुर से रोडवेज बस द्वारा दिल्ली पहुंचा। वहां से टांडा के लिए नगर निवासी एक व्यक्ति की आर्टिका गाड़ी चलती है। वह भी इसी में बैठ गया। इसमें पहले से ही नगर का एक युवक भी सवार था। वह कॉस्मेटिक का सामान लेने दिल्ली गया था। इसके बाद वाहन में नगर का ही एक अन्य युवक और सवार हो गया। पल्लेदार ने घर पर फोन करके बताया कि वह दिल्ली से घर के लिए चल दिया है। लेकिन जैसे ही वह जोया से निकला, पुलिस ने गाड़ी सहित सभी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस उन्हें पटवाई थाने ले आई।

उधर जब रात के 11 बजे तक पल्लेदार घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई। इस दौरान उसका फोन भी बंद हो गया। तब कार स्वामी ने लोकेशन के जरिये पता किया। तब जानकारी मिली कि गाड़ी यात्रियों सहित पटवाई थाने में खड़ी है। पुलिस ने रात भर उनसे पूछताछ की। पल्लेदार और दूसरे युवक ने सबूत पुलिस को उपलब्ध कराए। दोनों युवकों द्वारा साक्ष्य पेश करने पर पुलिस ने सोमवार की सुबह उन्हें छोड़ दिया। तीसरा युवक अपने बचाव में पुलिस को कोई भी साक्ष्य या तथ्य प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके कारण पुलिस ने सोमवार को भी उससे पूछताछ की। बाद में उसे भी थाने से रिहा कर दिया गया। पल्लेदार ने सोमवार को घर पहुंचकर परिजनों व मीडिया को अवगत कराया। मामला नगर में चर्चा का विषय बना है। वहीं दूसरी ओर पटवाई एसओ अजय शर्मा का कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। वह रोजाना बिलासपुर में ड्यूटी में जा रहे हैं। मामला सोशल मीडिया पर पूरे दिन वायरल होता रहा।

## हैरो की चपेट में आकर बालक गंभीर घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** घर में खेलने के दौरान किसान का सात वर्षीय बेटा हैरो की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव वहापुर निवासी कमरुद्दीन किसान हैं। उनके घर खेती में काम आने वाली हैरो खड़ी थी। रविवार की देर शाम उनका बेटा अरशान खेलते हुए वहां पहुंच गया। इस दौरान वह हैरो के ब्लेडों पर गिरकर घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया।


अस्पताल में भर्ती घायल अरशान।

# साढ़े चार एकड़ भूमि को कब्जा मुक्त कराया

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व की साढ़े चार एकड़ भूमि को कब्जा मुक्त कराया। दोबारा कब्जे का प्रयास करने पर कब्जाधारकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

बीते दिनों राजस्व विभाग ने तहसील के उच्च अधिकारियों को सूचना दी थी कि गांव कायमगंज में साढ़े चार एकड़ सरकारी भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। सूचना पर अधिकारियों ने छानबीन शुरू की तो पता चला कि भूमि बंजर में दर्ज है। उस पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। इसके बाद उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने नायब तहसीलदार राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम को राजस्व भूमि को कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया। सोमवार की दोपहर टीम गांव पहुंची और भूमि की पैमाइश करने के बाद बुल्डोजर चला दिया। समूची भूमि को कब्जा मुक्त कराने के बाद टीम ने राहत की सांस ली। मौके पर मौजूद कब्जाधारी पुलिस प्रशासन के चलते विरोध नहीं कर पाए। प्रशासन ने उन्हें दोबारा कब्जा करने पर जमकर हड़काया। कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस मौके पर तहसीलदार निश्चय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सचिन कुमार, रोहित सक्सेना आदि मौजूद रहे।


राजस्व की भूमि से अवैध कब्जा हटाते अधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्रवाई**

● कब्जा हटवाने के बाद टीम ने ली राहत की सांस

● दोबारा कब्जा करने पर दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

## तीन दिन बाद भी किशोरी को बरामद नहीं कर सकी पुलिस

**रामपुर, अमृत विचार:** किशोरी का अपहरण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लेकिन, तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस किशोरी को बरामद नहीं कर सकी है। किशोरी की मां लगातार थाने के चक्कर लगा रही है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक महिला का कहना है कि उसकी 17 वर्ष की बेटी को 24 मई को पास के ही मोहल्ले का रहने वाला अमन मौका पाकर अपहरण करके ले गया था। जानकारी मिलने के बाद किशोरी की मां के होश उड़ गए थे। उसने काफी जगह पर तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। बाद में आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। तीन दिन बाद भी पुलिस किशोरी का पता नहीं लगा सकी है। सदर कोतवाली के प्रभारी विजय पाल का कहना है कि दोनों के मोबाइल सर्विसलांस पर लगा दिए हैं। मोबाइल के स्विच ऑन होते ही लोकेशन पता लग जाएगी।

**दिक्कत** रात तीन बजे एचटी लाइन में आ गई थी खराबी

# चार घंटे ठप रही तीन क्षेत्रों की बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 11 हजार की लाइन में खराबी आने के कारण शाहबाद गेट, डायमंड और हाथीखाना क्षेत्र की बिजली आपूर्ति चार घंटे ठप रही। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

भीषण गर्मी ने लोगों सुख-चैन छीन लिया है। 15 दिन से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल है। उधर बिजली की आंख-मिचौली का सितम जारी है। लोकल फॉल्ट के नाम पर घंटों बिजली ठप रहती है। इसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार की रात 11 हजार की लाइन में फॉल्ट आ आने कारण शाहबाद गेट, डायमंड और हाथीखाना क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई। बिजली जाते ही उपभोक्ताओं ने कारण जानने के लिए विद्युत उपकेंद्र पर फोन करने शुरू कर दिए। इसके बाद बिजली कर्मचारी सक्रिय हो गए। आनन-फानन में शाहबाद गेट पर टूटे पड़े एचटी लाइन के तारों को सही करना शुरू कर दिया। इसके बाद करीब चार बजे आपूर्ति सुचारु हो सकी। बिजली आने के बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। इस दौरान करीब पांच हजार की आबादी प्रभावित रही।

### सिविल लाइन क्षेत्र की एक घंटा ठप रही बिजली

लोकल फॉल्ट से सिविल लाइन क्षेत्र की बिजी करीब एक घंटे ठप रही। फॉल्ट ठीक होने के बाद आपूर्ति सुचारू हो सकी। भीषण गर्मी में बार-बार बिजली का आना-जाना लोगों के लिए मुसीबत बन रहा है। सोमवार की दोपहर सिविल लाइन क्षेत्र में फॉल्ट होने के कारण करीब एक घंटे बिजली ठप रही। कूलर और एसी भी बंद हो गए। बिजली आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

> शाहबाद गेट, डायमंड और हाथीखाना क्षेत्र की बिजली काफी समय तक बंद रहने की कोई जानकारी नहीं है। जबकि, फीडर चालू रहा है। थोड़े समय के लिए बिजली चली गई हो तो उस बारे में कहा नहीं जा सकता।
>
> – संजीव कुमार, एसडीओ, शाहबाद गेट




घटना को लेकर लोगों से बात करते इंस्पेक्टर। ● अमृत विचार

# शॉर्ट सर्किट से कार में लगी आग बाल-बाल बचे मां-बेटा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/धमोरा

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर देर शाम अचानक कार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। यह देख राहगीर भी रुक गए। उन्होंने कार में सवार मां-बेटे को किसी तरह बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव नदनऊ निवासी समीर अख्तर अपनी मां अजीमा बेगम के साथ सोमवार की सुबह मिलक में अपने रिश्तेदार के यहां गए थे। देर शाम वापस आते समय शहजादनगर थाना क्षेत्र के जुठिया गांव के पास पुल के ऊपर उनकी कार में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आसपास के लोगों कार में सवार समीर और उनकी मां को किसी तरह बाहर निकाला।

# आग का गोला बनी इलेक्ट्रिक कार

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर तेज रफ्तार से दौड़ती इलेक्ट्रिक ओडी कार में अचानक आग लग गई। इसमें सवार तीन लोगों ने कार के शीशे तोड़कर किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना से हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग आग बुझाने के लिए दौड़े और घंटे भर हाईवे पर यातायात बाधित रहा।

उत्तराखंड के रुद्रपुर शहर स्थित शुक्ल फार्म निवासी अमित कुमार पांडेय पुत्र नारद पांडेय अपनी इलेक्ट्रिक कार द्वारा रामपुर से अपने घर जा रहे थे। उनके साथ कार में तीन अन्य लोग भी थे। नैनीताल हाईवे पर गांव रतनपुरा स्थित बाईपास पर अचानक कार में आग लग गई। देखते ही देखते कार आग के गोले में तब्दील हो गई। आग का एहसास होते ही उसमें सवार तीनों लोगों ने कार को सुरक्षित स्थान पर रोक लिया और बाहर निकलने का प्रयास करने लगे। मगर तब तक कार आटोमेटिक लॉक हो चुकी थी। इससे घबराए तीनों व्यक्तियों ने किसी तरह कार के सामने का शीशा तोड़ लिया। इसके बाद तीन लोग एक-एक करके कार से बाहर निकल गए।


कार में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मी। ● अमृत विचार

● एक घंटा बाधित रहा हाईवे पर ट्रैफिक, मची अफरा-तफरी

उधर, हाईवे पर बर्निंग कार को देखने वालों का तांता लग गया। हाईवे पर दोनों ओर का यातायात रुक गया और जाम की स्थिति बन गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड और पुलिसकर्मियों ने किसी तरह वाहन में लगी आग को बुझाया। साथ ही मशक्कत कर हाईवे के यातायात को पुनः सुचारु कराया।

## एक नजर

### मारपीट करने में दो आरोपियों का चालान

**बिलासपुर, अमृत विचार** : जमीन के विवाद और पड़ोसन से मारपीट करने के मामलों में केमरी पुलिस ने दो लोगों का शांति भंग की धाराओं में चालान किया है। थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पृथ्वीपुर उर्फ चिड़ियाखेड़ा गांव निवासी अरविंद कुमार को पकड़ा गया है। वह अपने ही गांव के मायाराम के साथ जमीन खरीदने को लेकर आमादा फौजदारी था। इसके अलावा कस्बे के मोहल्ला सिंघाड़ियान निवासी विशाल को गिरफ्तार किया गया है। बच्चों के विवाद के बाद उसने पड़ोस में रहने वाली कमलेश के साथ मारपीट की थी। दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

### जनशक्ति दल की जिला प्रभारी पार्टी से निष्कासित

**मिलक, अमृत विचार** : पार्टी विरोधी कार्य में संलिप्त पाए जाने पर जनशक्ति दल की महिला मोर्चा की जिला प्रभारी को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। जनशक्ति दल की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पूनम गंगवार ने बताया कि पार्टी विरोधी कार्य करने व बगावत करने पर जिले की महिला मोर्चा की प्रभारी लक्ष्मी प्रज्ञा निवासी ग्राम दुगनपुर को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

# मनरेगा में घपला करने पर प्रधान व सचिव की गर्दन फंसी, होगी कार्रवाई

## जांच में पकड़ा 16,14,94 रुपये का घपला, बिना काम कराए ही मनरेगा खाते से निकालते रहे पैसा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : ग्राम किशनपुर मौलागढ़ में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों की जांच में 16,14,94 रुपये का घपला पकड़ में आया है। मजेदार बात यह है कि जिम्मेदारों ने कार्य ही नहीं कराया और मनरेगा के खाते से पैसा निकालते रहे।

मनरेगा के कार्यों में शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता नलकूप खंड और उप कृषि निदेशक की संयुक्त टीम से जांच कराई। इसमें जमीनी हकीकत जुदा निकली। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्ध वसूली, विभागीय और विधिक कार्रवाई के आदेश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए हैं। मनरेगा कार्यों में घपले

> इस मामले में ग्राम प्रधान, संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध वसूली, विभागीय एवं विधिक कार्रवाई के रूप में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए गबन की धनराशि की वसूली एवं विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को आदेश दिए हैं। कार्रवाई से वह मुझे भी अवगत कराएंगे।
>
> –जोगिन्दर सिंह, जिलाधिकारी

करने पर ग्राम पंचायत किशनपुर मौलागढ़ के ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव फंस गए हैं। जांच में उनके द्वारा किए गए घपलों का खुलासा हुआ है। ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव ने गांव में मनरेगा से कार्य कराया ही नहीं और खाते से पैसा निकालते रहे। उप कृषि निदेशक और अधिशासी अभियंता नलकूप खंड की जांच में घपलों का खुलासा हो गया।

**इन कार्यों में पकड़ में आया घपला**

| कार्य का नाम | प्रस्तावित कार्य | कार्य की मात्रा | अपव्य |
|---|---|---|---|
| अमरपाल के खेते से रागोपाल के खेत तक गूल खोदाई | 350 मीटर | कार्य नहीं कराया | 242706 रुपये |
| सूबेक सिंह के खेत से मेन रोड तक गुल खोदाई | 525 मीटर | कार्य नहीं कराया | 244443 रुपये |
| हरप्रीत के खते से सर्वजीत के खेत तक गूल खोदाई | 420 मीटर | कार्य नहीं कराया | 254416 रुपये |
| कुलवंत के खेत से बख्शीश के खेत तक चकबंद कार्य | 500 मीटर | कार्य नहीं कराया | 196812 रुपये |
| सर्वजीत के खेत से बख्शीश के खेत तक चकबंद कार्य | 871 मीटर | कार्य नहीं कराया | 373815 रुपये |
| मुख्य मार्ग से कमलजीत के खेत तक चकबंद कार्य | 800 मीटर | 140 मीटर कार्य कराया | 301902 रुपये |

मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों को जमीन पर नहीं कराया गया जबकि, तमाम काम कागजों में होते रहे। ग्राम पंचायत किशनपुर मौलागढ़ में 22 दिसंबर 2023 को हुए कार्यों में घपलों की शिकायत मिलने पर जांच कराई गई तब घपले उजागर हुए।

## कुत्तों का खौफ, लोगों का घर से निकलना मुश्किल

**रामपुर, अमृत विचार** : शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों के कारण लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। कुत्तों को पकड़वाने के लिए पालिका प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है। लोग बाहर निकलने में अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

शहर में आवारा कुत्ते लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बच्चों को घर से निकलना भी दूभर हो गया है। गली में दिन भर कुत्तों का झुंड बैठा रहता है। कुत्तों का झुंड एक दम से लोगों पर हमला कर देता है। शहरवासियों का कहना है कि कुत्तों से निजात नहीं मिल रही है। अब घर से निकलने में डर लगता है।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि कुत्तों को पकड़वाने के लिए बरेली की एक फर्म को ठेका दिया गया है। लोगों की जहां से काल आती है टीम वहां पहुंचकर कुत्तों को पकड़ लेती है और कुत्तों का टीम द्वारा बधियाकरण किया जाता है।

# अवैध खनन के वाहन निकालने को बांध तोड़कर रास्ता बनाया

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार** : दढ़ियाल चौकी क्षेत्र में कोसी नदी क्षेत्र से अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनन के धंधेबाजों ने कोसी नदी के बांध को तोड़कर वाहनों के निकालने का रास्ता बना लिया है। प्रशासनिक अधिकारी इस मामले से अनभिज्ञ बने हैं।

कोसी नदी क्षेत्र में आवंटन पट्टे से खनन उठाकर वाहनों से स्टोन क्रेशर पर भेजने के लिए अकबराबाद के निकट बांध को तोड़कर रास्ता बना लिया है। इस मामले से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी अनजान बने हैं। दढ़ियाल चौकी क्षेत्र से लेकर मसवासी क्षेत्र के चौहद्दा और जमुना-जमुनी बेलवाड़ा में अवैध खनन जमकर किया जा रहा है। इसे रोकने में प्रशासनिक अधिकारी विफल साबित हो गए हैं। शाम ढलते ही कोसी नदी क्षेत्र में मशीनों की गड़गड़ाहट शुरू हो जाती है, जो सुबह दस बजे तक जारी रहती है। कोसी नदी से अवैध खनन उठाने के बाद वाहनों के द्वारा स्टोन क्रेशर पर डंप

> अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी है। किसी भी हालत में अवैध खनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।
>
> – अवनीश कुमार, उप जिलाधिकारी, स्वार

किया जाता है।

पट्टीकलां कोसी नदी क्षेत्र में भी अवैध खनन जमकर किया जा रहा है। रातों-रात ट्रैक्टर अवैध खनन खींचकर वाहनों में भर रहे हैं। इन वाहनों से आवलोड खनन ट्रकों और डंपरों में भरकर स्टोन क्रेशर भेजा जा रहा है। कोई भी अधिकारी अवैध खनन रोकने के नाम पर सजग नहीं है। अधिकारी सिर्फ भ्रमण कर कोसी नदी किनारे से ही लौट आते हैं।

जिलाधिकारी ने अवैध खनन रोकने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया है। टास्क फोर्स से जुड़े अधिकारी भी अवैध खनन के वाहनों को नहीं पकड़ पा रहे हैं। टास्क फोर्स रात के समय निष्क्रिय हो जाती है। इससे खनन के धंधेबाज बेखौफ होकर वाहनों को गंतव्य तक पहुंचने में कामयाब हो जाते हैं।

# मानक के अनुरूप बोरिंग नहीं करने पर ग्रामीणों का हंगामा

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार** : सरकारी प्याऊ के निर्माण में मानकों का पालन न करने पर ग्रामीण भड़क गए। कम गहरे बोरिंग का आरोप लगाकर हंगामा करते हुए काम रुकवा दिया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए ग्रामीणों ने अधिकारियों की निगरानी में काम कराने मांग की है।

ग्राम टांडा में सरकारी प्याऊ का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार मानक के अनुरूप काम नहीं करा रहा है। बोरिंग की गहराई 150 फीट होनी चाहिए। लेकिन सिर्फ 120 फीट गहरा बोरिंग किया गया। उन्होंने ठेकेदार से शिकायत की तो उसने दुर्व्यवहार किया। इस पर ग्रामीण भड़क गए और



शाहबाद के गांव टांडा में बोरिंग का काम रुकवाते लोग। ● अमृत विचार

- **जिले के अधिकारियों से निगरानी कराने की उठाई मांग**
- **प्याऊ के लिए किया जा रहा था बोरिंग, ग्रीमाणों ने काम रुकवाया**

हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद काम रुकवा दिया गया। सूचना पर युवा नेता रजत कुमार भी मौके पर पहुंच गए। बताया कि उन्होंने अधिकारियों से बात कर मानक के अनुरूप निर्माण करने की मांग की है। इसके अलावा इसकी निगरानी जिले के अधिकारियों से कराने की मांग भी की है।

# दुकानों के निर्माण कार्य पर लगे रोक : शंखधार

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार** : भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने एक्स और व्हाट्सएप के माध्यम से जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी मिलक एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मिलक को उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दाखिल की गई जनहित याचिका की रिसीविंग नंबर भेजकर नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा साप्ताहिक बाजार में पक्की दुकानों का निर्माण कार्य रुकवाने को कहा है।

जिलाधिकारी को भेजे रिसीविंग नंबर के साथ सोमवार को कहा गया है कि नगर पालिका परिषद द्वारा साप्ताहिक बाजार में पक्की दुकानों का निर्माण कार्य बहुत तेजी के साथ कराया जा रहा है। बाजार में फड़ लगाकर सब्जियों

**मांग**

- **मंगलवार से साप्ताहिक बाजार में बेमियादी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी**

की दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने जनहित याचिका दाखिल की है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद से आग्रह किया कि साप्ताहिक बाजार के स्वरूप को न बदला जाए। लेकिन नगर पालिका परिषद हठधर्मिता पर उतारू है। तानाशाही के बल पर फड़ लगाने वाले दुकानदारों को बेरोजगार किया जा रहा है।

आदेश शंखधार ने बताया कि यदि निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो मंगलवार से साप्ताहिक बाजार में बेमियादी धरना-प्रदर्शन शुरू होगा। जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद की होगी।

# शिविर लगाकर पिलाया शरबत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग की ओर से स्टार चौराहे पर शिविर लगाकर राहगीरों को तपती दोपहरी में शरबत पिलाकर गला तर कराया गया। इससे पहले सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

सोमवार को मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग की जनपद शाखा के पदाधिकारियों ने 98वां स्थापना दिवस मनाया। संघ के जिलाध्यक्ष लववीर सिंह ने कहा कि चिलचिलाती धूप एवं भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी पिलाना एक नये रूप में स्थापना दिवस मनाना रहेगा। इसके तहत चौराहे पर शरबत का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि इंजीनियर कृष्णवीर सिंह और अधिशासी अभियन्ता ने फीता एवं केक


लोगों को शरबत बांटते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **सेवानिवृत साथियों का सम्मान समारोह भी हुआ**

काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। सेवानिवृत साथियों का सम्मान समारोह भी किया गया।

इस दौरान बृजकिशोर, उमेश चन्द यादव, अंकुर कंसल, अरविन्द कुमार, सुरेश चन्द सिंह, राकेश कुमार, शुभम सिंह, लवलेश यादव, मुजतबा, जसविन्दर सिंह, यशवीर सिंह, रामप्रसाद, सौरव सक्सेना, तरनप्रीत आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में बच्चों ने मस्ती के साथ मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : फर्स्ट इंप्रेशन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अतुल कुमार सिंह ने बच्चों को टीम वर्क के बारे में समझाया। कहा कि जगह और वस्तु से बढ़कर टीम वर्क होता है। जहां टीम वर्क अच्छा होता है वहा सदैव हर्ष व उल्लास के साथ सभी कार्यों में सफलता मिलती है।

फर्स्ट इंप्रेशन पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय ग्रीष्म कालीन शिविर सोमवार को संपन्न हुआ। इसमें बच्चों ने उत्साह और उल्लास के साथ प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य वंदना डिमरी ने बताया कि पृथ्वी का तापमान साल दर साल बढ़ रहा है। इसका प्रमुख कारण पेड़-पौधों की कमी होना है। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ों को लगाना चाहिए। शिक्षिका शिवानी त्रिपाठी और प्रियंका यादव ने विषम परिस्थिति


कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

से निपटने के लिए बिना आग के कुकिंग करना सिखाया। जागृति सहगल और शशि यादव ने छात्र-छात्राओं को सेल्फ डिफेंस सिखाया। शिविर में शिक्षिकाओं ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के साथ डांस और खेल भी खिलाए। अध्यापिका चंचल प्रजापति और अंजलि सिंह ने विद्यार्थियों को पुष्प देकर स्वागत किया। किताबी ज्ञान के साथ दैनिक व सामाजिक परिस्थितियों का ज्ञान भी दिया।

अध्यापिका मुस्कान खान और सुरप्रीत कौर ने बच्चों की अच्छी सेहत के लिए जुमबा, योगा, कारडियो और स्केटिंग कराया।

**समर कैंप**

- **टीम वर्क से सैदव हर्षोल्लास के साथ होता है कार्य : अतुल**
- **सात दिवसीय ग्रीष्म कालीन शिविर का हुआ समापन**

अध्यापिका चांदनी श्रीवास्तव ने क्लासिकल डॉस और टेबल टेनिस सिखाया। तान्या सिंह और कुमकुम राजपूत ने ब्लॉक पेंटिंग, हैंडकेरचीफ पेंटिंग, क्राफ्ट, वाटरमेलन, गिटार बजाना सिखाया। अध्यापिका राजकुमारी, मेघना पुंढीर ने क्ले मॉडलिंग, टाय और डाय एक्टिविटी कराईं। नेहा कश्यप और लाजवंती ने माइंड गेम्स सिखाए। कंचन दिवाकर ने गुड मैनर्स व टेबल मैनर्स सिखाए गए। स्कूल हेड्स चांदनी और मुस्कान खान ने बच्चों को विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए लाइफ स्किल के बारे मे भी बताया।

## निकाय का एक साल पूरा होने पर लगाई सबील

**बिलासपुर, अमृत विचार** : नगर पंचायत के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में सोमवार को शरबत की सबील लगाई गई।

मिलक-बिलासपुर रोड पर पंचायत कार्यालय के निकट लगाए गई सबील का चेयरमैन रफत अंसार ने उद्घाटन किया। चेयरमैन के पति व आप के जिलाध्यक्ष अंसार अहमद तथा अधिशासी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद समेत सभासदों और कर्मचारियों ने भी सबील पर खड़े होकर सेवा की।

इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों व वहां से गुजरने वाले यात्रियों को शरबत पिलाया गया। अंसार अहमद ने कहा कि उनके निकाय का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। बीते दिनों चेयरमैन को निकाय एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष भी चुना गया है। इन दोनों खुशियों को व्यक्त करने तथा जनता को भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए यह सेवा की जा रही है।


मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का परीक्षण कर बांटी दवा

संवाददाता, सैफनी

- **एपीजे अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर**

**अमृत विचार** : यूनिक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल मुरादाबाद के तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। एपीजे अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज में लगे शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर दवा बांटी।

कालेज में निःशुल्क शिविर सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक लगाया गया। इसमें 700 मरीजों को परीक्षण कर दवा वितरित की गई। शिविर में कॉलेज के प्रबंधक तौसीफ आलम, पर्यवेक्षक डॉक्टर सईद अख्तर अंसारी का सहयोग रहा। इनके अलावा शिविर में अब्दुल रऊफ एडवोकेट, डा. मुजम्मिल, डा. प्रतिभान यादव आदि उपस्थित रहे।

## शोधित करने के बाद करें बीज की बोआई

**रामपुर, अमृत विचार** : जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि जनपद में खरीफ की मुख्य फसलें धान, मक्का, उड़द, मूंग, बाजरा एवं ज्वार है। इन फसलों में मुख्यतः तीन प्रकार के कीट जनित रोग पाए जाते है। यह वायुजनक, भूमिजनक एवं बीज जनक हैं। बीज जनक एवं भूमि जनक कीट जनित रोग से फसलों को अधिक नुकसान पहुंचता है। इनसे बचाव के लिए किसानों की लागत बढ़ जाती है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसान शुरूआत से ही बीज को जैविक व रसायन से शोधित करें। ताकि भूमिजनक एवं बीज जनक कीटजनित रोग से बचा जा सके। इससे फसल की लागत में कमी आएगी। बीजशोधक रसायनों पर कृषि विभाग द्वारा 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। बीजशोधन अभियान कार्यक्रम 31 मई से 24 जून तक चलेगा। बीज शोधन की विधि में रसायन, बायोपेस्टीसाईड प्रयुक्त मात्रा में प्रति किलो बीज में अच्छी तरह मिलाएं।

# रिपोर्ट कार्ड पाकर खिले बच्चों के चेहरे

संवाददाता, केमरी

**अमृत विचार** : एसबीएम एकेडमी में बच्चों को रिपोर्ट कार्ड बांटे गए। मुख्य अतिथि बिलासपुर के ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने सफल हुए छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

नगर के जनूनागर स्थित एसबीएम एकेडमी में सोमवार को रिपोर्ट कार्ड वितरित कि गए। मुख्य अतिथि कुलवंत सिंह औलख ने मां सरस्वती के आगे दीप जलाकर कार्यक्रम आरंभ किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि बच्चों को मन लगाकर पढ़ना चाहिए। अभिभावकों को भी बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करना चाहिए। इसके बाद उन्होंने पास हुए बच्चों को रिपोर्ट कार्ड बांटे। पहले, दूसरे व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम


कार्यक्रम में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

**आयोजन**

- **विजयी बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित**
- **मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बिलासपुर कुलवंत सिंह रहे मौजूद**

में पूर्व चेयरमेन खूबचंद गुप्ता, प्रधान रामऔतार शर्मा, चरण सिंह लोधी, भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, अनुज गुप्ता, गोपाल यादव, राजू सिंह, अवधेश शर्मा, वेदपाल शर्मा, बुद्धसेन लोधी, लाखन लोधी, अकील अहमद, शिक्षिकाएं श्वेता शर्मा, अनामिका, मोनिका शर्मा, बुशरा, नाजुक, आरती देवी, ज्योति, सोनू सागर आदि उपस्थित रहे। प्रबंधक कमल शर्मा ने अतिथियों का आभार जताया।

**परेशानी** अधर में है नहरों की टेल तक साफ-सफाई का कार्य, खरीफ की फसलों की सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता का जिम्मेदार दे रहे आश्वासन

# खरीफ की फसलों की सिंचाई के लिए पानी मिलने में होगी मुश्किल

कार्यालय संवादाता, रामपुर

**अमृत विचार** : भीषण गर्मी में किसान खरीफ की फसलों की सिंचाई कैसे करेंगे। नहरें सूखी पड़ी हैं। अधिकारी किसानों को नहरों की टेल तक सफाई कराने का आश्वासन दे रहे हैं। जबकि, किसान संगठन कई बार टेल तक पानी पहुंचने का मुद्दा गरमा चुके हैं।

फसलों की सिंचाई के लिए जिले में नहरों का जाल तो बिछा है लेकिन, फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को परेशान होना पड़ता है। बरसात से पहले नहरों के टेल तक पानी पहुंचाने के लिए नहरों की साफ-सफाई कराने का लक्ष्य शासन ने विभाग को दिया है। 60 नहरों की सफाई के लक्ष्य के सापेक्ष गुरुवार तक 35 नहरों



की टेल तक सफाई कराकर पानी छोड़ा गया है। जबकि, भीषण गर्मी में खरीफ की फसलों में सिंचाई के लिए किसानों को परेशान होना पड़ता है। नहरों में पानी नहीं होने पर किसान धरना-प्रदर्शन करते हैं। इसके बावजूद समय से नहरों की टेल तक सफाई नहीं होने से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। इसके कारण किसानों को सिंचाई के लिए काफी परेशानी का सामना पड़ता है। किसान नेताओं का कहना है कि नहरों की साफ-सफाई का काम तेजी से निपटाया

> नहरों की टेल तक सफाई कराई जा रही है। रोस्टर शुरू कर दिया गया है। कई नहरों में पानी पहुंच गया है। खरीफ की फसलों की सिंचाई से पूर्व रोस्टर के मुताबिक किसानों को पानी की उपलब्धता बनी रहेगी।
>
> – सियाराम, एक्सईएन नहर खंड

जाए। इसके लिए जिलाधिकारी और एक्सईएन नहर खंड से मिला जाएगा।

एक्सईएन सियाराम ने बताया कि छह माह की सिंचाई के लिए नहरों में 35 हजार क्यूसिक पानी की जरूरत होती है। इसके लिए नहरों की साफ-सफाई होना जरूरी होता है। नहरों की सफाई नहीं होने से लालपुर डैम और रामनगर बैराज से पानी डिस्चार्ज किया जाता है।



> बरसात का मौसम 15 जून से शुरू हो जाएगा। लेकिन नहर खंड ने कुछ ही नहरों की सफाई कराई है। जबकि शासन ने 60 नहरों की सफाई कराने का लक्ष्य दिया था। इस मामले में जिलाधिकारी और एक्सईएन नहर से मिलेंगे।
>
> – हनीफ वारसी



> खरीफ की फसल की सिंचाई के लिए किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नहर खंड के अधिकारी नहरों की सफाई नहीं कराते। इसके कारण टेल तक पानी नहीं पहुंचता है।
>
> – विनोद यादव



> नहरों की सफाई नहीं होने से किसानों को सिंचाई में काफी परेशानी होती है। शासन ने नहरों की सफाई कराने के आदेश दे दिए हैं। लेकिन नहरों की सफाई में हीला-हवाली बरती जा रही है। टेल तक पानी नहीं पहुंचा है।
>
> –हसीब अहमद



> किसानों को बिजली, पानी, खाद, बीज की 12 महीने दिक्कत रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी सूखती फसलों के लिए पानी की होती है। यदि समय रहते नहरों की सफाई करा दी जाए तो किसानों को सिंचाई में काफी राहत मिलेगी।
>
> – संजोर अली

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वार रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। आसपास के लोग मौके पर आ गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंज निवासी मनोज सोमवार शाम को स्वार की ओर जा रहा था। स्वार रोड के पास अज्ञात वाहन ने मनोज की बाइक को टक्कर मार दी। इसमें मनोज घायल हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### सवारियां बैठाने को लेकर ई-रिक्शा चालक भिड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र के ज्वालानगर निवासी ई-रिक्शा चालक राजेश सोमवार को अजीतपुर बाइपास पर बैठा था। तभी कुछ लोग उससे लदौरा गांव जाने के लिए कहने लगे। इस दौरान दूसरा ई-रिक्शा चालक आया और उन सवारियों को बैठाने के लिए उनके पास पहुंच गया। इसका विरोध करने पर दोनों में कहासुनी होती रही। स्थानीय लोगों ने बीच में पड़कर मामले को रफा-दफा कराया।

# ई-रिक्शा-ऑटो चालकों की मनमानी से लग रहा जाम

## चिह्नित जगह पर खड़े नहीं कर रहे ई-रिक्शा और टेंपो, तहसील मुख्यालय जाने वाले होते हैं परेशान

संवाददाता, स्वार



स्वार में मुख्य चौराहे पर लाइन से सवारी बैठाते ई-रिक्शा व टेंपो चालक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस प्रशासन द्वारा जगह चिह्नित करने के बावजूद ई-रिक्शा और ऑटो चालक मनमानी कर रहे हैं। टेंपो व ई-रिक्शा चालक प्रशासन के आदेशों को हवा में उड़ा कर मुख्य चौराहे पर जगह-जगह सड़क किनारे वाहन में सवारियां बैठा रहे हैं। यह जाम व हादसों का सबब बने हैं।

मुख्य मार्ग के दोनों और सड़क किनारे टेंपो व ई-रिक्शा खड़ा करने से जाम लगना आम बात हो गई थी। इसके चलते राहगीरों का पैदल चलना भी दुश्वार हो गया था। क्षेत्रवासियों द्वारा प्रशासन से लगातार लगने वाले जाम के झाम से छुटकारा दिलाने की मांग की थी। ई-रिक्शा एवं टेंपो के आड़ा-तिरछा खड़ा कर देने से तहसील मुख्यालय जाने वाले अधिकारी भी जाम का शिकार होते थे। यही हाल बिलासपुर तिराहा, कोतवाली मार्ग, मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, गंगादास की पुलिया, घास मंडी का भी था। जाम से निजात दिलाने के लिए दो माह पूर्व पुलिस व प्रशासन ने टेंपो चालकों को बिजली घर के निकट एवं ई-रिक्शा चालकों को कोतवाली के निकट पुरानी तहसील की भूमि को चिन्हित कर खड़ा करने के निर्देश दिए थे। लेकिन टेंपो व ई-रिक्शा चालकों ने पुलिस आदेशों को हवा में उड़ा दिया। मुख्य चौराहे पर वाहनों को आड़ा-तिरछा खड़ा कर सवारियां भरने से जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।



"पुलिस प्रशासन ने मुख्य चौराहे पर लगने वाले जाम के झाम से निजात दिलाने के लिए टेंपो चालकों के लिए बिजली घर के निकट जगह चिन्हित थी। लेकिन चालक मनमानी कर रहे हैं।"

- अनवर अली



"प्रशासन द्वारा चिन्हित जगहों पर चालक टेंपो और ई-रिक्शा खड़ी न कर मुख्य चौराहों पर आड़ा-तिरछा खड़ा कर सवारियां बैठा रहे हैं। प्रशासन टेंपों व ई-रिक्शा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।"

-सोनम सक्सेना



"बिना परमिट के उत्तराखंड के टेंपो व ई-रिक्शा नगर समेत क्षेत्र में धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। पुलिस प्रशासन को ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। चालकों की मनमानी से जाम लग जाता है।"

- डा. नाज



"नगर में लगने वाले जाम के जिम्मेदार टेंपो व ई-रिक्शा वाले हैं। टेंपो व ई-रिक्शा चालकों ने पुलिस प्रशासन के निर्देशों को अनदेखा कर मुख्य चौराहे पर जगह-जगह खड़ा कर रहे है।"

- गुड्डू अली

## सार संक्षेप



ट्रॉफी के साथ खड़े सम्मानित हुए विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### सीबीएससी बोर्ड के मेधावियों को किया सम्मानित

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मिल्टन एजुकेशनल एकेडमी में विद्यालय प्रबंधन ने सोमवार को कक्षा 10वीं और12वीं के सीबीएससी बोर्ड में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया। सोमवार को नैनीताल हाईवे स्थित विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम हुआ। विद्यालय के प्रबंधक बलवीर सिंह मल्ही, निर्देशिका किरन कौर और प्रधानाचार्य विजय खुराना ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर उत्साहवर्धन किया। कक्षा दस में पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों में मोहम्मद शाबान, अरफिया, पुष्पिंदर, संुबुल, प्रिंसी, उज्ज्वल, हरमन, सकल, सुरभि, फैसल, नव्या, रिचा, सुप्रभा, खुशी, करुणा, अर्पित एवं तूबा तब्बासुम रहे। कक्षा 12वीं में पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में सुखमन, सलवा, जपुजी कौर, गुरशरन कौर, मोहिनी लूथरा, समीर, मनकीरत कौर एवं दक्ष पांडेय आदि रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अमन, ज्योति कौर, सतनाम सिंह, महेन्द्र सिंह, इमरान खां, संजय रावत, रीता बिष्ट, प्रभात सक्सैना समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### बाइक टकराने के बाद युवक को पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन क्षेत्र में बाइक टकराने के बाद एक युवक ने बाइक सवार को को पीट दिया। इस मामले पुलिस से शिकायa की गई है। कोतवाली निवासी राधे शाम के समय बाइक से किसी काम से पटवाई की जा रहा था कि राम-रहीम पुल के पास पैदल चले रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी।जिसके बाद दोनों के बीच गाली-गलौज हो गई। उसके बाद पैदल जा रहे युवक ने बाइक सवार को पीट दिया। आसपास के लोग आ गए। उसके बाद मामले को शांत कराया। इसके बाद घायल ने थाने में शिकायत की है।

### मामूली विवाद में युवक के साथ गाली-गलौज

**रामपुर, अमृत विचार :** मामूली विवाद के चलते कुछ लोगों ने युवक से गाली-गलौज कर दी। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। गंज निवासी राशिद का कहना है कि उसके गांव के ही कई लोग उसको काफी समय से पहले मेढ़ को लेकर विवाद हो गया था। उसी को लेकर रंजिश चली आ रही है। उसी के चलते रास्ते में आते-जाते समय आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करता है। आरोप है कि रविवार को रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौज कर दी।इस मामले में पीड़ित ने तहरीर दी है। जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो घंटे ही जमा होंगी प्रवेश फार्म की हार्ड कापियां

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने विधि की परीक्षाओं की वजह से प्रवेश पंजीकरण की हार्डकॉपी जमा करने का समय निर्धारित कर दिया है। सेमिनार कक्ष में अब सिर्फ दो घंटे ही हार्ड कापियां जमा होंगी। मुख्य प्रवेश नियत्रंक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि प्रवेश फार्म की हार्डकॉपी सुबह 10 :30 से 12 :30 तक जमा होंगी। पहले समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक था। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्रवेश समिति के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं।

# धड़ल्ले से गुजर रहे ओवरलोड वाहन

संवाददाता, मसवासी



काशीपुर मार्ग पर नो एंट्री से पूर्व निकलते खनन के ओवरलोड वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** काशीपुर मार्ग पर रेत के ओवरलोड वाहनों का संचालन थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे राजस्व विभाग की भूमिका पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। रातों-रात रेत के ओवरलोड वाहन चेक पोस्ट से पास हो रहे हैं। प्रतिदिन शाम को नो एंट्री से पूर्व ही वाहनों का काफिला शुरू हो जाता है। यह सिलसिला सुबह सात बजे तक जारी रहता है।

खनन चेक पोस्ट पर तैनात राजस्व विभाग के कर्मचारी ओवरलोड वाहनों को अवैध रूप से निकलने में अधिक रुचि ले रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से तैनात पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध है। ड्यूटी पर तैनात लेखपाल खनन माफिया से मिले रहते हैं। खनन माफिया समय से पूर्वी चेक पोस्ट पर जमा हो जाते हैं। अपने ओवरलोड वाहनों को पास करने की जगत में लगे रहते हैं। कई लेखपाल ने तो खनन माफिया को अपना अकाउंट नंबर भी दे रखा है। मोबाइल में ही रुपए भेज दिए जाते हैं। लेखपाल ट्रक और डंपरों को बिना रॉयल्टी चेक किए ही पास कर देते हैं। अधिकारियों के छापे में इस बात का खुलासा भी हो चुका है। एसडीएम समेत कई अधिकारी ओवरलोड वाहनों को पड़कर सीज कर चुके हैं। मुरादाबाद चौराहे पर शाम सात बजे से सुबह सात बजे तक खनन माफिया का जमघट लगा रहता है। यह अधिकारियों के आने की फील्डिंग करते रहते हैं। चेक पोस्ट पर प्रतिदिन राजस्व कर्मचारियों की ड्यूटी बदलती रहती है। बारी-बारी से लेखपालों की ड्यूटी लगाई जाती है। इनमें संग्रह अमीन भी शामिल है। तहसील के प्रशासनिक अधिकारी जानबूझकर इस मामले से अनभिज्ञ हैं। स्वार के उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार का कहना है कि ओवरलोड वाहनों का संचालन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभागीय स्तर पर कर्मचारियों की भूमिका की जांच भी की जाएगी।

# पांच स्वास्थ्य कर्मचारियों के सहारे चल रहा मसवासी का सरकारी अस्पताल

संवाददाता, मसवासी

● इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े हैं आसपास के 36 गांव


**अमृत विचार :** नगर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की दो लाख लोगों की आबादी के बीच बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्साकर्मियों की कमी से जूझ रहा है। सुविधाओं के अभाव में रोगियों को बाजपुर या काशीपुर के अस्पताल में इलाज कराना पड़ता है। मसवासी के आसपास 36 गांव भी इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े हैं।

मसवासी में सरकारी इलाज की कोई मुकम्मल व्यवस्था नहीं है। इलाज के नाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुविधाओं का टोटा है। कस्बे के साथ आसपास 36 गांवों के लोग भी इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े हैं। इन गांवों के आबादी के लोग भी बीमार होने पर इस अस्पताल की ओर दौड़ लगाते हैं। सुविधा के नाम पर यहां सिर्फ एक डॉक्टर और बलगम चेक करने के लिए एक फार्मासिस्ट तैनात हैं।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दिन निकलते ही रोगियों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है। सुविधाओं का अभाव के चलते तमाम रोगी उत्तराखंड के बाजपुर और काशीपुर में इलाज करने को मजबूर हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आज तक इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं बनाया। सिर्फ चार बेड का अस्पताल बनकर रह गया है। एक्सरे और अल्ट्रासाउंड की भी व्यवस्था नहीं है। केवल पेशाब व बलगम की जांच की जाती है। इस अस्पताल के उच्चीकरण के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि ने कोई पहल नहीं की है। इससे क्षेत्र की जनता बाहरी अस्पतालों से इलाज करने के लिए विवश है। महत्वपूर्ण दवाएं भी अस्पताल में नहीं है। यहां फ्रिज की व्यवस्था भी नहीं है। चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉक्टर अच्छन खान ने बताया कि इस मामले में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। लेकिन स्टाफ की बढ़ोतरी नहीं की गई है। अस्पताल में स्टाफ नर्स की भी व्यवस्था नहीं है। महिला रोगियों को भी डॉक्टर ही देखते हैं। पूर्व पंचायत अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने बताया कि उन्होंने अस्पताल को उच्चीकृत कराने के लिए कई बार उच्चाधिकारियों से कहा, लेकिन मामले को ठंडे बस्ती में डाल दिया जाता है। नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल का कहना है कि वह अस्पताल का उच्चीकरण करने के लिए पहल करेंगे।

# छात्राओं ने लिया जूडो-कराटे का प्रशिक्षण

संवाददाता, मिलक



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रशिक्षण लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ग्रीष्मकालीन अवकाश में जूडो-कराटे, योग, प्राणायाम, मार्शल आर्ट व संगीत के हुनर सिखाये जा रहे हैं।

पतंजलि योग समिति मिलक की प्रभारी कमलेश गंगवार ने योग का प्रशिक्षण देते हुए कहा कि योग तन और मन को जोड़ने में सहायक होता है। विद्यार्थियों को भ्रामरी, अनुलोम, विलोम, नाड़ी, शोधन व सूर्य नमस्कार आदि का प्रशिक्षण दिया। सोमवार को स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आयुर्वेद राजकीय चिकित्सालय नवदिया के चिकित्सक रामू मौर्य ने भी योग, आसन, प्राणायाम कराये। शिक्षिका सुनीता ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से जूडो-कराटे का विशेष महत्व है। जूडो-कराटे में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं संकटकालीन परिस्थति में आत्मरक्षा करने में सफल होती हैं। वर्तमान परिदृश्य में बहनों की सुरक्षा को देखते हुए पुस्तकीय ज्ञान के साथ शारीरिक शिक्षा व आत्मरक्षा का ज्ञान होना बेहद आवश्यक है।

**आत्मरक्षा**

- तनाव मुक्त रखने में संगीत का विशेष योगदान
- भ्रामरी, अनुलोम, विलोम व सूर्य नमस्कार आदि का दिया प्रशिक्षण

संगीत आचार्य शुभम सक्सेना ने बताया कि संगीत मनुष्य के जीवन में आनंद की अनुभूति करता है। तनाव मुक्त रखने में संगीत का विशेष योगदान होता है। छात्र-छात्राओं को एकाग्रचित बनाए रखता है। प्रधानाचार्य आनंद पाल सिंह ने प्रशिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि खेल, योग, संगीत आदि आधारभूत विषयों का जीवन में विशेष महत्व होता है। इन विषयों में निपुण व पारंगत होकर छात्र-छात्राएं स्वावलंबी, स्वस्थ व अनुशासित जीवन व्यतीत करते हैं।

# बीफार्मा के छात्रों ने उठाई परीक्षा आगे बढ़ाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बीफार्मा के छात्रों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में इंटरनल परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि गर्मी में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्रों ने कहा कि बिजली संकट से भी दिक्कत हो रही है। छात्रों ने उप कुलसचिव से मामले की शिकायत की है।

बीफार्मा प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के मुताबिक उनकी आंतरिक परीक्षा 1 जुलाई से शुरू होंगी, जबकि पहले 25 जून से हो रही थीं। अभी उनका कोर्स पूरा नहीं हुआ है, ऐसे में जल्द परीक्षा से दिक्कत होगी। जिस दौरान परीक्षा होगी, उस दौरान ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा होगा।

### एलएलबी की परीक्षा 43 केंद्रों पर आज से

**बरेली, अमृत विचार :** एलएलबी, बीएएलएलबी, एलएलएम समेत कई पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं मंगलवार से 43 केंद्रों पर शुरू होंगी। बरेली कॉलेज में स्वकेंद्र समेत चार केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन कॉलेज में सिर्फ एलएलबी के छात्रों की परीक्षा होगी। सोमवार को चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे और परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने परीक्षा की तैयारी की। चीफ प्रॉक्टर ने प्रॉक्टोरियल बोर्ड के साथ बैठक कर परीक्षा के दौरान सख्ती बरतने के निर्देश दिए। डॉ. बीनम ने बताया कि मंगलवार को तृतीय पाली में दोपहर 3 से 6 बजे तक 1334 छात्रों की एलएलबी की परीक्षा होगी। परीक्षा में बरेली कॉलेज के अलावा क्लासिक लॉ कॉलेज के छात्र शामिल होंगे।

**बैठक** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 16 सदस्यों को कर दिया गया अलग, श्री अकाल तख्त साहिब में फरियाद लेकर जाएगा प्रतिनिधि मंडल

# उत्तराखंड सरकार पर धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का आरोप

संवाददाता, बिलासपुर



कार्यक्रम में बोलते लखविन्दर सिंह।



सभा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तराई सिख महासभा और भारतीय सिख संगठन ने संयुक्त रूप से बैठक करके धामी सरकार पर निशाना साधा। आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार बिना वजह धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप कर रही है। क्षेत्र में धार्मिक स्थलों को लेकर हो रही परेशानी को देखते हुए एक प्रतिनिधिमंडल श्री अकाल तख्त साहिब पर फरियाद लेकर जाएगा।

सोमवार को दोनों संगठनों के बैनर तले क्षेत्र के हाईवे स्थित एक होटल में सिख समाज के लोगों को भारी संख्या में एकत्र किया। होटल में हुई बैठक में वक्ताओं ने मंच के माध्यम से विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड सरकार और उसका सरकारी तंत्र गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में हस्तक्षेप कर रहा है। लाखों की संगत द्वारा चुने गए अध्यक्ष को हटाकर अब वहां एक सरकारी प्रधान का कब्जा कराने की कोशिश की जा रही है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 16 सदस्यों को अलग कर दिया गया है। उनकी जगह गठित 11 सदस्यों की टीम द्वारा जो भी मनमाने फैसले लिए जा रहे हैं, सरकारी तंत्र द्वारा उन्हें मान्यता दी जा रही है। इसे लेकर सिख समाज में आक्रोश की भावना पैदा हो रही है। इसके अलावा बाबा तरसेम सिंह के हत्याकांड में तीन निर्दोषों को साजिशन फंसाया गया है। संगत ने पुलिस से अनुरोध किया कि निर्दोष लोगों पर कार्रवाई न की जाए। कहा कि मुकदमे में नामजद बाबा अनूप सिंह का बाबा तरसेम सिंह के हत्याकांड से कोई लेना देना नहीं है। प्रशासनिक अमला उन्हें परेशान कर रहा है।

बैठक में जसबीर सिंह विर्क, परमजीत सिंह, संतोख सिंह रंधावा, देवेंद्र सिंह, सतनाम सिंह, सतवंत सिंह, सूरत सिंह, दर्शन सिंह, अन्तरप्रीत सिंह, लखविंदर सिंह, दरबार सिंह, जसबीर सिंह, पाल सिंह, बलबीर सिंह बेरखेड़ी, बलजीत सिंह गौलापार, सलविंदर सिंह कलसी, रणजीत सिंह, सुखदेव सिंह, केहर सिंह, मलकीत सिंह बाजवा, जगजीत सिंह भुल्लर, सूरत सिंह सहित मौजूद रहे।

### कार्यक्रम में इन मुद्दों पर की गई चर्चा

हरबंस सिंह चुग को सरकार की मदद से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमत्ता साहिब की अध्यक्षता से हटाने का प्रयास किया रहा है। 27 में से केवल 11 सदस्य ही निर्णय ले रहे हैं। जब तक कमेटी संयुक्त रूप से निर्णय नहीं ले लेती, तब तक दिल्ली वाली कारसेवा, नानकमत्ता साहिब में कारसेवा में शामिल न हों। यदि दिल्ली कारसेवा ऐसा नहीं करती है तो हर क्षेत्र की संगत द्वारा दिल्ली वाली कारसेवा को दिया जाने वाला सहयोग तुरंत बंद कर दिया जाए। दिल्ली के कई ऐतिहासिक गुरुद्वारों में भी दिल्ली वाली कारसेवा, सेवा संचालित करती है। संगत पूछना चाहती है कि क्या उन्होंने दिल्ली के ऐतिहासिक गुरुद्वारों में भी ट्रस्ट बनाए हैं। यदि नहीं तो उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में ऐसा क्यों है। बहेड़ी वाले जोगिंदर सिंह को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता साहिब का अध्यक्ष स्वीकार नहीं करती। सरकार के सहयोग से बैठे इस सरकारी अध्यक्ष को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का कार्यालय तुरंत खाली कर देना चाहिए। उत्तराखंड की धामी सरकार प्रशासन का दुरुपयोग कर गुरुद्वारों और सिख समाज के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रही है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। क्षेत्र में धार्मिक स्थलों को लेकर हो रही परेशानी को देखते हुए एक प्रतिनिधि मंडल श्री अकाल तख्त साहिब पर फरियाद लेकर जाएगा। उत्तराखंड प्रशासन से मांग की जाती है कि तरसेम सिंह हत्याकांड में बाबा अनूप सिंह, हरबंस सिंह चुग और प्रीतम सिंह संधू को षड़्यंत्र के तहत फंसाया गया है। इन तीनों का नाम एफआईआर से हटाया जाए।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### जमीन पर कब्जे का प्रयास पुलिस से शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शरीफनगर निवासी मोहम्मद आबिद पुत्र अब्दुल अजीज ने पुलिस को उसकी जमीन पर अवैध कब्जे के लेकर तहरीर दी है। पीड़ित ने तहरीर में कहा है कि उसकी खरीदी भूमि पर उसके पड़ोसी ने मेढ़ तोड़कर रविवार को जबरन कब्जा करना शुरू कर दिया। जब उसने मौके पर पहुंच कर कब्जे का विरोध किया तो आरोपी ने तमंचा उसकी कनपटी पर रखकर गाली गलौज शुरू कर दी और चेतावनी दी कि यदि दोबारा इधर आया तो मौत के घाट उतार दूंगा। किसी तरह वह जान बचाकर कोतवाली पहुंचा। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी को पहले भी कई मामलों में दिल्ली क्राइम ब्रांच द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा

**कांठ, अमृत विचार :** सोमवार को ऊमरी कलां निवासी वारंटी कासिम पुत्र मतलूब को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायलय भेज दिया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस से फरार चल रहा था।

### ई-बसें नहीं चलने से लोगों को हुई दिक्कत

**भोजपुर, अमृत विचार :** सोमवार को इलेक्ट्रिक बसें नहीं चलने से राहगीर परेशान रहे। चार्जिंग प्वाइंट के ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण बसें चार्ज नहीं हो पाईं। इसीलिए लोगों को बसों की सेवा नहीं मिली। लोगों का कहना है कि जब से मुरादाबाद से भोजपुर के लिए इलेक्ट्रिक बस की सेवा मिल रही है। सभी काफी फायदा हुआ है। लेकिन सोमवार को बसें नहीं चलने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

### मारपीट में युवती सहित चार पर रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी , अमृत विचार :** ग्राम जटपुरा निवासी अमर सिंह पुत्र मंगली ने थाना मैनाठेर में प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में बताया कि 26 मई को ईंटों को लेकर हुई कहासुनी के चलते ग्राम निवासी करन सिंह, आलोक, अंकित और विनीता ने लाठी-डंडे और सरिया लेकर गाली गलौज करते हुए उसकी पत्नी कमला पर हमला कर दिया। शोर होने पर बचाने आए सुमित को भी आरोपियों ने मारा पीटा। जिनको आसपास के लोगों ने आकर बमुश्किल बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अनुगूंज: जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के मंच पर एक शाम बेटियों के नाम कार्यक्रम आयोजित

# संघर्ष कर मुकाम हासिल करने वाली महिलाओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी 'अनुगूंज' के मंच पर एक शाम बेटियों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, एसएसपी हेमराज मीना ने शिक्षा, पुलिस प्रशासन एवं चिकित्सा क्षेत्र में योगदान करने पर उन्हें शाल ओढ़ाकर व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

सोमवार को जिगर मंच पर तीसरे दिन के कार्यक्रम एक शाम बेटियों के नाम कार्यक्रम का आरंभ जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना व डॉ. मधुबाला त्यागी, परियोजना



जिगर मंच पर रानी लक्ष्मीबाई नाटिका का मंचन करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने महिलाओं को किया सम्मानित। ● अमृत विचार

निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, जिला कृषि अधिकारी एवं प्रभारी सचिव ऋषुषा तिवारी, प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने मंच पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस बीच छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। सोमवार को एक शाम बेटियों के नाम कार्यक्रम का संयोजन डॉ.मधुबाला त्यागी ने किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृ शक्ति केसीएम एजुकेशनल सोसायटी की चेयरमैन सुनयना कोठीवाल, सीओ कोतवाली सदर सुनीता दहिया, सीओ एलआईयू आभा शर्मा, आनन्द अस्पताल की डायरेक्टर डॉ.निधि ठाकुर, प्रधानाचार्या राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार डॉ. मुक्ता अग्रवाल को सम्मानित किया। संचालन बाबा संजीव आकांक्षी एवं डॉ. प्रगति शर्मा ने किया। नीतू सिंह, लवली, रुचि रस्तोगी, सोनल, शोभा यादव, प्रभा कुमारी का योगदान रहा।

### लोकगीतों पर नृत्य कर दिखाई भारतीय संस्कृति की झलक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिगर मंच पर बेटियों की आन-वान-शान के लिए प्रताप सिंह कन्या इंटर कॉलेज, जेआर अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज, लक्ष्मी नारायण जगदीश सरन कन्या इंटर कॉलेज, प्रभा देवी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, राजकला पीडीए कन्या इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज, साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज, मेथोडिस्ट कन्या इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों की छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। छात्र-छात्राओं ने कई राज्यों के लोक गीतों पर नृत्य कर भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई। दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने छात्र-छात्राओं का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। संयोजक राजकला पीडीए गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रबन्धक संदीप गुप्ता रहे।

# जामा मस्जिद से बरवालान तक निगम ने हटवाया अतिक्रमण

## नाले पर लगे लोहे के जाल, दुकानों के छज्जे, सड़क की पटरियों पर बने चबूतरे को जेसीबी से किया ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने सोमवार को जामा मस्जिद जीआईसी चौक से कटघर रेलवे स्टेशन होते हुए बरवालान तक अतिक्रमण हटाया गया। दुकानों व भवनों के आगे बने चबूतरे, सार्वजनिक नाले पर लगे लोहे के जाल, दुकानों के आगे निकले छज्जे को जेसीबी से तोड़कर ध्वस्त कर दिया। कई जगह व्यापारियों व लोगों ने टीम से नोकझोंक भी की।

अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह के निर्देश पर जामा मस्जिद जीआईसी चौक पर जेसीबी के साथ प्रवर्तन दल की टीम पहुंची। उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने जीआईसी चौक से कटघर रेलवे स्टेशन, हमसफर बैंक्वेट हॉल, बरवालान रोड के दोनों तरफ सड़क की पटरियों, नाले पर किए अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कराया। दुकानदारों/भवन स्वामियों और रेहड़ी पटरी वालों के द्वारा सार्वजनिक नाले/नाली के ऊपर रैंप बनाकर रखे गए सामान, टीनशेड आदि को ध्वस्त कराया।



जामा मस्जिद चौराहे से बरवालान रोड पर अवैध निर्माण तोड़ती निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार



नाले पर अवैध निर्माण करने वालों का चालान करता निगम कर्मी। ● अमृत विचार

**अभियान**

- अतिक्रमण हटवाकर निगम के अधिकारियों ने दी चेतावनी
- कई जगह व्यापारियों की निगम की टीम से हुई नोकझोंक

फुटपाथ पर रखे सामान को भी टीम ने जब्त कर लिया। कई जगह दुकानदारों व लोगों ने टीम पर भेदभाव बरतने का आरोप लगाया। कहा कि केवल छोटे व कमजोर लोगों का ही अतिक्रमण तोड़ा जा रहा है। बड़े व्यवसायियों को छोड़ दिया जा रहा है।

जेसीबी के आगे भी कई दुकानदार आ गए जिसे प्रवर्तन दल के सदस्यों ने समझाकर हटाया। चेतावनी दी कि फिर से अतिक्रमण न करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीम में सहायक अभियंता रईस अहमद, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, प्रभारी प्रवर्तन दल एसके शाही व उनकी टीम के अलावा निर्माण विभाग के अभियंता, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय निरीक्षक व कर्मचारी आदि मौके पर उपस्थित रहे। वहीं नगर निगम की पथ प्रकाश अनुभाग की टीम ने वार्ड 15, 18, 41, 45, 46, 49, 60, 63, 67 और 69 में 67 एलईडी लाइटों की मरम्मत कराने के साथ ही लाइन फाल्ट को भी ठीक कराया।

### पाइपलाइन की लीकेज ठीक कराई

नगर निगम के जलकल अनुभाग की टीम ने वार्ड नंबर 5, 13, 25, 26, 33, 42, 47, 66, 34 व 65 में दो स्थान पर हो रही पेयजल की पाइपलाइन में लीकेज की मरम्मत का कार्य कराया गया।

### जेसीबी से कराई नाली की सफाई

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे के निर्देश पर स्वास्थ्य अनुभाग की टीम ने नवाबपुरा, फैजगंज, दीवान का बाजार, लाकड़ी फाजलपुर, काली मंदिर क्षेत्र में जेसीबी व छोटी पोकलेन मशीन से तलीझाड़ सफाई कराई। संचारी रोग के रोकथाम को असालतपुरा और गलशहीद मोहल्ले में एंटीलार्वा का छिड़काव कराया।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गलशहीद थाना क्षेत्र में दो युवकों ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ कर डाली। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना गलशहीद क्षेत्र के फसियो वाली गली सीधी सराय निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 24 मई की रात लगभग 9:00 बजे महिला अपने घर में बैठी थी। इस बीच सलीम निवासी हरि चुग्गो वाली मस्जिद असालतपुरा, सलीम की पत्नी हुमैरा, समीर व दानिया निवासी बमपुलस असालतपुरा थाना गलशहीद घर में घुस आए। महिला का आरोप है कि दोनों युवकों ने मेरे साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर मारपीट की गई। सलीम व समीर ने अश्लीलता भी की। इस बीच हुमैरा और दानिया ने मुझे पकड़ा और समीर ने पिस्टल से गोली चलाई, लेकिन फायर मिस हो गया। शोर सुनकर पास के लोग आए गए। इस बीच सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी सलीम, समीर, हुमैरा और दानिया पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जवाहरलाल नेहरू को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गंज गुरहट्टी चौराहा स्थित जिला कार्यालय पर कांग्रेसियों ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की 60वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और गोष्ठी में उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

गोष्ठी में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि पं. जवाहरलाल नेहरू की वैज्ञानिक सोच के कारण ही आज भारत विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है। पं. जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के वास्तुकार कहे जाते हैं। पं. जवाहरलाल नेहरू ने भारत में औद्योगिक क्रांति प्रारंभ की बड़े-बड़े बांध, एम्स, इंजीनियरिंग कॉलेज, महाविद्यालय,




जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद व अन्य।

- कांग्रेसियों ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री को आधुनिक भारत का वास्तुकार बताया

विश्वविद्यालय की स्थापना की। वह आज की युवा पीढ़ी के लिए मजबूत नींव रख कर गए, जिसको भुलाया नहीं जा सकता। अमीरुल जाफरी एडवोकेट, श्याम सरन एडवोकेट, विवेक गुप्ता, अफजल साबरी, मोहम्मद नाजिम, राजेंद्र वाल्मीकि, मोहतसिम मुख्तार, मंगलसेन, हाजी अकरम व हैदर अंसारी शामिल रहे।

## अब राशनकार्ड धारकों को करानी होगी ई-केवाईसी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आयुक्त खाद्य एवं रसद के निर्देश पर सभी राशनकार्ड धारकों को अब हर यूनिट का ई-केवाईसी करानी होगी।

जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को कार्ड में शामिल हर यूनिटों का ई-केवाईसी कराना है। इसके लिए सभी कोटेदारों को निर्देश दिया है कि राशन कार्डों में शामिल प्रत्येक यूनिट का अलग-अलग महीने में सदस्यों की ई-पॉश मशीन पर ईकेवाईसी कराना सुनिश्चित करें। इसकी सूचना अपने दुकान पर चस्पा कर कार्डधारकों को इसके लिए प्रेरित करें। इसका विवरण एक अलग रजिस्टर में दर्ज करें।

# गोकशी में चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** गोकशी करने में चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके पास से एक तमंचा, गोवंश काटने की तीन छुरी, रस्सी, पाठल, लकड़ी का अड्डा एवं 2900 रुपये मिले हैं। इन्हें सभी सामानों के साथ कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस बाकी फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

चार दिन पहले सुबह को खेतों पर जा रहे ग्रामीणों ने देखा था कि डिडौली एवं पाकबड़ा थाना क्षेत्र के बॉर्डर के गांव वारीपुर के जंगलों में गोवंश के अवशेष पड़े मिले थे। जिसकी सूचना पर और भी ग्रामीण इकट्ठा हो गए थे। बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को गड्ढा खोदकर दबा दिया गया



पुलिस की गिरफ्त में गोकशी के चारों आरोपी। ● अमृत विचार

था। हकीमपुर चौकी इंचार्ज संजय त्यागी की ओर से अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था। जिसमें पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आसिफ पुत्र खछेड़ू निवासी छिपी वाला मोहल्ला क़स्बा पाकबड़ा, बेगराम पुत्र हरदेव निवासी ग्राम मोढ़ा, आकाश पुत्र हंसपाल निवासी ग्राम वारीपुर पाकबड़ा, संजीव पुत्र हरगोविंद निवासी वाजिदपुर थाना डिडोली, अमरोहा को जेल भेज दिया है। बाकी फरार जुनैद पुत्र नासिर, आमिर पुत्र हाजी शौकीन निवासी पायती कला डिडौली अमरोहा, आशिक पुत्र मोमीन

**कार्रवाई**

- छुट्टा गोवंश को पकड़कर रात में करते थे कटान
- फरार आरोपियों की तलाश कर रही है पुलिस

निवासी मंसूरपुर असमोली संभल, भूरा उर्फ पाशा उर्फ सुहेल निवासी गली नंबर 9 कटघर मुरादाबाद की तलाश में एसओजी एवं पाकबड़ा पुलिस लगी हुई है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। बताया कि यह लोग आसपास के खेतों में घूम रहे छुट्टा पशुओं को खेतों में ही बांध दिया करते थे। उसके बाद रात को गोकशों को बुलाकर उन्हें कटवा दिया करते थे। इस तरह से इन पर लोगों पर शक भी नहीं हुआ करता था। ये लोग काफी समय से यह काम कर रहे थे। पाकबड़ा पुलिस एवं एसओजी ने मिलकर चारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**परेशानी** 15 दिन से लगातार हो रही कटौती से परेशान मिलन विहार के लोगों ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन, सुचारु आपूर्ति की मांग

# कटौती से तंग लोग पहुंचे उपकेंद्र, 250 केवी का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बिजली कटौती को लेकर महानगर के लोग अब तंग आ चुके हैं। बिजली कटौती पर अंकुश लगाने के दावे सही साबित नहीं हो रही है। भीषण गर्मी में बिजली गुल होने से उपभोक्ता व्याकुल हैं। वहीं, लो वोल्टेज भी समस्या बनी है। नींद पूरी न होने से लोगों में बेचैनी, उलझन और चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। लोग विभाग की लचर व्यवस्था को कोस रहे हैं।

पिछले 15 दिनों से परेशान मिलन विहार के लोगों ने बिजली कटौती के समाधान के लिए बिजली विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, वहीं दीवान बाजार विद्युत उपकेंद्र पर



रहमतनगर में ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए लगा कूलर।



अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते मिलन विहार के लोग।

कटौती परेशान गुस्साए लोगों की भीड़ उपकेंद्र पर जा धमकी।

सोमवार को दो दिन से परेशान दीवान बाजार, नबावपुरा, चौरासी घंटा मोहल्ले के लोगों की भीड़ 12 बजे विद्युत केंद्र दीवान बाजार पर जा धमकी। गुस्साए लोगों का कहना है कि उपकेंद्र से जुड़े तीन मोहल्लों के एक हजार से अधिक उपभोक्ता रात दिन की कटौती से परेशान हैं। वहीं, नबावपुरा मोहल्ले के लोग बिजली न होने के कारण बीमार पड़ने लगे हैं। 15 दिन से बिजली कटौती से परेशान मिलन विहार के 450 उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र पर समस्या का हल न होने पर अधिशासी अभियंता वितरण खंड प्रथम सुधाकर कुमार को कार्यालय

> मिलन विहार के लोगों की समस्या बिजली कटौती के साथ लो वोल्टेज की थी। वहां 450 केवी का ट्रांसफार्मर लगा है। अब 250 केवी का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगा दिया है। जिससे गर्मी से फिलहाल लोगों को राहत मिल सके।
>
> **-सुधाकर कुमार,** अधिशासी अभियंता वितरण खंड प्रथम

में मिलन विहार विकास समिति की ओर से ज्ञापन सौंपा। समिति के सुधांशु कौशिक ने बताया कई वर्षों से गर्मी आते ही बिजली व्यवस्था खराब हो जाती है। एसडीओ व जेई से कहने बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं है। लो वोल्टेज और सुचारु आपूर्ति न होने से कई बार लोगों के घरों में फाल्ट हो गए हैं। इस बार एक सप्ताह से लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या के कारण मिलन विहार के केके सक्सेना के घर में एसी फटने घर में आग लगते लगते बची। तहसील स्कूल के रहने वाले लोग भी पिछले सात दिन बिजली कटौती से परेशान हैं। अधीक्षण अभियंता मनीष चोपड़ा ने बताया की गर्मी में 43 डिग्री तापमान में 60 से 70 प्रतिशत के बीच ट्रांसफार्मरों का तापमान पहुंच रहा है। ऐसे में उन्हें ठंडा करने के लिए विद्युत केंद्रों पर कूलर और पंखे लगाए गए हैं। जिसमें सबसे अधिक हिट होने वाले ट्रांसफार्मर दीन बुंधुपुरम, दस सराय विद्युत उपकेंद्र हैं।

# बुकिंग से पहले रेलवे स्टेशन पर सामान की होगी स्कैनिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशनों से बुक होने वाले सामान की अब बुकिंग से पहले स्कैनिंग की जाएगी। स्कैनिंग के बाद ही सामान लोड होगा। रेलवे में पार्सल के जरिए भेजे जाने वाले लगेज में विस्फोटक सामग्री की आशंका बनी रहती है। गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस समेत अन्य मौकों पर भेजे जाने वाले सामान और पेटियों को खुलवाकर जांच की जाती है, लेकिन अब पार्सल स्कैनर मशीन से लगेज के अंदर क्या है, तत्काल पता चल जाएगा।

पार्सल में सामान की बुकिंग को पारदर्शी बनाने के लिए रेलवे प्रशासन नई शुरुआत कर रहा है। मुरादाबाद में पार्सल से बुक होने वाले सामान की अब पड़ताल हो सकेगी। पार्सल स्कैनर मशीन भेजे जाने वाले हर सामान की जांच करेगी। रेलवे में पार्सल सामग्री की स्कैनिंग के बाद ही बुकिंग होगी। हर आइटम को खोलकर देखा नहीं जा सकता। दरअसल पेटी व पैक्ड सामान को खोलकर देखना संभव नहीं है। कारोबारी के बताने पर ही लगेज में आइटम को मान लिया जाता है। रेलवे का मानना है कि कई बार अनाधिकृत रूप से विस्फोटक व नशीले सामान बुक हो जाते हैं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर पार्सल में लगेज की स्कैनिंग मशीन लगाई जा रही है। स्कैनिंग के बाद ही सामान की बुकिंग होगी। कारोबारी के लगेज को यूं ही बुक कर गंतव्य पर भेज दिया जाता था। अब स्कैनिंग के बाद लगेज बुकिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## एक नजर

### सीएचसी में हंगामा करने वालों के खिलाफ दी तहरीर

**रहरा, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहरा में पिता-पुत्र ने जमकर हंगामा किया। सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी ने थाना रहरा में तहरीर देकर पिता-पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया कि रहरा के कुछ व्यक्ति अस्पताल में आकर आए दिन बिना किसी बात के हंगामा करते हैं। राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हैं। सोमवार को तनुराज त्यागी एवं उसके पिता शूरवीर त्यागी ने चौकीदार जितेन्द्र कुमार के साथ गाली-गलौज की और जाति सूचक शब्द कहे। धक्का मुक्की की और जान से मारने की धमकी दी। सीएचसी प्रभारी ने बताया कि अगर इस मामले में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है, तो अस्पताल का स्टाफ हड़ताल करने के लिए बाध्य होगा। थाना अध्यक्ष रहरा रमेश सहरावत ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है।

### लोकसभा चुनाव मतगणना की तैयारी, बैठक में जिलाधिकारी ने की समीक्षा

# विजय जुलूस नहीं निकाल सकेंगे प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


अधिकारियों के साथ बैठक में तैयारी की समीक्षा करते जिलाधिकारी।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतगणना की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। मंडी समिति में होने वाली मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों को निर्देश के बारे में जानकारी दी। कहा कि मतगणना परिणाम की घोषणा के बाद विजय प्रत्याशी जुलूस नहीं सकेंगे।

चार जून को मंडी समीति में मतगणना होगी। इसकी तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने चिकित्सा, विद्युत, पानी, खान-पान, मीडिया सेंटर, वाहन पार्किंग, मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण, मतदाता एजेंट, डाक मत पत्रों की गणना, कंप्यूटर नेटवर्क आदि व्यवस्थाओं को लेकर प्रभारी अधिकारियों से जानकारी ली। कहा कि मतगणना स्वतंत्र, निष्पक्ष पारदर्शी तरीक से संपन्न करानी होगी। जिस अधिकारी को जो जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, वह उसका निर्वहन करेंगे। आयोग की गाइडलाइन का पालन होना चाहिए। किसी भी प्रत्याशी के पक्ष-विपक्ष में कुछ भी बोलना नहीं है। परिणाम कुछ भी हो, कार्मिक अधिकारी के चेहरे पर मुस्कान नहीं आनी चाहिए। डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि मतगणना स्थल पर एक अस्थायी चिकित्सालय की व्यवस्था की जाए। इसमें बेड, कार्डियोलॉजिस्ट, शुगर, बीपी, बुखार, सिर दर्द निवारक दवाएं अवश्य उपलब्ध हों। प्रत्येक विधानसभा वार कंप्यूटर और प्रिंटर की व्यवस्था होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना स्थल पर कोई भी मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं ले जा सकेंगे।

एडीएम वित्त एवं राजस्व से कहा कि मतगणना स्थल पर नेटवर्क की अच्छी व्यवस्था हो। बताया कि जिले की चार विधानसभाओं मंडी धनौरा, नौगांवा सादात, अमरोहा, हसनपुर की मतगणना मंडी स्थल अमरोहा में की जाएगी। जबकि पांचवीं विधानसभा गढ़मुक्तेश्वर की मतगणना हापुड़ में की जाएगी। मतगणना से तीन दिन पहले सभी पार्टी पदाधिकारी अपने एजेंट बनवा लें। मतगणना सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। सभी एजेंट समय से अवश्य पहुंच जाएं। पहले पोस्टल मत की गणना की जाएगी। एक बार काउंटिंग शुरू होने के बाद कोई एजेंट बदला नहीं जाएगा।

### विद्यालयों के पास सड़कों पर लगाएं स्पीड ब्रेकर

**अमरोहा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने यातायात के नियमों का पालन कराने पर जोर दिया। विद्यालयों के पास सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्रबंधक को बैठक की सूचना देने के बावजूद उपस्थित न होने पर डीएम ने संभागीय परिवहन अधिकारी को स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। कहा कि आवश्यक जगहों पर रिफ्लेक्टर लगवाए जाएं। उसके साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट और ब्लैक स्पॉट बंद किए जाएं। जहां जरूरी हो, वहां कट भी बनाया जाए। रोड के किनारे के जो विद्यालय हैं, वहां स्पीड ब्रेकर लगाए। बिना सीट, बेल्ट, हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। सड़क सुरक्षा के नियमों से खिलवाड़ न हो।

# आसमान से बरस रही आग, तापमान 44 डिग्री के पार

## तपिश से झुलस रहा लोगों का शरीर, गर्मी में घरों से निकलना हुआ मुश्किल, अभी राहत की उम्मीद नहीं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

**अमृत विचार :** इस माह के अंतिम सप्ताह में सूर्यदेव के तेवर तल्ख होते जा रहे हैं। आसमान से बरसती आग और तपिश से लोगों का शरीर झुलस रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। लू और कड़ी धूप के बीच घरों से निकलना मुश्किल रहा।

गर्म हवा ने राहगीरों के वाहनों की रफ्तार धीमी कर दी है। गर्मी के बीच घर में पंखे, कूलर व एसी की हवा से भी राहत नहीं मिल रही है। आसमान से बरस रही आग से लोग व पशु-पक्षी बेहाल हैं। सुबह आठ बजते ही चिलचिलाती धूप में सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। कुछ छात्राएं व छात्र धूप से बचने के लिए चेहरे कपडे.से ढककर निकल रहे हैं, तो कुछ लोग इससे बचाव के लिए छाता का सहारा ले रहे हैं। सोमवार को 12 बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। कड़ी धूप के बीच बस के इंतजार में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, गजरौला क्षेत्र में भीषण गर्मी से निजात पाने को लोग रसदार फलों का सहारा ले रहे हैं। लस्सी, सत्तू आदि देशी पेय व तरबूज, खीरा सबसे मुफीद साबित हो रहे हैं। इसके अलावा मौसम की मार रोजगार पर भी पड़ रही है। उद्योग धंधे भी प्रभावित हो रहे हैं। मजदूर को काम करने में दिक्कत हो रही है। काम के लिए मोची, रिक्शा चालक, ठेला चालकों को संघर्ष करना पड़ रहा है। चिलचिलाती धूप में ग्राहक व सवारी के इंतजार में दिन गुजर रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। इसके कई फायदे हैं। हेलमेट पहनने से धूप व लू से बचाव होगा।


अमरोहा में कपड़े से चेहरा ढककर जातीं युवतियां।


समर कैंप में आइसक्रीम व फ्रूटी दिखाते विद्यार्थी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

"गर्मी के मौसम में ताजे फलों का प्रयोग करें। तेज धूप में घरों से बाहर न निकलें और अगर जरूरी काम से निकलना पड़े, तो सिर को ढककर और पूरी आस्तीन के कपड़े पहनकर ही निकलें। बासी भोजन का इस्तेमाल न करें। पानी का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें। स्वास्थ्य खराब होने पर अस्पताल में चिकित्सक की सलाह लें। – **डॉ. प्रांजल मिश्रा,** चिकित्सक जिला अस्पताल

### ऐसे करें बचाव

- पानी पीकर घर से निकलें।
- धूप से बचाव के लिए ग्लब्स पहनें।
- छाता व गमच्छा ओढ़ें।
- साथ पानी की बोतल रखें।
- ककड़ी, खीरा का इस्तेमाल करें।

### समर कैंप में बच्चों ने की मस्ती

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाईस्कूल में एक सप्ताह से नियमित आइसक्रीम एवं फ्रूटी समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कक्षा-6 के छात्र छात्रों के लिए एक समर कैंप लगा। इसमें बच्चों ने फ्रूटी एवं बिस्किट का आनंद लिया। इस दौरान प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा, उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, मीनाक्षी सक्सेना, प्रधानाचार्य निंशात त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहनलाल, राजीव शर्मा, सुनील यादव, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, मधुबाला, भावना, सीमा, मंजरी दीक्षित, निकिता, अक्षय शर्मा, खुशबू शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पार्क के पास शिविर में लोगों को बांटा शरबत

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में संचालित मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ योग एवं आरोग्य योग केंद्र के माध्यम से सोमवार को कैंप लगाकर रहागीरों को शरबत का वितरण किया गया। नगर के आंबेडकर पार्क के निकट कैंप लगाया गया। इसमें केंद्र के सदस्यों ने राहगीरों को शरबत पिलाया। शरबत पीकर लोगों ने गर्मी से राहत पाई। अंकित गर्ग ने बताया कि आरोग्य योग केंद्र के माध्यम से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया जाता है। इस मौके पर योग आचार्य सुमित त्यागी, महेंद्र सिंह चावला, अंकित गर्ग, देशदीप, कुलभूषण सक्सेना, मुकेश अग्रवाल, महेंद्र एडवोकेट, वैभव चौहान, राघव गर्ग, राजेश चौहान अग्रवाल, पूनम चौहान, बबीता अग्रवाल, ग्रेसी, नंदनी चौधरी आदि मौजूद रहे।

# हादसे में घायल युवक की मौत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** पांच दिन पहले हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई। परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

गांव रुखालू निवासी परम सिंह का बेटा जितेंद्र (22) गुरुवार रात आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव देहरी खादर अपनी ससुराल जा रहा था। इस दौरान रहरा-गवां मार्ग पर दढ़ियाल गांव के पास उसकी बाइक गोवंश से टकरा गई थी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। बाद में परिजनों ने उसे पाकबाड़ा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देख मेरठ रेफर कर दिया। देर रात मेरठ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि वह अपने पीछे पत्नी व डेढ़ साल की बच्ची आकांक्षी को रोते-बिलखते छोड़ गया है। कोतवाल सनोज प्रताप ने बताया कि इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।


गांव रुखालू में विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार ग्रामीण घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के रहरा मार्ग पर रविवार देर रात ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार ग्रामीण घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव अलीपुर मिलक निवासी लखपत किसी कार्य से गांव भोगपुरा गए थे। रविवार रात्रि वह वहां से घर बाइक से लौट रहे थे, जैसे ही इनकी बाइक रुस्तमपुर के निकट पहुंची तो पीछे से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे लखपत गंभीर रूप से घायल हो गए।

### मारपीट में महिलाओं समेत सात लोग घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला चमन में शराब के नशे में दो पक्ष आपस में मारपीट कर रहे थे। तभी बीच बचाव करने पर मारपीट करने वाले भड़क गए। आरोपियों ने घर पर चढ़ाई कर दी। इसमें साहिबा पत्नी मारूफ, पाकीजा पत्नी अनवर, फुरकान व मोहसिन को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ितों की कार में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। घटना वीडियो वायरल हुआ है।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीरपर महिला समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक लोहे की रॉड बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप ने बताया कि पीड़ित मोहसिन की तहरीर पर सिकंदर, जोगिंदर, सुशीला, राजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। राजू व जोगिंदर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# महिला ने भाइयों से ननद और बहनोई को पिटवाया

- गांव पंडकी की घटना, थाने में दी तहरीर, घायलों को भर्ती कराया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव में घर आए बहनोई व ननद को साले की पत्नी ने अपने भाइयों से लाठी डंडों से पिटवाया। इससे दोनों घायल हो गए। पीड़ित थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की माग की। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

गांव पंडकी में सोनू अपने परिवार के साथ रहता है। कुछ समय से सोनू अपने बहनोई उदयवीर निवासी जमालुद्दीन चांदपुर जनपद बिजनौर के घर रहकर रहकर मजदूरी करता है। रविवार को सोनू ने अपने बहनोई उदयवीर व बहन ओंमकारी को बेटी बीमार होने की बात कहते हुए रुपये देने के लिए अपने गांव भेजा था। रविवार को पति-पत्नी सोनू के घर पहुंचे तो उन्हें देख सोनू की पत्नी आग बबूला हो गई। वह गाली गलौज करने लगी, जब दंपती ने विरोध किया तो सोनू की पत्नी ने फोन कर अपने मायके वालों को बुला लिया। उसने अपने भाइयों से उनकी पिटाई कराई। उसने भी दोनों की जमकर पिटाई की। इससे वे घायल हो गए।

घायल अवस्था में दंपती थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। थाना अध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि इस संबंध में तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों को सीएचसी भेजा गया है, जांच कराई जा रही है।


उझारी में आयोजित पंचायत में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

# भाकियू की पंचायत में हुई किसानों के मुद्दों पर चर्चा

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** उझारी में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत हुई। इसमें मारूफ चौधरी को नगर अध्यक्ष बनाया गया और 30 लोगों की कार्यकारिणी तैयार की गई।

उझारी के किसानों ने खाद समिति पर समय से खाद न देने के आरोप लगाया। कुछ किसानों ने बिजली बिलों में गड़बड़ी के सबूत दिखाए। किसानों ने कहा कि छुट्टा पशु फसलों में नुकसान कर रहे हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ॠषिपाल सिंह मंगत ने सभी किसानों को प्रमाण पत्र दिए। कहा किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मयंक धारीवाल, युवा जिलाध्यक्ष रवि चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, जोगिंदर सिंह, जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, इरशाद अली, फैसल चौधरी आदि मौजूद रहे।

**समस्या** गांव झुंडी खादर और फिरोजाबाद में रास्तों पर कीचड़ से लोगों को हो रही दिक्कत

# चामुंडा मार्ग पर जलभराव के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गांव झुंडी खादर में चामुंडा मंदिर और प्राथमिक विद्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर जलभराव व कीचड़ है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और मार्ग को ठीक कराने की मांग की।

इस 30 मीटर लंबे मार्ग पर जलभराव से छात्र-छात्राओं व महिलाओं दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में सत्य प्रकाश,अनिल कुमार, अमिचंद, वीर सिंह, चरन सिंह, खेमचंद, नौसिहं, संतराम आदि मौजूद रहे।


झुंडी खादर में विरोध प्रदर्शन करते लोग।


फिरोजाबाद में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### फिरोजाबाद में मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव फिरोजाबाद के मार्ग पर जलभराव व गंदगी होने से नाराज ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने समस्या का समाधान करने की मांग की। गांव फिरोजाबाद में स्थित गांव बेगपुर को जाने वाले मार्ग पर जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस मार्ग को सही करवाने के लिए ग्राम प्रधान राजेश से कई बार कहा। लेकिन, ग्राम प्रधान ने सुनवाई नहीं की। इससे नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीण प्रीतम सिंह ने बताया कि यह मार्ग काफी इन दिनों से खराब है। इस पर निकलना दुश्वार हो गया है। कहा कि अगर समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो उच्च अधिकारियों से से शिकायत करेंगे। प्रीतम सिंह, भरत सिंह, वीर सिंह, तेजपाल सिंह, रामकुमार, ओमकार, रोबिन आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी पर धमकी देने के मामले में रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** धर्म परिवर्तन कराकर कर दुष्कर्म करने के आरोपी के खिलाफ मुकदमा के फैसले का दबाव बनाकर धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां निवासी चांद संभल जिले के एक गांव में रहने वाले मजदूर की नाबालिग बेटी को बहला- फुसलाकर अपने साथ अमरोहा ले आया था। किशोरी का धर्म परिवर्तन कराकर चांद ने उसके साथ निकाह भी कर लिया था। 27 जनवरी को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किशोरी के साथ चांद को कचहरी के पास जोया रोड पर पकड़ लिया था। हंगामे के बीच चांद मौका पाकर भाग गया था। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और धर्म परिवर्तन की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि 23 मई की सुबह पीड़िता अपने परिजनों के साथ कोर्ट में गवाही के लिए आई थी। इस दौरान आरोपी चांद ने साथियों के साथ मिलकर फैसला करने के लिए दबाव बनाया। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी चांद व दो महिलाओं समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** कस्बा बछरायूं के मोहल्ला बकाबाद पीली कोठी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सोमवार को बैठक हुई। इसमें मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य व कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना व चुनाव में मेहनत करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान जितेन्द्र सैनी, शैख चिरागुद्दीन, सुरेश सैनी, चंद्रसैन, अंकुर अग्रवाल, मंगत सिंह, हरीओम, रोहित पाल, मोहित आर्य, नरेन्द्र , उत्पल, सोमेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, डॉ. मोहमद हुसैन, सुनिल वाल्मीकि, जितेंद्र यादव आदि रहे।


शिविर में शामिल छात्र-छात्राएं व अन्य। ● अमृत विचार

### शिविर में बच्चों ने किया मनोरंजन

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित सुनील कुमार इंटरनेशनल अकादमी में सोमवार को कैंप लगा। इसका आरंभ अध्यक्ष गोपाल सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर किया। कैंप में जिप लाइनिंग, रोप एक्टिविज, माउंटेन बाइकिंग, वर्मा ब्रज, बारिश में नृत्य एवं अन्य कार्यक्रम हुए। चेयरमैन गोपाल सक्सेना ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों का मनोरंजन एवं शारीरिक विकास होता है। उन्होंने बताया कि इस कैंप में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। इस मौके पर कलश सक्सेना व शर्वाणी सक्सेना आदि रहे।


रमाबाई की पुण्यतिथि के मौके पर जुटे अध्यापक। ● अमृत विचार

### राजकीय महाविद्यालय में मनाई रमाबाई की पुण्यतिथि

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर स्थित रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को रमाबाई आंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई। स्टॉफ ने माता रमाबाई आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य प्रो. डॉ. इन्द्रदेव सिंह ने रमाबाई आंबेडकर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। संचालक डॉ. चन्द्रवीर सिंह ने रमाबाई के जीवन व बलिदान की चर्चा की। इस दौरान डॉ. संदीप कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. रईस अहमद, डॉ. मनमोहन वर्मा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. संयम, डॉ. रीना रस्तोगी, डॉ. शशि सोलंकी, डॉ. श्वेता अग्रवाल, डॉ. नेहा अग्रवाल, हरपाल सिंह, सुनील, धर्मेन्द्र सिंह, शशि, मेराज हसन आदि मौजूद रहे।


पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी।

### पंडित नेहरु ने देश को अखंड बनाया: कटारिया

**सैदनगली, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के आवास मोहल्ला सबदलपुर शर्की में कार्यक्रम हुआ। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरु देश की आजादी की लड़ाई लड़ते हुए अनेक वर्षों तक जेलों में रहे। उन्होंने इस देश को अखंड बनाया। रोजगार के अवसर पैदा किए। उद्योग लगाए, सेना मजबूत की और कभी भी भारत के स्वभिमान को कम नहीं होने दिया। उन्होंने मुश्किल घड़ी में भारत को आगे बढ़ाने का काम किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष फैज आलम राइनी, डॉ. अहमद मुर्तजा, हरिओम पुष्कर, मोमराज सिंह पंवार, बागेश चौधरी, राजपाल सैनी, मास्टर धर्मपाल सिंह, दीपक गौतम, दीपक चौधरी, विजय प्रधान, अफसर अली सैफी, मकसूर अंसारी, हरस्वरुप प्रधान, मनोज कटारिया आदि मौजूद रहे।


रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी।

### शिविर में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

**गजरौला, अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में सोमवार को विम्स मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वीजीआई मेरठ और रेडक्रॉस सोसायटी ऑफ इंडिया की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं व शिक्षकों व स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने 268 यूनिट रक्तदान किया। लोगों के जीवन को बचाने की शपथ दिलाई गई। रक्तदान शिविर का आरंभ डॉ. सुधीर गिरि, रेडक्रॉस दिल्ली के डॉ. अनुराग, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सीईओ अजय वास्तव, डॉ. आईबी राजू, डॉ. गरिमा भटनागर ने फीता काटकर किया। सबसे पहले प्रतिकुलाधिपति व सीईओ ने रक्तदान किया। इसके बाद नर्सिंग, फार्मेसी, एग्रीकल्चर प्रबंधन के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान नर्सिंग डीन डॉ. एना एरिक ब्राउन, डॉ. ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. कीर्ति पसरीचा, डॉ. सची अहलावत, डॉ. स्नेहा गौतम, डॉ. नौशाद आदि रहे।

### नहर में डूबा युवक, साथियों ने बचाया

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात क्षेत्र में युवक नहर में नहाते समय डूब गया। हालांकि साथियों ने उसे बचा लिया। नौगांवा निवासी नौशाद अपने साथियों के साथ रविवार को मध्य गंगा नहर में नहाने के लिए गया था। बताया है कि जब उसके साथी नहर में कूद कर नहा रहे थे, तो वह उनके साथ नहर में नहाने लगा। इस दौरान वह नहर में पानी के तेज बहाव के सामने पहुंच गया और डूबने लगा।

# किसान को धर्म की बातों में उलझा कर 70 हजार की रकम ले उड़े ठग

## बुलंदशहर में ट्रैक्टर बेचकर आया था, घर की हालत सुधारने का दिया झांसा

संवाददाता, संभल

- अपनी जेब से दस हजार देकर किसान से ले गए 70 हजार

**अमृत विचार:** बुलंदशहर में ट्रैक्टर बेचकर आये किसान को संभल में ठगों ने धर्म की बातों में उलझाकर घर की हालत सुधारने का झांसा देकर 70 हजार की रकम ठग ली। ठगों ने पहले किसान को दस हजार की रकम दी और फिर उसके 70 हजार रुपये लेकर फरार हो गये। इस प्रकार किसान को 60 हजार का चूना लग गया। ठगों की धरपकड़ को पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालीं।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव नगला निवासी किसान शबाबुल बुलंदशहर में टैक्टर बेचकर मिली 71 हजार रुपये की रकम पैंट की जेब में रखकर रोडवेज बस में सवार होकर सोमवार को साढ़े ग्यारह बजे सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदौसी चौराहे पर पहुंचा था। अन्य सवारियों के साथ रोडवेज बस से उतरकर वह घर जाने लगा तो एक युवक ने उसे रोक लिया और किसी का पता पूछने लगा। इतने में ही एक अन्य व्यक्ति पहुंचा और दीन की बात करते हुए घर की स्थिति के बारे में बताकर शबाबुल को अपने झांसे में ले लिया।

इसके बाद ठग ने कुछ पढ़ते हुए अपने साथी ठग को आगे की ओर भेज दिया। ठग वापस आया तो उसने अपने पर्स से दस हजार रुपये निकालकर शबाबुल को दिए। कहा कि दस कदम आगे जाकर फिर पीछे लौट आना। इसी बीच में ठग ने शबाबुल की जेब में रखे 71 हजार रुपये उड़ा लिए। जब शबाबुल दस कदम आगे जाकर वापस लौटकर आया तो दोनों ठग गायब थे। आसपास में तलाश करने के बाद शबाबुल ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली तो एक ठग शबाबुल को दस हजार रुपये देता दिखाई दे रहा है।

### नकाबपोश बदमाशों ने टोकने पर ग्रामीण को मारी गोली

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में रविवार की रात घर में दाखिल हुए चार नकाबपोश बदमाशों ने मकान स्वामी के टोकने पर उसे गोली मारकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर एएसपी उत्तरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना क्षेत्र के गांव दुल्हापुर बंद उर्फ दारापुर निवासी शहजाद रविवार की रात अपनी पत्नी बच्चों के साथ घर के आंगन में सो रहा था। देर रात साढ़े तीन बजे चार नकाबपोश बदमाश शहजाद के घर में घुस आए। आहट होने पर शहजाद की आंख खुल गई। शहजाद ने बताया कि उसने टोका तो बदमाशों ने उस पर फायर झोंक दिया। गोली लगने से शहजाद मामूली घायल हो गया। शहजाद पर जानलेवा हमला होने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रेनू देवी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। वहीं एएसपी उत्तरी श्रीश्चंद भी मौके पर पहुंचे। शहजाद से घटना के बारे में पूछताछ कर आसपास व जंगल में बदमाशों को पकड़ने के लिए कॉबिंग की, लेकिन बदमाशों का पता नहीं चला। थाना प्रभारी रेनू देवी ने बताया कि शहजाद का अपने भाई से जमीन का विवाद को लेकर न्यायालय में वाद चल रहा है। मामला संदिग्ध लग रहा है। घटना की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### जिला योगासन प्रतियोगिता कल

**संभल, अमृत विचार :** जिला योगासन संघ के तत्वावधान में जिला योगासन प्रतियोगिता 29 मई को सुबह 8 बजे से त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल एवं कन्या गुरुकुल कल्यानपुर में होगी। यह निर्णय पदाधिकारियों ने बैठक करके लिया। कोच और खिलाड़ियों से प्रतियोगिता को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में दिनेश कुमार, संजीव सारस्वत, भोले सिंह आर्य, अजय शर्मा, मनोज शर्मा, सुनील कुमार आदि रहे।

### बार एसोसिएशन के सचिव बने अब्दुल्ला अदील

**संभल अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट सीनियर बार एसोसिएशन की बैठक में बार के सचिव धर्मपाल यादव की सदस्यता बार विरोधी गतिविधियों के कारण सर्वसम्मति से समाप्त कर दी गई। पद रिक्त होने पर अधिवक्ता रामपाल सिंह, सुधीर कुमार शर्मा, मुस्तहसिन रजा जैदी आदि ने अब्दुल्ला अदील रिजवी का प्रस्ताव रखा। सर्वसम्मति से सदस्यों ने एक मत होकर अब्दुल्ला अदील रिजवी को सचिव पद पर नियुक्त करने के लिए प्रस्ताव पारित किया। उन्हें निर्विरोध नियुक्ति पत्र जारी करने तथा अगली बैठक में शपथ ग्रहण कराने का निर्णय लिया। बैठक में राजेंद्र सिंह सैनी, सरदार अहमद, सत्यप्रकाश यादव, वकार हैदर, नईम खां, जाकिर हुसैन, फहीम खां, संदीप भारद्वाज, गुल मोहम्मद, सुहेल रजा जैदी, चौधरी रमेश सिंह आदि रहे। अध्यक्षता गयूर अहमद ने तथा संचालन मुस्तहसिन रजा जैदी ने किया।

### मोबाइल के विवाद में युवक को किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** मुहल्ला जगत में दरीबा निवासी रिजवान ने सोमवार को बताया कि रविवार की सुबह मुहल्ला का ही एक व्यक्ति घर में घुसकर मोबाइल चोरी कर ले गया था। आरोप है कि मोबाइल मांगने पर व्यक्ति ने रिजवान से रुपये मांगे। इसी बात को लेकर रिजवान का व्यक्ति से विवाद हो गया। आरोप है कि मौका पाकर व्यक्ति ने रिजवान की पत्नी हसीब, मां खैरुल निशा व भाई इरफान, इकराम के साथ मारपीट की। परिजन रिजवान को घर छोड़कर व्यक्ति की शिकायत करने देर शाम कोतवाली पहुंचे। इसी बीच व्यक्ति वापस रिजवान के पास पहुंचा और लोहे की किसी चीज से हमला कर रिजवान को घायल कर दिया। पुलिस ने रिजवान का जिला अस्पताल में देर रात मेडिकल कराया।

## कालाबाजारी के शक में पकड़े गए चावल मामले की जांच अभी बेनतीजा

**बबराला, अमृत विचार :** कालाबाजारी के शक में पकड़े गए ट्रक में लदा चावल राशन का है या राइस मिल से खरीदा गया? इसे लेकर अधिकारी कुछ कहने से बच रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि अभी तक चावल का मालिक सामने नहीं आया है। जिससे स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। वहीं पूर्ति निरीक्षक ने जांच जारी रहने की बात कही है।

रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे नायब तहसीलदार बबलू कुमार ने चावल से भरा ट्रक यूपी 38 टी-3851 इंदिरा चौराहे पर पकड़ा था। एसडीएम रमेश बाबू के निर्देश पर ट्रक को मंडी समिति में ले जा कर खड़ा कर दिया। ट्रक में 350 कुंतल चावल बताया गया। एसडीएम रमेश बाबू ने बताया कि ट्रक में लदे चावल का मालिक नहीं आया है। जिससे जांच रुकी हुई है। वहीं, पूर्ति निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव ने जांच जारी रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसकी जानकारी दी जाएगी।

# आधी रात को प्रेमिका पहुंची प्रेमी के घर, पंचायत ने कराया निकाह

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**प्रेम प्रसंग**

- असमोली थाना क्षेत्र के गांव में युवती पहुंची युवक के घर तो घंटों तक नहीं खोला दरवाजा
- प्रेमिका ने बुला ली पुलिस, पंचायत हुई तो हुआ दोनों का निकाह

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में प्रेमिका आधी रात को शादी करने के लिए प्रेमी के घर पहुंच गई। प्रेमिका को देखकर प्रेमी के परिजनों ने घर का दरवाजा बंद कर लिया। आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे। घंटाभर दरवाजा नहीं खुला तो प्रेमिका ने 112 डायल कर पुलिस बुला ली। बाद में पंचायत बैठी और दोनों परिवारों की सहमति के बाद प्रेमी युगल का निकाह करा दिया गया। एक ही समुदाय की अलग-अलग बिरादरी के प्रेमी युगल का निकाह चर्चा का विषय बना हुआ है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती का गांव में ही दूसरी बिरादरी के एक युवक से करीब पांच वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि युवक ने शादी करने झांसा देकर युवती से प्रेम संबंध बढ़ा लिए। दोनों चोरी छिपे एक दूसरे से मिलते रहे। शनिवार को युवती ने युवक के घर पहुंचकर परिजनों से शादी कराने का प्रस्ताव रखा। उस समय युवती का भाई वहां से समझा बुझाकर उसे अपने साथ घर ले गया। रविवार को देर रात युवती फिर युवक की चौखट पर पहुंच गई। युवक के परिजनों ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। लोगों ने युवती को युवक के घर पर खड़ा देखा तो भीड़ जुट गई। घंटाभर तक दरवाजा नहीं खुलने पर युवती ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवती ने पूरा मामला बताया। दरवाजा फिर भी नहीं खुला तो पुलिस लौट गई। बाद में घंटों तक पंचायत चली और दोनों परिवारों की रजामंदी के बाद प्रेमी युगल का निकाह करा दिया गया।

# पेड़ से टकरा खंदक में पलटा ई-रिक्शा, चार लोग घायल

संवाददाता, संभल/मनोटा

- बेटा पैदा होने की खुशी में मिठाई पहुंचाने ई रिक्शा में सवार होकर ससुराल जा रहा था इकरार
- घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जिला अस्पताल रेफर

**अमृत विचार:** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में गांव ऐचोड़ा जोया मार्ग पर स्थित मोड़ पर अनियंत्रित होकर ई रिक्शा सड़क किनारे खंदक में जाकर पेड़ से टकराकर पलट गया। हादसे में चालक सहित ई रिक्शा में सवार चार लोग घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

थाना क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर निवासी इकरार बेटा पैदा होने की खुशी में सोमवार को मिठाई पहुंचाने गांव के ही चालक यामीन के साथ ई रिक्शा में सवार होकर अपनी ससुराल अमरोहा जिले के गांव हलपुरा जा रहा था। साथ में इकरार का भतीजा सारिक व दादा ईदा भी ई रिक्शा में सवार थे। गांव ऐचोड़ा कंबोह से जोया जाने वाले मार्ग पर गांव सतूपुरा के पास मोड़ पर मोड़ते समय अचानक ई रिक्शा से यामीन का नियंत्रण हट गया और ई रिक्शा सड़क किनारे खंदक में जाकर पेड़ से टकराकर पलट गया।

आसपास के लोगों ने ई रिक्शा सीधा कर घायल इकरार, सारिक, ईदा और यामीन को बाहर निकालकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर यहां से प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टर ने यामीन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## डंपर की टक्कर से कार सवार चार लोग घायल

**संभल, अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर मिट्टी लदे डंपर की टक्कर से कार सवार दादा पोते सहित चार लोग घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक डंपर लेकर भाग गया। हालत गंभीर होने पर एक व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बालकों सहित तीन घायलों का पास के निजी चिकित्सक से उपचार कराया गया।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर जैनी निवासी चंद्रपाल सोमवार को अपने बेटे सोराज व पोते आकाश 12 वर्ष और विकास 10 वर्ष के साथ अपनी बहन के घर हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव मल्लाह मुस्तफाबाद से वापस कार में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। सोराज कार लेकर जैसे ही कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर गांव सकरपुर के पास पहुंचा। सामने से आ रहे मिट्टी से लदे डंपर ने कार में टक्कर मार दी।

# साधु को तप की अनुमति दी, पर प्रशासन ने नहीं किए इंतजाम

संवाददाता, संभल

**उठाया सवाल**

- संत की मौत मामले में आरटीआई एक्टिविस्ट ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत
- मौके पर न तो मेडिकल टीम तैनात थी और न ही एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव बेनीपुर चक में भीषण गर्मी में आग के बीच बैठकर तप कर रहे साधु पागल बाबा की मौत के लिए प्रशासन को जिम्मेदार बताया जा रहा है। कांग्रेस नेता व आरटीआई एक्टिविस्ट ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर कहा है कि तपस्या की अनुमति दी थी तो फिर प्रशासन ने इंतजाम क्यों नहीं किये।

अमेठी जिले के निवासी पागल बाबा बेनीपुर गांव के निकट अपने चारों तरफ आग जलाकर बीच में बैठकर तपस्या कर रहे थे। इस आयोजन के लिए प्रशासन ने अनुमति जारी की थी। तपस्या के दौरान ही रविवार को पागल बाबा की मौत हो गई थी। सोमवार को कांग्रेस नेता व आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ.अमित कुमार उठवाल एडवोकेट ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि एसडीएम ने बुजुर्ग साधु को तपस्या करने की अनुमति दी जबकि मौके पर न तो मेडिकल टीम तैनात थी और न ही एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था। जिसके चलते साधु की मौत हो गई। उन्होंने अनुमति देने और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग उठाई। अमित कुमार उठवाल ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग उठाई है।

## सार-संक्षेप



संभल में एक्सईएन को ज्ञापन देते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

### संविदा कर्मचारी को हटाने की उठाई मांग

**संभल अमृत विचार :** तराई किसान संगठन के पदाधिकारियों ने बिजली विभाग के एक्सईएन नवीन गौतम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें महमूदपुर माफी बिजलीघर से संविदा कर्मी खुर्शीद अब्बास को हटाने की मांग उठाई। कहा कि संविदा कर्मी का व्यवहार खराब है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए रिश्वत मांगी जाती है। उपभोक्ता परेशान हैं। मांग पूरी नहीं हुई तो एक्सईएन कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। इस दौरान नदीम खान, चौधरी खालिद, चौधरी अब्बास, खालिद खान, आरिफ सैफी आदि रहे।

### दहेज के लिए महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में दहेज के लिए ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव कैल निवासी प्रीति की शादी करीब छह साल पहले रजपुरा थाना क्षेत्र में कस्बा रजपुरा निवासी देवेंद्र के साथ हुई थी। आरोप कि ससुराल वाले शादी में दिए गए दान-दहेज से संतुष्ट नहीं थे। प्रीति के लिए खाने-पीने का भी सामान नहीं देते थे। ससुरालियों ने प्रीति को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता प्रीति ने पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मारपीट के मामले में देवेंद्र, सचिन, प्रेमपाल और पूनम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### कछुओं वाले तालाब का सौंदर्यीकरण करायेंगी अनुकृति

**गुन्नौर/जुनावई, अमृत विचार :** आईपीएस अनुकृति शर्मा ने गांव काशीपुर में कछुओं वाले तालाब के कायापलट को साफ- सफाई के बाद सौंदर्यीकरण के लिए सोमवार को एक बार फिर गांव काशीपुर का दौरा किया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा सोमवार शाम को गांव काशीपुर पहुंची और ग्रामीणों को कछुओं वाले तालाब की साफ सफाई के साथ ही तालाब के सौंदर्यकरण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों को समझाया कि तालाब के चारों ओर छायादार और फलदार पेड़ पौधे लगाने के साथ ही तालाब के आसपास सौंदर्यीकरण होने से यह तालाब पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित हो सकता है। तब निश्चित ही गांव के लोगों की आय बढ़ेगी। एएसपी ने लोगों को पर्यावरण दिवस तक तालाब की कायापलट करने में सहयोग का आह्वान किया।

### समिति के सदस्यों ने पागल बाबा को दी श्रद्धांजलि

**संभल, अमृत विचार :** समाज हित संरक्षण समिति ने संत श्रीपाल तिवारी उर्फ पागल बाबा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कहा कि संत पागल बाबा गांव बेनीपुर चक में नशा मुक्ति और गोरक्षा के लिए भीषण गर्मी में पंचाग्नि तप कर रहे थे। प्रशासन को उनके मुद्दों को लेकर गंभीरता दिखानी चाहिए। इस दौरान महंत भगवानदास शर्मा, संजीव सहारा, चंद्रप्रकाश एडवोकेट, नितिन शर्मा एडवोकेट, जोगेंद्र, तेजपाल, मदन, महीपाल सिंह, अशोक आदि रहे।



ईरान के राष्ट्रपति की मौत पर दुख जताते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

### ईरान के राष्ट्रपति की मौत पर जताया दुख

**संभल/सिरसी अमृत विचार :** सिरसी के मुहल्ला शर्की इमाम बारगाह सादात में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी और अन्य की हेलीकाप्टर हादसे में मौत पर अफसोस जताया गया। इदाराये फातमी यून की ओर लोगों ने मोमबत्ती जलाकर दुख व्यक्त किया। कैंडल मार्च भी निकाला और उनकी मगफिरत के लिए दुआ की गई। कैंडल मार्च विभिन्न रास्तों से होकर इमाम बारगाह में संपन्न हुई। बताते चलें कि ईरान के राष्ट्रपति और अन्य की मौत के बाद से सिरसी के लोगों में रंजोगम का माहौल बना है। मरहूमों के लिए मजलिसे अजा और फातेहा हो रही हैं।

### बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर रखी राय

**संभल अमृत विचार :** रेवेन्यू बार एसोसिएशन संभल की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें सभी सदस्यों से राय ली गई। सदस्यों ने निर्णय लिया कि बार एसोसिएशन का चुनाव, मतगणना चार जून के बाद सुविधानुसार किया जाएगा। सदस्यों ने कहा कि वैधानिक बार का गठन करके बार के मूल्यों एवं कानून की विधिक राय देकर राष्ट्र की सेवा करेंगे। गरीबों को नि :शुल्क कानूनी सलाह दी जाएगी। जिससे राष्ट्र की उन्नति हो। बैठक में अधिवक्ता नरेश पाल सिंह, सुरेंद्र पाल यादव, रामपाल यादव, धर्मपाल, नेत्रपाल, महीपाल, विपिन यादव,आदेश कुमार, यशवीर, ललित कुमार, मुजम्मिल, प्रेमपाल यादव, एसपी सुबोध आदि रहे। अध्यक्षता भूराज सिंह राघव ने तथा संचालन देवी सिंह ने किया।

### घेर से कंडे फेंकने के विरोध में महिला से की मारपीट

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव अहरौला नौआबाद निवासी कैलाश की पत्नी उषा ने सोमवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि घर के पास स्थित घेर में रखे कंड़े लेने गई थी। आरोप है कि गांव के ही दंपति अपनी बेटी के साथ मिलकर उषा के घेर में रखे कंडे बाहर रास्ते में फेंक रहे थे। विरोध करने पर दंपति ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर उषा को घायल कर दिया।

# निकासी न होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी, ग्रामीणों में रोष

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी



गांव में गंदगी को लेकर विरोध जताते ग्रामीण। ● अमृत विचार



मुख्य मार्ग पर जलभराव से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

- गंदगी से अटी पड़ी हैं गांव शहबाजपुर कला की नालियां
- ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर एक और सफाई कर्मी को तैनात करने की उठाई मांग

**अमृत विचार :** विकास खंड असमोली क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला में नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं तो गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। समस्या को लेकर भड़के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने गांव में एक और सफाई कर्मचारी को तैनात किए जाने की मांग उठाई।

गांव शहबाजपुर कला में नियमित साफ सफाई न होने से नालियां चोक हो गई हैं। आलम यह है कि नालियां गंदगी से अटी हैं तो घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। गंदे पानी से उठ रही दुर्गंध से जीना मुहाल हो गया है। करीब 15 हजार की आबादी वाले गांव में सिर्फ एक सफाई कर्मी की तैनाती हैं। सफाई कर्मी के नियमित नहीं आने से हालात बदतर हो रहे हैं। ग्रामीण कई बार एक और सफाई कर्मी की तैनाती की मांग उठा चुके लेकिन अधिकारी गंभीर नहीं हुए। परेशान होकर सोमवार को ग्रामीणों ने गंदगी को लेकर सफाई कर्मी के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार प्रधान से लेकर खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी को समस्या बताई लेकिन समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने गांव में एक और सफाई कर्मी को तैनात किए जाने की मांग उठाई। इस दौरान अफसर अली, मोहम्मद अजहर, मोहम्मद नबी, शाकिर हुसैन, शाहिद हुसैन, मोहम्मद तसलीम, बाबूराम, सरफराज हुसैन, चौधरी जाकिर हुसैन, शफी अहमद, हन्नान आदि रहे।

### नाला सफाई से मुख्य मार्ग पर भरा गंदा पानी, दिक्कतों से जूझे लोग

**संभल, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ने जनहित में नाला सफाई का काम शुरू कराया लेकिन सोमवार को लोगों को ही दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सफाई के चलते नाले में बांध लगाया गया तो गंदा पानी मुख्य मार्ग पर भर गया जबकि जगह-जगह गंदगी के ढेर भी लगे। जिस कारण लोग परेशान दिखे। जाम लगने पर लोग समय से मंजिल तक नहीं पहुंच सके। नगर में शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से बरेली सराय मार्ग के नाले की सफाई सोमवार को सुबह के वक्त शुरू हुई। सफाई कर्मचारियों ने नाले में जगह-जगह बांध लगा दिए तो गंदा पानी नाले से निकलकर सूरज कुंड तीर्थ से आगे बरेली सराय मार्ग पर आ गया। मुख्य मार्ग पर जलभराव होने की वजह से लोगों को निकलने में परेशानी हुई। पैदल जाने वाले लोग को ज्यादा दिक्कतें हुईं। इस बीच जगह जगह लगे नाले की गंदगी के ढेर के कारण जाम भी लगा। जिसमें तमाम वाहन फंस गए। भीषण गर्मी के बीच जाम में फंसे लोगों को बुरा हाल हो गया। करीब 15 मिनट के बाद वाहन पास हो गए लेकिन तमाम लोग समय से मंजिल तक नहीं पहुंच पाए। वहीं सड़क के किनारे गंदगी के ढेर से दुर्गंध उठती रही तो लोगों को परेशानी हुई। लोगों का कहना रहा कि यह मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर अगर रात के वक्त नाला सफाई होती तो बेहतर रहता। नगर पालिका परिषद को सफाई के साथ ही गंदगी को उठवाने की तत्काल व्यवस्था करनी चाहिए।

## संविदा कर्मी करंट से झुलसकर खम्भे से गिरा

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में हाईटेंशन बिजली की लाइन का तार जोड़ते समय करंट की चपेट में आकर संविदा कर्मी लाइनमैन झुलसकर खम्भे से गिरकर घायल हो गया। आनन फानन में लाइनमैन को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार देकर लाइनमैन को रेफर किया गया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव रामपुर उर्फ यारपुर निवासी विमल संभल में मुहल्ला हातिम सराय में स्थित बिजली घर पर संविदा पर लाइनमैन के पद पर तैनात है। सोमवार की शाम छह बजे विमल अपने साथी संविदाकर्मी लाइनमैन टेकचंद के साथ शट डाउन लेकर बिजलीघर से जुड़े गांव नाहठेर में हाईटेंशन लाइन का तार जोड़ रहा था। अचानक तारों में करंट दौड़ने लगा और विमल करंट से झुलसकर खम्भे से गिरकर घायल हो गया।



विद्युत उप केंद्र पर धरना प्रदर्शन करते संविदा बिजली कर्मी। ● अमृत विचार

# संविदा बिजली कर्मियों ने धरना प्रदर्शन कर उठाई मांगें

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले संविदा कर्मचारियों ने मुख्य बिजलीघर परिसर में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने रात में ड्यूटी करते वक्त जिम्मेदारी विभाग की होने और तकादा कालिंग से मुक्त किए जाने की मांग उठाई।

संघ के बैनर तले सोमवार को संविदा कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। मांगों को लेकर एक्सईएन नवीन गौतम ने कर्मचारियों से वार्ता की। कर्मचारियों ने कहा कि रात में ड्यूटी के समय जिम्मेदारी विभाग की होनी चाहिए। एसएसओ द्वारा तगादा कालिंग से मुक्त कराने की मांग भी उठाई। एक्सईएन ने कहा कि वैसे तो रात में ड्यूटी करने पर जिम्मेदारी विभाग की होगी लेकिन कर्मचारी पूरी सतर्कता के साथ काम करें। तकादा कालिंग के लिए एसएसओ को हेल्पर की व्यवस्था कराई जाएगी। इस दौरान संघ जिलाध्यक्ष किरणपाल सिंह, अशोक त्यागी, राहिद तुर्की, सोनू आदि रहे।

**तैयारियां** — मतगणना के प्रत्येक राउंड के बाद प्रत्याशियों व एजेंट को बताया जाएगा परिणाम

# प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों को व्यवस्थाओं की जानकारी दी

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतगणना के नियमों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं पूरी पारदर्शिता के साथ मतगणना कराने का आश्वासन दिया। अनावश्यक रूप से मतगणना स्थल पर अभिकर्ताओं के नहीं घूमने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम मनीष बंसल ने बताया कि 4 जून को उत्तर प्रदेश स्टेट वेयर हाउस मतगणना स्थल पर मतगणना का कार्य विधानसभा वार किया जाएगा। मतगणना वाले दिन प्रात साढ़े छह बजे से प्रत्याशी या उनके अभिकर्ता की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। 8 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। डीएम ने कहा कि पोस्टल बैलट की गणना बहजोई मतगणना स्थल पर ही की जाएगी। मतगणना अभिकर्ता 1 जून शाम 5 बजे तक नियुक्त कर लें। इसके बाद कोई भी अभिकर्ता नियुक्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने कहा कि मतगणना की प्रक्रिया के बारे में सभी को अवगत करा दिया गया है। पूरी पारदर्शिता के साथ मतगणना कराई जाएगी।

मतगणना के दिन कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर मोबाइल फोन मतगणना परिसर के 100 मीटर के दायरे में प्रतिबंधित रहेगा। डीएम ने कहा कि लोकसभा मतगणना के लिए मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एएसपी अनुकृति शर्मा, एसडीएम चंदौसी नीतू रानी, डीआईओ बृजेश कुमार सहित प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।



प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम मनीष बंसल।

### विजय जुलूस निकाला तो होगी कार्रवाई

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम ने सभी प्रत्याशियों से कहा कि मतगणना के बाद सही तरीके से प्रणाम घोषित किया जाएगा। मतगणना के बाद जो भी प्रत्याशी विजयी होगा उसे प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस बात का ख्याल रखा जाए कि मतगणना के बाद विजय जुलूस पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। किसी ने भी विजय जुलूस निकालने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है ।

## संपादकीय

# एक बड़ी जीत

बौद्धिक संपदा, आनुवंशिक संसाधनों (जीआर) और संबंधित पारंपरिक ज्ञान (एटीके) पर विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) की संधि, वैश्विक दक्षिण के देशों और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है। यह संधि सामूहिक विकास हासिल करने और स्थायी भविष्य का वादा पूरा करने की यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है, जिसका भारत ने सदियों से समर्थन किया है। यह संधि न केवल जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण करेगी, बल्कि पेटेंट प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाएगी और नवाचार को मजबूत करेगी। यह संधि भारतीय आनुवंशिक संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगी। हालांकि ये वर्तमान में भारत में संरक्षित हैं, लेकिन उन देशों में इनके दुरुपयोग की संभावना है, जहां प्रकटीकरण दायित्व नहीं हैं। वर्तमान पेटेंट कानून में ऐसा कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं है जिसके तहत पेटेंट आवेदकों से उस स्थिति में उत्पत्ति के देश या स्रोत का खुलासा करने की अपेक्षा की जाती हो जहां आविष्कार आनुवंशिक संसाधनों पर आधारित हो। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इस संधि के लिए विकसित देशों सहित अनुबंध करने वाले पक्षों को पेटेंट आवेदकों पर मूल दायित्वों के प्रकटीकरण को लागू करने के लिए अपने मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव लाने की जरूरत होगी। गौरतलब है कि डब्ल्यूआईपीओ एक संयुक्त राष्ट्र विशेष एजेंसी है जिसे 1967 में बौद्धिक संपदा (आईपी) संरक्षण को बढ़ावा देने और दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया था। डब्ल्यूआईपीओ मूल रूप से आईपी नीति, सेवाओं, सूचना और सहयोग के लिए एक वैश्विक मंच है।

भारत 1975 में डब्ल्यूआईपीओ में शामिल हुआ। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक रैंकिंग (जीआईआई) में भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बना हुआ है। हाल के वर्षों में भारत ने जीआईआई में छलांग लगाई है। 2019 जीआईआई में भारत 52वें स्थान पर था। जीआईआई दुनिया भर की सरकारों के लिए अपने-अपने देशों में नवाचार-आधारित सामाजिक और आर्थिक बदलावों का आकलन करने का एक विश्वसनीय साधन है। जीआईआई रैंकिंग में लगातार सुधार का श्रेय अपार ज्ञान पूंजी, जीवंत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए अद्भुत काम को जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, जीआईआई ने खुद को विभिन्न सरकारों के लिए एक नीतिगत उपकरण के रूप में स्थापित किया है और उन्हें मौजूदा यथास्थिति पर विचार करने में मदद की है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भी नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था की ओर भारत की यात्रा में सहयोग कर रहा है। वास्तव में यह संधि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है, जो पारंपरिक ज्ञान और बुद्धिमत्ता की प्रचुरता के साथ जैव विविधता वाले केंद्रों का केंद्र है।

# क्लिक कल्चर के प्रतिवाद में पंडित नेहरू



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

नेहरू को पूजना आसान है, उनकी विरासत को समझना और उनके विचारों की दिशा में जोखिम उठाकर चलना बहुत मुश्किल काम है। खासकर वे लोग जो आधुनिक विचारों, वैज्ञानिक सचेतनता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के मर्म से अनभिज्ञ हैं या जो लोग आए दिन इनकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम करते हैं,उनके लिए नेहरू को पाना बेहद मुश्किल है।

नई डिजिटल कल्चर 'क्लिक कल्चर' है। 'क्विक' कल्चर है। इसने 'पुसबटन' और इमेज को महान और लोकतांत्रिक मूल्यों और विचारों को खोखला और निरर्थक बनाया है। संप्रति टीवी से लेकर फेसबुक तक अनेक संगठन और नेता इसके शैतान खिलाड़ी के रुप में खेल रहे हैं और भारत की मासूम युवा पीढ़ी को इमेजों के जरिए दिग्भ्रमित करने में लगे हैं। 'क्लिक कल्चर' ने युवाओं के विवेक पर सीधे हमला बोला हुआ है। कहा जा रहा है 'क्लिक' इमेज ही सत्य है, विचार तो बकबास होते हैं, बोर करते हैं, कमाना मूल्यवान काम है, सोचना फालतू चीज है, व्यवहारवादी बनो, जनवादी मत बनो, धर्मनिरपेक्षता फालतू चीज़ है, लोकतंत्र में रहो लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के बिना। लोकतांत्रिक मूल्य तो बोझा हैं, वोट दो, लेकिन विवेकवाद के आधार पर सोचो मत, सार्थक है सिर्फ चुनाव जीतना। इस 'क्लिक कल्चर' के नायक इन दिनों पंडित नेहरू का भी 'क्लिक संस्कार' करने में मशगूल हैं।

उल्लेखनीय है पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के सामान्य प्रधानमंत्री नहीं थे, वे सामान्य राजनेता भी नहीं थे। आमतौर पर लोकतंत्र में नेता आते हैं और जाते हैं। औसत नेता ही लोकतंत्र की संपदा के रुप में नजर आते हैं, भारत में अनेक औसत नेता प्रधानमंत्री बने, लेकिन आधुनिक विचारवान विरल प्रधानमंत्री तो एकमात्र पंडितजी ही थे। वे ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनके पास आधुनिक भारत का विज़न था, आधुनिक विचार थे, आधुनिक जीवन शैली थी और इन सबसे बढ़कर अपने विचारों के लिए जोखिम उठाने का साहस था।

नेहरू को पूजना आसान है, उनकी विरासत को समझना और उनके विचारों की दिशा में जोखिम उठाकर चलना बहुत मुश्किल काम है। खासकर वे लोग जो आधुनिक विचारों, वैज्ञानिक सचेतनता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के मर्म से अनभिज्ञ हैं या जो लोग आए दिन इनकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम करते हैं,उनके लिए नेहरू को पाना बेहद मुश्किल है। नेहरू 'क्लिक कल्चर' की देन नहीं थे, वे तो संस्कृति की देन थे। नेहरू को पाने के लिए भारत की संस्कृति के पास जाना होगा। संस्कृति का मार्ग बेहद जटिल और जोखिम भरा है, वह फेसबुक की वॉल पर लिखी 'क्विक' इबारत नहीं है, नेहरू कोई किताब नहीं है, कोई कुर्सी नहीं है या मूर्ति नहीं है जिसके साथ खड़े होकर फोटो क्लिक करो और नेहरू की पंक्ति में शामिल हो जाओ! नेहरू कुर्सी नहीं बल्कि देश का आधुनिक विज़न हैं। नेहरू के आधुनिक विज़न को सचेत रुप से अर्जित करना होगा तब ही सही मायने में नेहरू की रुह को स्पर्श किया जा सकता है। महसूस किया जा सकता है।

नेहरू को महान जिस चीज ने बनाया वह था जीवन के प्रति उनका विवेकवादी नजरिया। नेहरू के लिए साधन और साध्य एक थे। उन्होंने लिखा है "शुरु में जिंदगी के मसलों की तरफ़ मेरा रुख़ कमोबेश वैज्ञानिक था, और उसमें उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी के शुरु के विज्ञान के आशावाद की चाशनी भी थी। एक सुरक्षित और आराम के रहन-सहन ने और उस शक्ति और आत्म-विश्वास ने, जो उस समय मुझमें था, आशावाद के इस भाव को और बढ़ा दिया था।'' हमारे नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में एक बड़ा अंश है जो अंधविश्वासी और धर्म का अंधपूजक है। वे धर्म को आलोचनात्मक विवेक की आंखों से देखते ही नहीं हैं। जबकि नेहरू में ये चीजें एकदम नहीं थीं। नेहरू ने लिखा है, 'मजहब में- जिस रुप में मैं विचारशील लोगों को भी उसे बरतते और मानते हुए देखता था, चाहे वह हिन्दू-धर्म, चाहे इस्लाम या बौद्ध-मत या ईसाई-मत-मेरे लिए कोई कशिश न थी। अंध-विश्वास और हठवाद से उनका गहरा ताल्लुक था और जिंदगी के मसलों पर ग़ौर करने का उनका तरीक़ा यक़ीनी तौर पर विज्ञान का तरीक़ा न था। उनमें एक अंश जादू-टोने का था और बिना समझे-बूझे यकीन कर लेने और चमत्कारों पर भरोसा करने की प्रवृत्ति थी।'

> नेहरू को महान जिस चीज ने बनाया वह था जीवन के प्रति उनका विवेकवादी नजरिया। नेहरू के लिए साधन और साध्य एक थे। उन्होंने लिखा है ' 'शुरु में जिंदगी के मसलों की तरफ़ मेरा रुख़ कमोबेश वैज्ञानिक था, और उसमें उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी के शुरु के विज्ञान के आशावाद की चाशनी भी थी। एक सुरक्षित और आराम के रहन-सहन ने और उस शक्ति और आत्म-विश्वास ने, जो उस समय मुझमें था, आशावाद के इस भाव को और बढ़ा दिया था।'' हमारे नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में एक बड़ा अंश है जो अंधविश्वासी और धर्म का अंधपूजक है। वे धर्म को आलोचनात्मक विवेक की आंखों से देखते ही नहीं हैं।

'फिर भी यह एक जाहिर-सी बात है कि मज़हब ने आदमी की प्रकृति की कुछ गहराई के साथ महसूस की हुई जरुरतों को पूरा किया है और सारी दुनिया में, बहुत ज्यादा कसरत में, लोग बिना मज़हबी अकीदे के रह नहीं सकते। इसने बहुत-ऊंचे किस्म के मर्दों और औरतों को पैदा किया है, और साथ ही तंग-नज़र और ज़ालिम लोगों को भी। इसने इन्सानी ज़िन्दगी को कुछ निश्चित आंकें दी हैं और अगरचे इन आंकों में से कुछ आज के ज़माने पर लागू नहीं हैं, बल्कि उसके लिए नुकसानदेह भी हैं, दूसरी ऐसी भी हैं, जो अख़लाक़ और अच्छे व्यवहार लिए बुनियादी हैं।'

नेहरू ने लिखा है "असल में मेरी दिलचस्पी इस दुनिया में और इस जिंदगी में है, किसी दूसरी दुनिया या आनेवाली जिंदगी में नहीं।" पंडितजी पुनर्जन्म की धारणा में यकीन नहीं करते थे, अंधविश्वासों के विरोधी थे। दिमागी अटकलबाजी में यकीन नहीं करते थे। वे चीजों, घटनाओं, व्यक्तियों, समुदाय और वस्तुओं को वैज्ञानिक नजरिए से देखने में विश्वास करते थे। उन्होंने माना "मार्क्स और लेनिन की रचनाओं के अध्ययन का मुझ पर गहरा असर पड़ा और इसने इतिहास और मौजूदा जमाने के मामलों को एक नई रोशनी में देखने में बड़ी मदद पहुंचाई इतिहास और समाज के विकास के लंबे सिलसिले में एक मतलब और आपस का रिश्ता जान पड़ा और भविष्य का धुंधलापन कुछ कम हो गया।'

1964 में 27 मई को मौत के बाद जवाहरलाल नेहरू का यश इतिहास की थाती है। उनका अनोखापन बेमिसाल है। नेहरू में दोष भी ढूंढ़े जा सकते हैं। नेहरू विस्मृति के अंधेरे में भी जुगनू की तरह दमकते ही रहते हैं वे अकेले हैं जो दक्षिणपंथ के हमले का शिकार हैं। आजाद्री की जद्दोजहद में तिलक, गांधी, नेहरू और सुभाष उत्तरोत्तर पड़ाव हैं। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के बाद नेहरू ने गांधी का सम्मान करते भी उनकी आदर्शवादिता को अव्यावहारिकता कहकर ठुकरा दिया। उन्हें कठोर पत्र भी लिखे। उन्होंने गांधी की मुखालफत करते भगतसिंह के पक्ष में करीब आधी कांग्रेस को खड़ा भी किया। सुभाष बोस के साथ भगतसिंह के मुकदमे की पैरवी की।

नेहरू में कवि और दार्शनिक था। उनकी इतिहास दृष्टि में नदियां, हवाएं और तरंगें बहती हैं। नेहरू की गंगा सुदूर अतीत से भविष्य के महासागर तक संस्कारों का सैलाब लिए अनंतकाल तक बहती रहेगी। उनकी गंगा वसीयत से बेहतर वसीयत संसार में कहीं नहीं है। असाधारण बौद्धिक सांसद हीरेन मुखर्जी ने कहा था। मैं ऐसी वसीयत लिखने वाले की हर गलती माफ कर सकता हूं। यहां तक कि खराब सरकार को भी।

## प्रसंगवश

# इस बार का चुनाव

मैं यह क्या सुन रहा हूं? इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश के कई निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों ने इस डर से कि भाजपा सरकार यदि फिर से आई तो संविधान बदल दिया जाएगा, साईकिल पर मुहर लगाई है। यह मात्र अफवाह भी हो सकता है। असली स्थिति तो नतीजों के बाद ही स्पष्ट होगी। अब भला लोगों को यह कहां गवारा होगा कि 'कोई बाबा साहब का बनाया संविधान' बदल दे। उनके लिए तो बाबा साहब आराध्यदेव हैं। वे ऐसा न होने देने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं और इन्हें बरगलाना भी आसान है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

संप्रति वोटों का जो सामाजिक समीकरण चल रहा है उसमें हाथी अनुसूचित जाति की ओर साईकिल निर्विवाद एम वाई फैक्टर की है। मगर दोनों में बड़ी दूरी रही है। यहां तक कि एकदा बहन जी के साईकिल का साथ देने के बावजूद अनुसूचित जातियों के वोट साईकिल को ट्रांसफर नहीं हो पाए थे। और साईकिल पंचर हो गई थी। क्या इस बार संविधान बदलने के चुनावी ब्रह्मास्त्र ने एक असंभव सी बात को संभव कर दिखाया है? सहज विश्वास नहीं होता। मगर खबरें ऐसी ही आ रही हैं। और सचमुच यदि ऐसा हुआ है तो कई लोकसभा क्षेत्रों के अनपेक्षित परिणाम आएंगे। बयानबाजों ने फिजां बदल दी-यही मानना होगा। यह अफवाह कुछ चतुर चालाकों ने फैलाई और भाजपा के तमाम खंडन के बाद भी वातावरण में फैलती रही। चुनाव प्रारंभ होने तक सत्ता विपक्षी दल जहां अस्त पस्त था, मतदान के बढ़ते चरणों के साथ झूठ मूठ के दावे और अफवाहों का सहारा लेकर मजबूती पाता गया दिखा है। साईकिल वाले नेता जी जहां जहां जनसभाओं में गए हैं, संविधान बदलने वाली बात को पुरजोर तरीके से उठाया। मतदान का आखिरी चरण अब आ पहुंचा है। इस बार का लोकसभा का सामान्य निर्वाचन अनेक छल कपट और झूठ प्रपंच के लिए जाना जाएगा। वाला तीर सही निशाने पर लगा तो हाथी वाली पार्टी का समूल सफाया तय है और कमल भी कुम्हलाएगा। साईकिल और सरपट निकलेगी।

# मिजोरम सीमा को सील करने पर बढ़ा बवाल

म्यांमार के साथ मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने के केंद्र के फैसले के बीच मिजोरम सरकार ने घोषणा की है कि 1,000 से अधिक म्यांमार शरणार्थी म्यांमार सेना से जुड़े सशस्त्र संघर्ष से भागकर सीमा पार कर आ गए हैं। इस आमद ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है क्योंकि मिजोरम सरकार ने म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्रीय गृह मंत्रालय के कदम का विरोध किया है।

40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और युद्धग्रस्त पड़ोसी देश के साथ एफएमआर समझौते को समाप्त करने के केंद्र के फैसले के खिलाफ एक सर्वसम्मत प्रस्ताव अपनाया है। एफएमआर समझौता दोनों देशों के बीच 1,643 किलोमीटर की सीमा पर निवासियों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक यात्रा करने और सीमित अवधि के लिए रहने की अनुमति देता है।

अधिकारियों ने कहा कि नवीनतम आमद के साथ पूर्वोत्तर राज्य में शरणार्थियों की संख्या 36,500 से अधिक हो गई है। मिजोरम में शरण लेने वाले म्यांमार के नागरिक ज्यादातर चिन समुदायों से हैं, जो मिज़ो के साथ जातीय संबंध साझा करते हैं।

मुख्यमंत्री लालदुहावमा ने केंद्रीय गृह मंत्रालय या राज्य अधिकारियों के साथ पूर्व परामर्श के बिना म्यांमार और मिजोरम के बीच मैत्री पुल को एकतरफा बंद करने के बारे में म्यांमार सीमा की रक्षा करने वाले असम राइफल्स के समक्ष चिंता जताई है। मिजोरम के चम्फाई, सियाहा, लांग्टलाई, हनाथियाल,



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

> मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार म्यांमार के साथ मौजूदा फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को बरकरार रखेगी।

सेरछिप और सैतुअल जिले-म्यांमार के चिन राज्य के साथ 510 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं।

5 मई के बाद से 2,000 से अधिक म्यांमार शरणार्थी मिजोरम में प्रवेश कर चुके हैं। अधिकांश राहत शिविरों के बाहर, रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ या किराए के मकानों में रह रहे हैं, जबकि अन्य सात जिलों में 149 राहत शिविरों में रहते हैं।

भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को मिजोरम में कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवाजाही समझौते को रद करने के भारत सरकार के कदम के खिलाफ रैलियों के लिए मिजोरम में हजारों लोग एकत्र हुए।

ज़ो री-यूनिफिकेशन ऑर्गनाइजेशन (ज़ोरो) द्वारा आयोजित, चम्फाई जिले के ज़ोखावथर और वाफई गांवों में शांतिपूर्ण रैलियां हुईं, जो म्यांमार के साथ सीमा साझा करती है। एक ज़ोरो नेता के अनुसार, म्यांमार के प्रतिनिधियों ने भी इन रैलियों में भाग लिया। ज़ोरो एक मिज़ो समूह है जो भारत, बांग्लादेश और म्यांमार में विभिन्न जनजातियों को एक ही प्रशासन के तहत पुनः एकीकृत करने की वकालत करता है।

यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि मिजोरम के मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने भी हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ इस मुद्दे को उठाया है और उनसे निर्णय वापस लेने का आग्रह किया है।

फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार के चिन राज्य के 34,000 से अधिक लोग वर्तमान में मिजोरम के विभिन्न हिस्सों में शरण ले रहे हैं। मिजोरम विधानसभा ने 28 फरवरी को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें भारत-म्यांमार सीमा बाड़ और एफएमआर उन्मूलन के संबंध में केंद्र के फैसले का विरोध किया गया।

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार म्यांमार के साथ मौजूदा फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को बरकरार रखेगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इस चिंता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष उठाया था और उनसे एफएमआर को रद न करने का आग्रह किया था।

मिजोरम सरकार, नागरिक समाज संगठनों और छात्र निकायों के साथ, दोनों देशों के जातीय समुदायों के बीच घनिष्ठ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के डर से, केंद्र की योजनाओं का कड़ा विरोध करती है।

## सोशल फोरम

# खखरी और पोचा

सुजला, सुफला, शस्यश्यामला। पता नहीं, कवि (बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, आनंदमठ में) ने सुदूर विगतकाल का वर्णन किया था, या तत्कालीन स्थिति का वर्णन किया था, या वर्णित स्थिति के भविष्य में आने की कामना की थी। एक सौ चालीस वर्ष गुजर गए आनंदमठ के। तब क्या होता था, कौन बतलाए? हां, जो कवि ने दर्शाया है वह बंगाल का दुर्भिक्ष काल था, कवि ने माता के उस रूप की कल्पना की होगी जो बेड़ियों के कटने के बाद होगी, या बेड़ियों के लगने के पहले की होगी। मेरे परदादे का जमाना-बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का जमाना। वन्दे मातरम।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मैं, बंकिमचंद्र का परपोता, क्या देख रहा हूं? पृथ्वीमाता के अनगिनत परपोतों, प्रपरपोतों की भीड़-बेरोज़गार बच्चों की भीड़, ख़ानदान की परंपरा और इज्ज़त को तार-तार करने के लिए हुहुआती भीड़, किसको कहां और कैसे लूट लें का मौक़ा ढूंढती भीड़, माता की गरिमा पर कीचड़ उछालने को उत्सुक भीड़, अपनी संस्कृति को लतियाती भीड़, भेड़ियों की भीड़, भेड़ों की भीड़, दलालों की भीड़, कंगालों की भीड़, फटे-हालों की भीड़। धान के पौधे पला गए। पुआल ही पुआल-दाने नहीं लगे। बुद्धिमान लोग चारा खा सकते हैं, उन्हें पुआल की जरूरत है, पुआल-पोचा फ़सल बेशकीमती है–जहां चाहेंगे लगा देंगे - एक जून का खाना देकर-जय बोलेंगे, प्रदर्शन करेंगे, धरना देंगे, लाठी खाएंगे, टांग तुड़वा कर घर लौट आएंगे, इंकलाब करते हुए खेत आएंगे, ख़ून की खाद दे देंगे। खखरी - केवल भूसा, दाना नहीं। ओसाओ, फटको तो सब उड़ जाएंगे। हां, तब भी काम में आएंगे-चूल्हे-भाड़ में झोंकने के काम आएंगे-गाय-गोरू को खिलाने के काम आएंगे। भारतमाता की औलाद - खखरी। डिग्री भी देते हैं और अनइम्प्लॉयेबल (निकम्मा, रोज़गार के अयोग्य) भी कहेंगे। कुछ खखरी अपने को बुद्धिजीवी कहने लगे हैं। खखरी, पोचा। दादा बंकिमचंद्र जी, आपके परपोते और उनकी औलाद खर-पतवार हैं।

-फेसबुक वॉल से

# रिटायरमेंट के बाद

25 दिन हो गए सरकारी सेवा से रिटायर हुए। तमाम काम सोचे थे करने के लिए कि ये करेंगे, वो करेंगे। बस एक बार रिटायर भर हो जाएं। सारे के सारे काम, सिवाय निठल्लेगीरी के, उलाहना दे रहे हैं कि हम पर अमल नहीं हुआ, हमारे साथ 'इरादाखिलाफ़ी' हुई। कोई-कोई तो यह भी कह रहा है कि तुम भी बदल गए। हमें तुम से ये उम्मीद नहीं थी।

काम जो सोचे थे उनमें से एक था घूमने का। सोचा तो यह था कि रिटायर होते ही कहीं घूमने निकल जाएंगे। भूटान, बांगलादेश, श्रीलंका, यूरोप मतलब कहीं भी। देश में भी तमाम जगहें हमारे घूमने की लिस्ट में हैं। लेकिन कहीं निकलना हुआ नहीं। इस मामले में नूर साहब के शेर बहुत सहारा देते हैं : मैं रोज़ मील के पत्थर शुमार (गिनती) करता था,/ मगर सफ़र न कभी एख्तियार (शुरू) करता था।

तमाम काम अधूरे पड़े रहे मेरे/ मैं ज़िंदगी पर बहुत ऐतबार (भरोसा) करता था।

पिछले दिनों मेरा बेटा अपने कजाकिस्तान गया था। वहां के किस्से, फ़ोटो, विडीयो लगाए अपने यहां तो किया कि फ़ौरन निकल लें। पहुंच जाएं कजाकिस्तान। घूमें आसपास। बग़ल में समरकंद है जहां से बाबर आए थे। लेकिन फिर आलस्य ने और बगलिया के रोक लिया। सोचा जाएंगे तसल्ली से। कौन समरकंद और कजाकिस्तान कहीं भागे जा रहे हैं।

पढ़ने के लिए तमाम किताबें सोची थीं कि एक-एक कर पढ़ी जाएंगी। अभी तक शुरुआत नहीं हुई है। रिटायरमेंट पर तमाम दोस्तों ने किताबें भेंट की हैं। कुछ पहले की पढ़ी, कुछ नई, कुछ पसंदीदा। कुछ मित्रों ने मुझे रामायण, गीता भी भेंट की। कई प्रतियां हों गईं। उन दोस्तों की शायद सलाह यही होगी कि लोक की बात ख़त्म हुई, अब परलोक सुधारने के प्रयास किया जाए।



अनूप शुक्ल
कानपुर

> इरादा यह भी थी कि उर्दू और स्पेनिश सीखेंगे। उर्दू सीखने की तमन्ना तो वर्षों से है। तमाम बार अलिफ, बे, ते लिखना सीखा भी लेकिन फिर छूट गया अभ्यास। स्पेनिश सीखने का चस्का पिछले साल तब लगा था जब मारखेज साहब की 'एकांत के सौ वर्ष' पढ़ी। डूओलिंगो एप से कई दिन स्पेनिश का अभ्यास भी किया। लेकिन बाद में वह भी ठहर गया। डुओलिंगो एप काफ़ी दिन तक हमारी बेवफ़ाई के संदेशे भेजता रहा। बाद में आजिज़ आकर वह भी शांत हो गया। दोनों इरादों पर से धूल झाड़कर अमली जामा पहनाने का विचार है अब।

इरादा यह भी थी कि उर्दू और स्पेनिश सीखेंगे। उर्दू सीखने की तमन्ना तो वर्षों से है। तमाम बार अलिफ, बे, ते लिखना सीखा भी लेकिन फिर छूट गया अभ्यास। स्पेनिश सीखने का चस्का पिछले साल तब लगा था जब मारखेज साहब की 'एकांत के सौ वर्ष' पढ़ी। डूओलिंगो एप से कई दिन स्पेनिश का अभ्यास भी किया। लेकिन बाद में वह भी ठहर गया। डुओलिंगो एप काफ़ी दिन तक हमारी बेवफ़ाई के संदेशे भेजता रहा। बाद में आजिज़ आकर वह भी शांत हो गया। दोनों इरादों पर से धूल झाड़कर अमली जामा पहनाने का विचार है अब।

लिखाई-पढ़ाई के तमाम छूटे हुए काम तय किए थे पूरे करने के लिए। अमेरिकी यात्रा के संस्मरण पर किताब 'कनपुरिया कोलंबस' फ़ाइनल कई बार चुके हैं। अब बस छपानी है। अलावा इसके कश्मीर, लेह-लद्दाख और दीगर घुमक्कड़ी के किस्से छांटकर/लिखकर छपाने का इरादा है। 'व्यंग्य की जुगलबंदी' के सिलसिले में लिखे गए तमाम दोस्तों के लेख भी छांटकर प्रकाशित करने का मन बनता है अक्सर। सबको इकट्ठा करना भी बड़ा काम है। देखते हैं कितना हो पाता है। किताब छपाने के तमाम हसीन लफड़े होते हैं। उनसे गुजरना भी रोचक अनुभव होता है।

अपने सेवाकाल के अनुभव भी लिखने के मन है। जिन लोगों के साथ काम किया उनके बारे में लिखने का विचार है। इस विचार पर अमल करने में हिचक भी है। पता नहीं कौन अपनी 'तारीफ़' पर ख़फ़ा हो जाए। समाज सेवा में भी कुछ योगदान करने का मन है। कैसे कर पाते हैं, कितना कर पाते हैं -समय बताएगा।

सरकारी सेवा से रिटायर भले हो गए हैं लेकिन जड़त्व के नियम के हिसाब से सेवा की मनःस्थिति से अलगाव पाने में समय लगेगा। विनोद श्रीवास्तव जी की कविता याद आती हैः जैसे तुम सोच रहे साथी,/ वैसे आज़ाद नहीं हैं हम/ पिंजड़े जैसी इस दुनिया में / पंछी जैसा ही रहना है/भरपेट मिले दाना-पानी/ लेकिन मन ही मन दहना है।/जैसे तुम सोच रहे साथी/वैसे संवाद नहीं हैं हम/ जैसे तुम सोच रहे साथी/वैसे आज़ाद नाहीं हैं हम।

सरकारी सेवा में 36 साल बिताने के बाद पिंजड़ा खुल गया है लेकिन आदतन अभी भी मन उसी हिसाब से बना हुआ है। सोच के स्तर पर उससे मुक्त होने में कुछ समय लगेगा। लेकिन यह तय है कि सेवाकाल पूरा करने की बहुत ख़ुशी है। आने वाले समय में तमाम नए काम काम करने की तमन्ना है। ज़िंदगी जितनी हसीन अभी तक रही, आगे की उससे भी खूबसूरत होगी ऐसा मुझे लगता है।

रिटायरमेंट के मौक़े पर हुई विदाई पार्टी के विडियो हमने यूट्यूब पर अपलोड किए हैं। इनमें हमारे कुछ मित्रों के और हमारे परिवार के लोगों और अपन के भी उद्‌गार हैं।

# मेहनतकश अब अपना हिस्सा मांगेंगे

अभी कुछ ही दिन पहले एक राजनीतिक पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में आर्थिक असमानता दूर करने के लिए बड़े पूंजीपतियों से धन ले कर गरीबों को से देने की बात कही थी जिस पर काफी दिनों तक विवाद बना रहा, आर्थिक असमानता को ले कर टीवी चैनलो पर भी काफी चर्चा हुई है और अखबारों में भी बराबर छपता रहता है। यह असमानता पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ी है जहा हमारे देश में रू 6000 प्रति माह पर गुजर करने वाले 72 करोड़ लोग है, तो वही धन संचय कर नए अरबपति बढ़ रहे हैं देश की संपत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा मात्र 1 प्रतिशत, पूंजीपतियों के पास है जाने माने अर्थशास्त्री थॉमस पी केटी ने एक रिसर्च पेपर के द्वारा सुझाया है कि 10 करोड़ से अधिक के मालिकों पर भारत में 2प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स तथा 33प्रतिशत नियमित कर लगाया जाना उचित होगा। ऐसा सुझाव देने के पीछे उनकी मंशा बढ़ती आर्थिक असमानता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

"प्रपोजल फोर ए वेल्थ टैक्स पैकेज टू टेकेल एकस्टीम इनइक्वल्टीज इन इंडिया" नाम इस पेपर में अति बड़े घरानों से संबंधित टेक्स प्लान का सुझाव है। फिलहाल अमीरी गरीबी की बढ़ती असमानता पर चर्चा शुरू हो चुकी है, लेबर लॉस,जीएसटी और महंगाई बेरोजगारी की सबसे ज्यादा मार झेलने वाला गरीब है और वही सरकार से तमाम तरह से लाभ और राहत उठा कर, बढ़ रहा अमीर है, देखना यह है की निकट भविष्य में गरीबों को क्या मिलता है, वरना वो दिन दूर नही जब मेहनतकश समाज से अपना हिस्सा मांगने लगे यह मेहनतकश भी उसी समाज का हिस्सा हैं जहा पूंजीपति बढ़ रहे हैं,क्योंकि क्रोनी केपिटालिजम को ही विकास नही माना जा सकता।

## एक नजर

### दोस्त की पत्नी को मारपीट कर घायल किया

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव सीतापुरी निवासी राजेश की पत्नी हेमलता ने सोमवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि किसी बात को लेकर पति राजेश से विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर राजेश ने गांव के ही अपने दोस्त को भड़का दिया। जिससे गुस्साए राजेश का दोस्त रविवार की रात हेमलता के पास पहुंचा और लात घूसों से मारपीट कर हेमलता को घायल कर दिया।

### गाली गलौज करने में तीन गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में अलग अलग गांवों में गाली गलौज करने पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव आर्थल चौराहे पर बहजोई थाना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी बादशाह व मुकेश नशे की हालत में लोगों के साथ गाली गलौज कर रहे थे। वहीं गांव बमनपुरी निवासी रौदाश व गांव के ही अशोक किसी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बादशाह, मुकेश और रौदाश को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

# ट्रॉली ट्रांसफार्मर के केबिलों में लगी आग, अफरातफरी

## आवास विकास मयूर विहार में 100 घरों की बिजली रही गुल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** मयूर विहार में ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद सोमवार की सुबह दस बजे ट्रॉली ट्रांसफार्मर से बिजली सुचारू कर दी गई। सुबह 11 बजे अचानक ट्रांसफार्मर से आग की लपटे उठने लगी। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग ट्रांसफार्मर के अंदर तक नहीं पहुंची। अग्निशमन दल ने पहुंच आग पर पूरी तरह काबू पाया।

आवास विकास मयूर विहार में लगे 250 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर रविवार की रात नौ बजे फाल्ट होने से फुंक गया। मयूर विहार व कालिंदी कुंज के 100 घरों में पूरी रात अंधेरा रहा। अधिक गर्मी होने पर लोगों ने रात जाग कर काटी। इसके बाद सोमवार की सुबह दस बजे 400 केवीए का ट्रॉली ट्रांसफार्मर मंगाकर सप्लाई शुरू कराई गई। सुबह 11 बजे अचानक ट्रॉली ट्रांसफार्मर से भी आग की लपटें निकलने लगी। जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। करीब 15 मिनट के बाद विद्युत कर्मचारी पहुंचे और आसपास से बाल्टी में पानी लेकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। करीब 15 मिनट के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इसके बाद दमकल भी पहुंच गई और पानी की बौछार से पूरी तरह आग पर काबू पा लिया। गनीमत यह रही कि आग ट्रांसफार्मर के पास केबिल में लगी जो ट्रांसफार्मर के अंदर तक नहीं पहुंची थी। आग बुझने के बाद विद्युत कर्मचारियों ने प्रयास कर ट्रांसफार्मर के जले तारों को हटाकर दूसरे तार लगा दिए और दोपहर 12 बजे के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी।



आवास विकास मयूर विहार में ट्रॉली ट्रांसफार्मर से उठती आग की लपटें।

### आग तेल तक पहुंच जाती तो हो सकता था बड़ा हादसा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मयूर विहार में ट्राली ट्रांसफार्मर में लगी आग समय पर बुझा दी गई। अगर आग ट्रांसफार्मर के तेल तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि ट्रांसफार्मर से 15 मीटर की दूरी पर एक घर है तथा पीछे संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय है। आग लगने पर कार्यालय के कर्मचारी एहतियात के तौर पर बाहर निकल आए थे और आने-जाने वालों को भी दूर हटने के लिए कह रहे थे।

## गांव में छतों पर झूल रहे बिजली के तार, हादसे का अंदेशा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

- राज्यमंत्री गुलाब देवी से मिले ग्रामीण, राज्यमंत्री ने बिजली विभाग की टीम भेजी

**अमृत विचार:** विद्युत वितरण खण्ड चन्दौसी के विकास खण्ड बनियाखेड़ा के गांव भुलाबई में करीब 25-30 घरों की छतों से घरेलू बिजली लाइन गुजर रही है। छज्जे व दरवाजे पर नंगे तार लटकने से हादसों का खतरा बना हुआ है। बिजली विभाग ने नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने राज्यमंत्री गुलाब देवी से शिकायत की। शिकायत पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लाइन दुरुस्त करने के कार्य में जुट गई।

गांव भुलाबई में पूर्व दिशा में ग्रामीणों के मकान के ऊपर घरेलू बिजली लाइन के नंगे तार गुजर रहे हैं। तारों में लकड़ी के डंडे लगे हुए हैं। कई जगह डंडे टूटने से छज्जे तक लटक आए हैं। नंगे एल्यूमीनियम के तार मकान की छत पर टिके होने से लोग छतों पर जाने से ही परहेज करने लगे हैं। बच्चों को अकेले छत पर जाने नहीं दे रहे। ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग से शिकायत कर समस्या का समाधान कराने की मांग की थी लेकिन हर बार आश्वासन तो मिला लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिससे सोमवार को गुस्साए ग्रामीण माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुंलाब देवी के सुभाष रोड स्थित आवास पर पहुंचे और मामले से अवगत कराते हुए समस्या समाधान कराने की मांग की। राज्यमंत्री ने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। तब विभाग की टीम गांव पहुंची और तारों को कसने में जुट गई।



गांव भुलाबई में छतों से होकर जा रही घरेलू बिजली लाइन। ● अमृत विचार

### हैकिंग मामले में तीन युवकों को ले गई उज्जैन की क्राइम ब्रांच टीम

**चन्दौसी, अमृत विचार:** हैक कर खातों से रुपये निकालने के मामले में मध्य प्रदेश के उज्जैन की क्राइम ब्रांच की टीम मुख्य आरोपी सहित तीन युवकों को अपने साथ ले गई। जबकि एक युवती सहित तीन युवकों से पूछताछ कर छोड़ दिया गया। जबकि अन्य दो युवक क्राइम ब्रांच के हाथ नहीं लग सके।

रविवार की सुबह मध्य प्रदेश के जनपद उज्जैन की क्राइम ब्रांच की टीम चन्दौसी कोतवाली पहुंची। यहां आमद कराने के बाद पुलिस को साथ लेकर कई स्थानों पर दबिश दी। जहां से पांच युवक व एक युवती को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। बताया गया कि एक युवक मध्य प्रदेश के लोगों के अकाउंट हैक कर रुपये निकालकर अन्य दोस्तों व परिचितों के खाते में जमा करा देता था। कोतवाली में क्राइम ब्रांच के इस्पेक्टर अनुज कुमार ने आरोपियों से पूछताछ की। पूछा कि इतनी बड़ी रकम उनके खाते में जिसने जमा कराई थी। इसको लेकर जानकारी मांगी गई।

## गर्मी में राजमिस्त्री और मजदूरों ने बदला काम करने का समय

कार्यालय संवाददाता, संभल

- अब सुबह छह से दोपहर दो तक हो रहा काम

**अमृत विचार :** प्रचंड गर्मी में राजमिस्त्री और मजदूरों ने काम करने का समय बदल दिया। चिलचिलाती धूप से बचते हुए सहूलियत के अनुसार काम कर रहे हैं।

प्रायः राजमिस्त्री और मजदूर सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक आठ घंटे काम करते हैं। तपती दोपहरी में काम करना बस की बात नहीं रहा तो काम करने का समय बदल दिया। शहर ही नहीं बल्कि देहात क्षेत्र में भी बदले समय पर काम हो रहा है। अब राजमिस्त्री और मजदूर सुबह छह बजे से काम में जुट रहे हैं और दोपहर दो बजे तक काम करते हैं। कई ने तो दोपहर में एक से दो घंटे का ब्रेक लेना शुरू किया है। इस तरह सुबह सुबह छह बजे से 12 बजे तक और शाम को चार बजे से छह बजे तक काम कर रहे हैं। समय बदलकर काम करने से राजमिस्त्री और मजदूरों को राहत मिल रही है।

### ट्रक की टक्कर से भांजे की मौत, मामा गंभीर घायल

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवार घायल हो गये। दोनों घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है। यहां डाक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। गोरीपुरा निवासी रतनपाल अपने भांजे ग्राम सिसौना निवासी भांजे राजेश के साथ बाइक पर सवार होकर अंतिम संस्कार में शामिल होने बबराला राजघाट गंगा तट पर गया था। शाम को अंतिम संस्कार के बाद मामा भांजा बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे। हाईवे पर थाना धनारी से दो सौ मीटर बबराला की तरफ बहजोई की ओर से आ रहे ट्रक ने रतनपाल की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रतनपाल व राजेश गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया।



संभल में गर्मी से बचने के लिए चेहरे पर कपड़ा लपेटकर जाता बाइक सवार।



चन्दौसी के स्टेशन रोड पर धूप से बचाव के लिए सिर ढक कर जाती बालिकाएं।

# लू के थपेड़ों में घर से निकलना हुआ दूभर

कार्यालय संवाददाता, संभल / चन्दौसी

**अमृत विचार:** सोमवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। लू के थपेड़ों में जनमानस को घर से निकलना दुश्वार हो गया। दोपहर भर लोग घरों में कैद रहे और जरुरत पड़ने पर ही घर से निकले। गर्मी से लोग हाल बेहाल हो गए। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी हुई। गर्मी बढ़ने के साथ ही बच्चे बुखार व पीलिया जैसे रोगों की चपेट में आ रहे हैं। जिससे लोग एहतियात भी बरत रहे हैं। दोपहर में बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। सोमवार का दिन अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। पारा 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा तो हाहाकार मच गया। पंखे और कूलर फेल हो गए तो एसी ने भी ठीक से काम नहीं किया। लोगों ने तेज धूप से बचने के लिए चेहरे और सिर पर कपड़े से ढककर रखा। महिलाओं ने छाते का भी इस्तेमाल किया। शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने के साथ ही नलकूपों और स्वीमिंग पूलों में नहाकर राहत पाने का प्रयास किया। दोपहर के वक्त तो मुख्य मार्गों, बाजारों और गली मुहल्लों में सन्नाटा नजर आया। आलम यह रहा कि शाम को छह बजे भी चिलचिलाती धूप रही।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने लोगों को बांटा ठंडा शरबत

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी के अध्यक्ष कौसर अब्बास ने 44 डिग्री के तापमान में भीषण गर्मी के दौरान लोगों को राहत देने के लिए ठंडा शरबत पिलाया। टंकी तिराहा के पास सबील लगाकर लोगों को ठंडा शरबत पीकर दोपहर में राहत महसूस की और शुक्रिया अदा किया। इस दौरान रईस अहमद, मोहम्मद नईम, अहद खान, वीर सिंह, तनवीर हैदर, रफी, सिब्ते, प्रेम सिंह, चांद बाबू, वसीम, नासिर आदि रहे।



शरबत वितरण कराते चेयरमैन कौसर अब्बास। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### उद्धव-गोपी संवाद सुन मंत्रमुग्ध हो उठे श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्रजनगर कॉलोनी के भोलेनाथ भवन में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कथा के छठे दिन कथा वाचक केडी वशिष्ठ उपाध्याय दिव्यांशु महाराज ने उद्धव-गोपी संवाद, कंस वध, भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मणी विवाह कथा का वाचन किया। कहा कि जब मथुरा से उद्धव श्रीकृष्ण को लेने गोकुल पहुंचते हैं, तो गोपियां श्रीकृष्ण को ले जाने से मना करती हैं। तब उद्धव कहते हैं कि महाराज कंस का आदेश है, इसलिए श्रीकृष्ण को मथुरा अवश्य जाना पड़ेगा। वहीं जब श्रीकृष्ण अपने भाई बलराम के साथ मथुरा पहुंचते हैं, तो युद्ध होता है। अंत में श्रीकृष्ण कंस का वध कर देते हैं। इसके बाद कथा वाचक ने श्रीकृष्ण व रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा के बीच में भजन भी प्रस्तुत किए गए। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सुशील, अश्विनी कौशिक, अमित शर्मा, अश्वनी भारद्वाज, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, रेनू कुमारी, शकुंतला देवी, शारदा देवी आदि मौजूद रहे।



गुन्नौर के नूरपुर गांव में यज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### गायत्री महायज्ञ में जन कल्याण के लिए दीं आहुतियां

**बबराला, अमृत विचार :** गायत्री परिवार की ओर से गांव नूरपुर में चल रहे तीन दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन देव आह्वान कार्यक्रम हुआ। पूजन के बाद गायत्री शक्तिपीठ टोली के साधकों ने गीत संगीत के साथ यज्ञीय कर्मकांड, वातावरण संशोधन और जन कल्याण के लिए महायज्ञ में आहुतियां समर्पित कराईं। शाम को दीप यज्ञ हुआ। सोमवार को विधायक राम खिलाड़ी यादव ने भी परिवार के साथ महायज्ञ में आहुतियां दीं। आयोजन समिति के योगेश यादव ने विद्वत टोली के सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के कारण महायज्ञ कई पालियों में कराया गया। गायत्री महायज्ञ के साथ विविध संस्कार भी संपन्न कराए गए। शक्तिपीठ के साधकों की टोली ने संगीतमय प्रवचन किया। देर शाम दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें साधकों ने दीप प्रज्वलित किए। इस दौरान नरेंद्र वार्ष्णेय, कुसुम शर्मा, नरेंद्र राघव, राकेश गुप्ता, अतुल वार्ष्णेय और विजय पाल आदि का योगदान रहा।

### निजी अस्पताल में जांचे अग्नि सुरक्षा उपकरण

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में पुरानी तहसील के पास भीड़ वाले इलाके में स्थित निजी अस्पताल में सोमवार को अग्निशमन विभाग की टीम ने आग बुझाने के उपकरणों की जांच पड़ताल की। सोमवार को अग्निशमन विभाग की टीम शहर में सबसे अधिक व्यस्त मार्ग शंकर चौराहे से मुख्य बाजार की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल पहुंची। क्योंकि यहां आसपास में आगजनी होने पर जान-माल की हानि सबसे अधिक हो सकती है। यहां अग्निशमन विभाग की टीम ने निजी अस्पताल के कर्मचारियों से आग बुझाने के उपकरणों को इस्तेमाल करने के बारे में पूछताछ की, लेकिन कर्मचारी उपकरणों को चलाने में विफल रहे। अग्निशमन विभाग की टीम ने खराब उपकरणों को ठीक कराया। अग्निशमन विभाग से बाबूराम ने बताया कि निजी अस्पताल में खराब मिले उपकरणों को ठीक कराकर चेक किया गया है।

### बच्चों को बटरफ्लाई किक का अभ्यास कराया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आकांक्षा सोसाइटी की ओर से एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में आयोजित समर कैंप के सातवें दिवस पर बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभागिता किया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि समर कैंप में प्रतिभाग करने से बच्चों का मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी होता है। समर कैंप में बच्चों को हैंडराइटिंग का अभ्यास कराया। जिससे लेखन में सुधार आ सके। ताइक्वांडो में बटरफ्लाई किक का अभ्यास करा कर स्टंट करना सिखाया। बच्चों ने सोशल स्किल में मैजिक वर्ड्स सीख कर रैंप वॉक करना सीखा। नृत्य में नच बलिए, जुबी डूबी तथा लूट पुट गया गाने पर स्टैप सीखे। इसके अलावा क्लासिकल डांस में ताल पर नृत्य सिखाया।

### बुग्गी से गिरकर घायल किसान की मौत

**ऐंचोड़ा कम्बोह, अमृत विचार :** ऐंचोड़ा कंबोह क्षेत्र में बुग्गी से गिरकर घायल हुए किसान की इलाज के लिए हायर सेंटर ले जाते समय मौत हो गई। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। सलारपुर खुर्द गांव निवासी किसान राम सिंह रविवार को बुग्गी पर सवार होकर पशुओं को चारा लेकर आ रहा था तभी अचानक वह बुग्गी से नीचे गिरकर बुरी तरह घायल हो गया था। गंभीर रूप से घायल राम सिंह को अमरोहा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत बिगड़ने पर हायर सेंटर रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही राम सिंह की मौत हो गई।

### ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर घायल

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवार घायल हो गये। दोनों घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है। हाईवे पर थाना धनारी से दो सौ मीटर बबराला की तरफ बहजोई की ओर से आ रहे ट्रक ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रतन पाल निवासी ग्राम गौरीपुर थाना धनारी व राजेश निवासी ग्राम सिसौना गंभीर रूप से घायल हो गये।

## ताइक्वांडो सीख सुरक्षा के प्रति मजबूत हो रहीं बालिकाएं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- जायंट्स ग्रुप ऑफ चांद सी चन्दौसी का सात दिवसीय समर कैंप का समापन

**अमृत विचार:** जायंट्स ग्रुप ऑफ चांद सी चन्दौसी के सात दिवसीय समर कैंप का सोमवार को समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि फेडरेशन स्पेशल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, फेडरेशन फाइव के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, पीपी पदमा भार्गव, चीफ प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर सुभाष रुस्तगी, फेडरेशन यूनिट डाइरेक्टर सीमा वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया।

बहजोई रोड स्थित एसएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित समर कैंप के समापन पर ताइक्वांडो ट्रेनर रेखा रानी और सह ट्रेनर पूर्वी व मनन सिंह ने प्रशिक्षित बच्चों से पंच मारना, हैमर किक, नेक सेल्फ डिफेंस आदि का प्रदर्शन अतिथियों के समक्ष किया। डॉ. सुधा चौधरी ने कहा कि ताइक्वांडो सीखकर बालक-बालिकाएं अपनी सुरक्षा मजबूत कर सकते हैं। जिस अनुपात में बालिका अपराध बढ़ते जा रहे हैं उससे बचने में कहीं न कहीं बालिकाएं सक्षम होंगी। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से मनमोह लिया। उमेश अग्रवाल व डॉ. नीरज चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता ग्रुप अध्यक्ष डॉ. नीरज चौधरी ने तथा संचालन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी ने किया। इस अवसर पर सचिव बीना वार्ष्णेय, अलका वार्ष्णेय, मनोरमा अग्रवाल, गीता वार्ष्णेय, रिंकी मिश्रा, डॉ. टीएस पाल, सुरेश कुमार, दुर्गेश पाल, सुशील भोलेनाथ, प्रीति वार्ष्णेय, रेनु वार्ष्णेय, अभिलाषा प्रजापति, शशि गुप्ता, सविता आदि का सहयोग रहा।



समर कैंप के समापन पर प्रमाण पत्र दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बहजोई(संभल)

- अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया था वायरल

**अमृत विचार:** तीन युवकों द्वारा नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर दुष्कर्म का वीडियो इंटरनेट पर वायरल करने के मामले में बहजोई थाना पुलिस ने तीन में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

बहजोई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा को हयातनगर निवासी दोस्त 14 मई को स्कूल जाते समय बहला फुसलाकर बाइक पर बैठाकर हयातनगर ले गया था। युवक ने वहो अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। एक युवक ने अपने मोबाइल से छात्रा के साथ दुष्कर्म की वीडियो बना ली। युवको ने दुष्कर्म का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो का पता चला तो छात्रा के पिता ने बहजोई कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज दर्ज कराई। पुलिस ने छात्रा से पूछताछ के बाद पूरी घटना की जानकारी की। छात्रा ने बताया कि डर की वजह से उस समय घटना के बारे में किसी से नहीं बताया। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म में शामिल आरोपी दीपक और साकिब को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि तीसरे की तलाश जारी है।

> बहजोई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता के बयान दर्ज करते हुए उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। तीसरे आरोपी की तलाश कर जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।
> – अनुकृति शर्मा, एएसपी, दक्षिणी

## पशुओं में फैल रहा गला घोटू रोग, नौ मवेशियों की जान गई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

**अमृत विचार:** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दियौरा खास में पशुओं में गला घोटू रोग फैल रहा है। जिससे पिछले चार दिन में नौ पशुओं की मौत हो चुकी है और कई पशु रोग की चपेट में हैं। लगातार हो रही पशुओं की मौत से किसानों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। वहीं पशु चिकित्सा विभाग बेखबर है।

गांव दियौरा खास में पशुओं में गला घोटू रोग तेजी से फैल रहा है। पिछले चार दिन से एक के बाद एक किसानों के 9 पशुओं की बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। पशुओं की लगातार हो रही मौत से रोग से पीड़ित पशुओं के किसानों में बेचैनी बढ़ने लगी है। अब तक रघुनाथ पुत्र रामचरन की दो भैंस, रघुनाथ पुत्र प्रेमपाल की एक भैंस, भगवान दास की एक भैंस, गंगा सिंह व नन्हे की एक-एक कटिया, ननुकी मौर्य का कटरा, चूरामन का कटरा, मनवीर की कटिया की रोग के चलते मौत हो चुकी है। किसानों ने बताया कि गला घोटू रोग को लेकर वह पशु चिकित्सालय से संपर्क कर चुके हैं। मगर पशु विभाग की टीम गांव नहीं पहुंची है। जिससे पशुओं में बीमारी लगातार फैलती जा रही है। बताया कि आज के समय में भैंस एक लाख से अधिक की आती है। छोटे किसान केवल अपने पशुओं पर ही आश्रित है और उनका दूध बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ऐसी स्थिति में पशुओं की रोग से मौत होने पर किसान चिंतित है।

> गांव दियौरा खास में गला घोटू रोग से हो रही पशुओं की मौत की जानकारी नहीं है। अगर पशुओं में लगातार मौत हो रही है तो मंगलवार की सुबह गांव में पशु चिकित्सक टीम भेज कर बीमार पशुओं का उपचार कराया जाएगा।
> –अजय कुमार, पशु चिकित्साधिकारी

## खोदाई से टूटे बिजली के दो खम्भे, घंटों बाधित रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, संभल

- हयातनगर में नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा नाला निर्माण

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद द्वारा हयातनगर में नाला निर्माण के लिए खोदाई की गई तो बिजली के डबल खम्भे टूटकर एक तरफ झुक गए। जिसके चलते दो फीडर क्षेत्रों की बिजली घंटों तक बाधित रही। दूसरे खम्भे लगवाए गए तब जाकर बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी।

बहजोई मार्ग पर हयातनगर में नाला निर्माण का काम चल रहा है। सोमवार को दोपहर में खोदाई के चलते बिजली के दो खम्भे नीचे से टूटकर झुक गए। जिससे नवाबखेल और नवादा फीडर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को जानकारी दी। जिसके बाद ईओ आनंद कुमार कटारिया भी मौके पर पहुंचे। मौके पर अधिकारियों ने काम शुरू कराया। दूसरे खम्भे की व्यवस्था की गई। खम्भे लगवाने के बाद शाम को करीब पांच बजे बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि नगर पालिका द्वारा कार्य कराने के कारण खम्भे टूट गए। नए पोल लगवाकर करीब साढ़े तीन घंटे बाद बिजली आपूर्ति सुचारू कराई जा सकी।



हयातनगर में बिजली लाइन को ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

## बिजलीघर में फाल्ट से कई क्षेत्रों की बिजली रही गुल

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संभल बिजलीघर की दोपहर में फटी सीटी, बुलंदशहर से मंगवाई
- शाम सात बजे तक बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच सोमवार को संभल बिजलीघर में बड़ा फाल्ट हुआ। सीटी फट जाने की वजह से कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। 44 डिग्री पारा पहुंचने के बीच लोग परेशान हो गए। विभाग ने बुलंदशहर से नई सीटी मंगवाकर उसे लगाने का काम शुरू किया। फिर भी शाम सात बजे तक बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी।

33/11 केवी संभल बिजलीघर में सोमवार को दोपहर में फाल्ट हुआ। अधिकारियों ने चेक कराया तो पता चला कि बिजलीघर की सीटी फट गई। जिस कारण बाजार ठेर, शंकर कॉलेज चौराहा, नूरियो सराय और सैफ खां सराय आदि क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। हजारों घरों की बिजली बाधित होने पर लोग दिक्कतों से जूझने लगे। ऊपर से भीषण गर्मी भी रही, जिस कारण दिक्कतें और बढ़ गईं। दोपहर के वक्त तो गर्मी अहसनीय हो गई। इस बीच अधिकारियों ने नई सीटी की व्यवस्था कराई। आलम यह रहा कि शाम को सात बजे तक बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि बुलंदशहर से सीटी मंगवा ली गई है। जल्द ही सीटी लगाकर बिजली आपूर्ति सुचारू करा दी गई जाएगी।

### न्यायालय के आदेश पर वारंटी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव लखौरी निवासी सुरेश न्यायालय में चल रहे वाद को लेकर न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। सुरेश को पकड़ने के लिए न्यायालय ने वारंट जारी किया था। सोमवार को सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस ने सुरेश को हिरासत में ले लिया और न्यायालय में पेश कर दिया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरी पुत्री निशा गलत संगत में पड़ गई है। जो परिवार के सदस्यों को बिना बताए कई-कई दिनों तक घर से बाहर चली जाती है। जिसके गलत चाल-चलन व आचरण से तंग आकर अपनी बेटी से अपने व परिवार के सदस्यों से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए कुकृत्यों की वह स्वयं जिम्मेदार होगी। दिलीप पुत्र जगदीश निवासी ऊमरी डहरा, तहसील व थाना कांठ, जिला मुरादाबाद।



अपना दल (एस) की अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जीत की हैट्रिक में कई चुनौतियों से पड़ रहा जूझना

# जाति-बिरादरी के जाल से वोट बैंक बचाने की चुनौती

- भाजपा से सपा में आए सांसद रमेश बिंद से मिल रही है कड़ी चुनौती तो बसपा ने भी लगा रखा है ब्राह्मण चेहरे पर दांव
- बहन पल्लवी पटेल अपने प्रत्याशी के जरिए कुर्मी वोटों में सेंध लगाने की कोशिश में, राजा भैया ने भी बढ़ा रखी है मुसीबत

मिर्जापुर लोकसभा सीट

मनोत्र त्रिपाठी



रमेश बिंद।



अनुप्रिया पटेल।

**अमृत विचार।** अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध मिर्जापुर संसदीय सीट पर अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के लिए इस बार जीत की हैट्रिक लगाना बहुत आसान नजर नहीं आ रहा है। इसकी वजह यह है कि मिर्जापुर में सबसे ज्यादा पटेल मतदाता हैं। इसके बाद ब्राह्मण और बिंद मतदाताओं की बहुलता है। अब हुआ यह है कि अनुप्रिया पटेल को यहां अपनी बहन के कारण अगर पटेल जाति के प्रत्याशी का सामना करना पड़ रहा है, तो सपा ने उनके सामने भाजपा के बिंद बिरादरी के सांसद को उतार दिया है। इन सबके बीच बसपा के ब्राह्मण जाति के उम्मीदवार ने वोटों का जातीय समीकरण और उलझा रखा है। ऐसे में माना जा रहा है कि मिर्जापुर में त्रिकोणीय और कई इलाकों में चतुष्कोणीय संघर्ष के बीच अनुप्रिया पटेल को इस बार मोदी और योगी के नाम और काम के सहारे जातीय बिसात के जाल से बाहर निकलने की चुनौती से जूझना पड़ रहा है।

मिर्जापुर लोकसभा सीट पर भाजपा से टिकट कटने के बाद भदोही के सांसद रमेश बिंद मिर्जापुर में सपा की साइकिल पर सवार होकर अनुप्रिया को चुनौती दे रहे हैं, तो बसपा ने यहां ब्राह्मण मनीष तिवारी को उतार रखा है। इस लड़ाई में अनुप्रिया की विधायक बहन पल्लवी पटेल ने अपना दल कमेरावादी से दौलत सिंह पटेल पर दांव लगाकर पटेल वोटों में सेंध लगा दी है।

हालांकि अनुप्रिया के लिए राहत की बात यह है कि लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों विधानसभा सीटों पर एनडीए का कब्जा है। 2022 में मिर्जापुर सदर, चुनार और मड़िहान में भाजपा जीती थी। मझवां सीट निषाद पार्टी और छानबे सीट अपना दल के पास है। पिछले चुनाव में अनुप्रिया के साथ एनडीए का कोर वोट बैंक ब्राह्मण, क्षत्रिय और कुर्मी साथ था। लेकिन इस बार हर जगह ऐसा नहीं दिख रहा है। कुर्मी वोट बैंक में दौलत पटेल सेंध लगाने की दौड़भाग कर रहे हैं। ब्राह्मणों के एक वर्ग का रुख बसपा की तरफ झुकता नजर आ रहा है। राजा भैया पर बयान देने से क्षत्रिय मतदाताओं में नाराजगी है। मिर्जापुर में डेढ़ लाख से ज्यादा ब्राह्मण और एक लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। कुर्मी मतदाता पौने तीन लाख माने जाते हैं। इस वोट बैंक को संभालने में अनुप्रिया को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है।

### बहन की चुनौती पड़ रही भारी

- अनुप्रिया पटेल को पारिवारिक विरासत की जंग में अपनी बहन एवं अपना दल कमेरावादी की विधायक पल्लवी पटेल की चुनौती परेशान कर रही है। अनुप्रिया की हार के लिए पल्लवी पूरा जोर लगा रही हैं तो अनुप्रिया यह साबित करने में जुटी हैं कि पिता सोनेलाल पटेल की वास्तविक वारिस वही हैं। पल्लवी ने अपने पीडीएम फार्मूले के तहत ही यहां दौलत सिंह पटेल को मैदान में उतारा है। वे कुर्मी मतदाताओं में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

### 2019 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| अपना दल-एस | अनुप्रिया पटेल | 5,91,564 | 53.34 |
| सपा | राम चरित्र निषाद | 3,59,556 | 32.42 |
| कांग्रेस | ललितेश पति त्रिपाठी | 91,501 | 8.25 |

### 2014 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| अपनादल-एस | अनुप्रिया पटेल | 4,36,536 | 43.32 |
| बसपा | समुद्र बिंद | 2,17,457 | 21.58 |
| कांग्रेस | ललितेश पति त्रिपाठी | 1,52,666 | 15.15 |
| सपा | सुरेंद्र सिंह पटेल | 1,08,859 | 10.80 |

## कोल-भील और कुर्मी मतदाताओं के साथ मोदी-योगी के नाम का सहारा

2014 और 2019 में बड़े अंतर से जीतीं अनुप्रिया पटेल को बदले समीकरणों ने कठिन लड़ाई की तरफ धकेल दिया है। सपा ने पहले यहां राजेंद्र एस बिंद को उतारा था, लेकिन बाद में भदोही से भाजपा सांसद रमेश बिंद को चुनावी मैदान में उतार कर निषाद, केवट मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के साथ ही यादव, मुस्लिम समीकरण को मजबूत किया है। सपा और भाजपा गठबंधन के पिछड़ी जाति के दांव को फेल करने के लिए बसपा ने मनीष तिवारी के जरिए अगड़ी जाति का दांव खेला है। इससे पार पाने के लिए भाजपा ने बड़े ब्राह्मण नेताओं को यहां लगाया है। वैसे कुर्मी मतदाता अनुप्रियाके पक्ष में लामबंद नजर रहे हैं। इसके साथ ही जनजातीय श्रेणी में आने वाले कोल और भील मतदाताओं को भी वह अपने पाले में करने की कोशिश में कामयाब दिख रही हैं। वह यह बताने में जुटी हैं कि उन्होंने राबर्ट्सगंज से दूसरी बार कोल उम्मीदवार को मैदान में उतारकर उनका मान बढ़ाया है।

### राजपूत मतदाता सपा के लिए गोलबंद कर रहे राजा भैया

- अनुप्रिया पटेल को मोदी की गारंटी के सहारे जीत का भरोसा तो है पर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया की नाराजगी से पार पाना आसान नजर नहीं आ रहा है। राजा भइया जहां उनके विरुद्ध राजपूत बिरादरी के मतदाताओं को गोलबंद करके सपा के रमेश बिंद के पक्ष में करने को प्रयत्नशील नजर आ रहे हैं। अनुप्रिया पटेल की राजा भइया पर की गई टिप्पणी को भुनाने की सपा की कोशिश नाकाम करने के लिए भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य राजपूत नेताओं का सहारा लिया है।

# पहली बार महिला चेहरा उतार पुरानी लड़ाई दिलचस्प बनाई

राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट

दिग्विजय सिंह



रिंकी कोल।



छोटेलाल खरवार।

**अमृत विचार।** पहाड़ियों पर बसे उत्तर प्रदेश के अंतिम जिले सोनभद्र का मुख्यालय है राबर्ट्सगंज और इसी नाम से लोकसभा सीट है। कोयला, बालू और वन संपदा से समृद्ध इस जिले की पहचान खनन के साथ विद्युत उत्पादन को लेकर होती है। ऊर्जांचल के नाम से मशहूर यह प्रदेश का अकेला जिला है, जो चार राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड की सीमा से सटा है। राबर्ट्सगंज सुरक्षित लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (एस) की विधायक रिंकी कोल और सपा-कांग्रेस गठबंधन से सपा उम्मीदवार पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के बीच सीधा चुनावी मुकाबला देखने में आ रहा है। छोटेलाल खरवार साल 2014 में राबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा से चुनाव जीते थे, लेकिन 2019 में भाजपा द्वारा यह सीट समझौते में अपना दल (एस) को दे दिए जाने से चुनाव नहीं लड़ पाए थे। इस बार भी सीट अपना दल के खाते में ही रहने पर छोटेलाल भाजपा को छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। हालांकि दोनों गठबंधनों के बीच अपना दल (एस) और सपा प्रत्याशियों के सीधे संघर्ष में तीसरा कोण बसपा के प्रत्याशी धनेश्वर गौतम भी हैं। वह मिर्जापुर मंडल में बसपा के प्रभारी है और मिर्जापुर की ही छानबे विधानसभा सीट से 2017 और 2022 में चुनाव भी लड़ चुके हैं।

राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट पर यह पहला मौका है, जब किसी प्रमुख दल ने महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। रिंकी कोल अपना दल (एस) के मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू हैं। हालांकि पकौड़ी लाल का टिकट काटकर उनकी बहू को देने की घोषणा से परिवार में पहले खींचतान नजर आई थी। लेकिन अब यह शांत हो चुकी है। दरअसल, सांसद पकौड़ी लाल तीसरी बार स्वयं चुनाव लड़ने या अपने छोटे बेटे को टिकट दिलाने के इच्छुक थे, लेकिन अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, जो खुद बगल की मिर्जापुर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं, ने जातीय समीकरणों के लिहाज से रिंकी कोल पर भरोसा जताया। रिंकी मिर्जापुर जिले की छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे अपने पति राहुल प्रकाश कोल की मृत्यु के बाद पिछले साल ही उपचुनाव में विधायक चुनी गईं थीं। उनका कोल जाति से होना ही प्रत्याशी चयन की प्रमुख वजह है। राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र में कोल जाति के करीब 80 हजार मतदाता हैं, मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र में कोल मतदाताओं की संख्या इससे अधिक मानी जाती है। हर चुनाव में यह निर्णायक भूमिका में भी रहते हैं।

रिंकी कोल को इस वर्ग में सहानुभूति का लाभ मिलने की भी उम्मीद है। यह सीट 2019 में रिंकी के ससुर पकौड़ी लाल कोल ने 54 हजार वोटों से जीती थी, 2014 में भाजपा से छोटेलाल खरवार, 2009 में सपा से लड़े पकौड़ी लाल कोल और 2004 में बसपा प्रत्याशी लाल चन्द्र कोल ने जीती थी।

- अपना दल (एस) ने सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू विधायक रिंकी कोल पर लगाया है दांव
- सपा ने 2014 में भाजपा से जीते छोटेलाल खरवार को उतार कर दिलचस्प बना दिया है चुनावी मुकाबला

### 2019 का जनादेश

| | | |
|---|---|---|
| अपना दल (एस) | पकौड़ी लाल कोल | 4,47,914 |
| सपा | भाई लाल | 3,93,578 |
| कांग्रेस | भगवती प्रसाद चौधरी | 35,269 |

### 2014 का परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | छोटेलाल | 3,78,211 |
| बसपा | शारदा प्रसाद | 1,87,725 |
| सपा | पकौड़ी लाल कोल | 1,35,966 |
| कांग्रेस | भगवती प्रसाद चौधरी | 86,235 |
| भाकपा | अशोक कुमार कनौजिया | 24,363 |

### 2009 का आंकड़ा

| | | |
|---|---|---|
| सपा | पकौड़ी लाल कोल | 2,16,478 |
| बसपा | रामचंद्र त्यागी | 1,66,219 |
| भाजपा | राम शकल | 1,04,411 |
| कांग्रेस | राम आधार | 55,809 |

### पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र राबर्ट्सगंज, ओबरा, दुद्धी, घोरावल, और चकिया हैं। इसमें चकिया विधानसभा सीट चंदौली जिले में है, और बाकी चारों विधानसभा सीटें सोनभद्र जिले का हिस्सा है। इन सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का कब्जा है।
- एक अनुमान के मुताबिक राबर्ट्सगंज में अनुसूचित जाति के करीब चार लाख, अनुसूचित जनजाति के 1.75 लाख मतदाता हैं। यादव मतदाताओं की संख्या 1.25 लाख और ब्राह्मण 1.5 लाख हैं। एक लाख कुशवाहा, 80 हजार पटेल और इतने ही कोल मतदाताओं के अलावा 40 हजार राजपूत हैं। मुस्लिम मतदाता यहां करीब 60 हजार माने जाते हैं।



हाथ का साथ

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश के चंबा क्षेत्र में मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से मुलाकात की और पार्टी उम्मीदवार के लिए वोट मांगा।



मांगा समर्थन

कोलकाता नार्थ सीट से टीएमसी उम्मीदवार संदीप बंदोपाध्याय के समर्थन में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने के लिए संदीप को वोट दें।

# पंजाब में आधा दर्जन सीटों पर भाजपा ने लगाई उम्मीद

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पंजाब में भाजपा ने 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा तीन सीटें जीती थीं। लेकिन इस बार पार्टी अगर राज्य की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है, तो दूसरे दल भी बिना किसी गठबंधन के अपनी सियासी जमीन मजबूत करने के लिए अकेले ही ताल ठोंक रहे हैं। एक ओर जहां भाजपा और शिरोमणि अकाली दल की दशकों पुरानी जुगलबंदी टूट चुकी है, वहीं दिल्ली और हरियाणा में साथ-साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस और आम आदमी पार्टी यहां एक दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इस तरह अधिकतर सीटों पर मुकाबला चतुष्कोणीय है, लेकिन पांच सीटों पर बसपा और अन्य प्रत्याशियों के कारण संघर्ष बहुकोणीय भी हो रहा है। भाजपा ऐसे ही कड़े मुकाबले वाली जालंधर, संगरूर, बाठिंडा के अलावा आनंदपुर साहिब, खडूर साहिब जैसी सीटों पर अपनी जीत की राह तलाश रही है।

**राम मंदिर के सहारे हिंदुओं का समर्थन लेने की कोशिश:** भाजपा राज्य में इस बार शिरोमणि अकाली दल जिसे सिखों की पार्टी कहा जाता है, से अलग होकर अपनी हिंदुओं की पार्टी की छवि को चमकाने की रणनीति बनाई है। इस काम में पार्टी को राम मंदिर की स्थापना और शहरी क्षेत्र में पहले से ही मिलने वाले समर्थन से बड़ी उम्मीद है। राज्य में हिंदुओं की आबादी 39 प्रतिशत है। भाजपा इसी पर फोकस करने के साथ सिखों का दिल जीतने का भी भरसक प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए हम मौके पर खास प्रयास किए हैं। पार्टी ने तमाम कद्दावर सिख नेताओं को शामिल भी किया है।

### 2019 का वोट शेयर

| पार्टी | सीट | वोट % |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 08 | 40.1 |
| अकाली दल | 02 | 27.4 |
| भाजपा | 02 | 9.6 |
| आप | 01 | 7.4 |

- **राज्य में चतुष्कोणीय और बहुकोणीय संघर्ष के बीच जीत की राह तलाश रही पार्टी**

### जालंधर, लुधियाना पटियाला और होशियारपुर में मजबूत चुनौती

- जालंधर में आम आदमी पार्टी के टिकट को धता बताकर सांसद सुशील रिंकू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं, तो लुधियाना में कांग्रेस के तीन बार के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू भाजपा से चुनावी मैदान में हैं। इसी तरह चार बार की कांग्रेस सांसद परनीत कौर को भाजपा ने पटियाला के रण में उतार रखा है। अमृतसर में पार्टी ने अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह पर दांव लगा रखा है। होशियारपुर सीट भाजपा पिछले दो बार से जीत रही है, इस बार पार्टी ने यहां केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश की पत्नी अनिता सोम प्रकाश को उतारा है, जो भाजपा को तीसरी जीत दिलाने के लिए मेहनत कर रही हैं। उधर, अभिनेता विनोद खन्ना और सनी देओल के सहारे दो बार से गुरदासपुर में जीत रही भाजपा ने स्थानीय दिनेश सिंह बब्बू को उतारकर लोगों की नाराजगी साधने का प्रयास किया है।

# राजग गढ़ बचाने तो महागठबंधन किला ढहाने की जुगत में

बिहार में अंतिम चरण

चुनाव डेस्क



मुख्यमंत्री नितीशकुमार।



राजद नेता तेजस्वी यादव।

- अंतिम चरण की सभी आठ सीटें भाजपा गठबंधन के पास
- महागठबंधन के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं

**अमृत विचार।** अंतिम चरण में एक जून को बिहार की आठ सीटों पर मतदान होना है। इस चरण की सभी सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) का कब्जा है। भाजपा और उसके सहयोगी दल जहां अपने गढ़ को बचाने में जुटे हुए हैं तो वहीं महागठबंधन में शामिल पार्टियां भाजपा और उसके सहयोगियों के किले को ढहाकर अपना झंडा बुलंद करने के लिए चक्रव्यूह को और मजबूत बनाने में जुटी हैं। जातीय गोलबंदी के साथ ही महंगाई और भ्रष्टाचार के साथ ही संविधान और आरक्षण बचाने के नाम पर मतदाताओं को गोलबंद करने का प्रयास उनके द्वारा किया जा रहा है। संविधान बचाने के नाम पर दलित मतदाताओं को ये अपने साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं।

पांच सीटों सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार मैदान में हैं तो नालंदा और जहानाबाद सीट पर जदयू लड़ रही है। काराकाट सीट जदयू ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के लिए छोड़ा है। इंडिया महागठबंधन से भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से प्रत्याशी दिया है। आरा सीट पर केंद्रीय मंत्री आरके सिंह हैट्रिक लगाने को आतुर दिख रहे हैं। उन्हें मोदी के नाम और अपने काम पर भरोसा है तो नालंद सीट पर जीत का चौका लगाने को जदयू के कौशलेंद्र ने पूरी ताकत झोक रखी है। जहानाबाद सीट को बचाने के लिए जदयू हरसंभव प्रयास कर रही है। पटना साहिब और सासाराम सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। पटना साहिब सीट पर दूसरी जीत के लिए उतरे पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर है। यहां कांग्रेस ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजित उम्मीदवार हैं।

कांग्रेस यहां दलित, मुस्लिम, यादव वोटों के सहारे रविशंकर प्रसाद को हराने का गणित लगा रही है। भाजपाई मोदी की गारंटी के सहारे जीत को पक्की मान रहे हैं। इस सीट पर कायस्थ मतदाता निर्णायक हैं। रविशंकर प्रसाद भी इसी जाति से आते हैं।

### काराकाट में फंसे नजर आ रहे उपेंद्र कुशवाहा

- काराकाट सीट पिछली बार जदयू जीती थी। इस बार यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा राजग के उम्मीदवार हैं। उन्हें निर्दलीय भाजपा के बागी पवन सिंह से चुनौती मिल रही है। यही वजह है कि महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह को अपनी जीत सुनिश्चित नजर आ रही है।

### लगातार दो चुनाव हार चुकीं मीसा को जीत की आस

- पाटिलपुत्र सीट से भाजपा के रामकृपाल यादव लगातार दो बार से सांसद हैं। रामकृपाल ने 2014 और 2019 में लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती को हराया था। इससे पहले 2009 में लालू प्रसाद यादव भी यहां जदयू के रंजन प्रसाद यादव से हार चुके हैं। मीसा को उम्मीद है कि वह संविधान बचाने की दुहाई देकर इस बार मैदान मार लेंगी। इसलिए यहां दलित मतदाताओं को यह बताया जा रहा है कि बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए वे उनके साथ आएं। जबकि कभी लालू प्रसाद के खासमखास रहे रामकृपाल लगातार लाभार्थियों पर फोकस कर रहे हैं।

### सासाराम में भाजपा ने बदला चेहरा

- भाजपा ने सासाराम से शिवेश राम को उतारा है। इससे पहले लगातार पार्टी के छेदी पासवान यहां से सांसद बने थे। शिवेश राम को कांग्रेस के बसपा से आए प्रत्याशी मनोज भारती से टक्कर मिल रही है। पुराने कांग्रेसी को टिकट न मिलने से कार्यकर्ता नाराज नजर आ रहे हैं। भाजपा ने बक्सर सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट दिया है। उनके बदले में मिथिलेश तिवारी को चेहरा बनाया है। इससे चौबे के समर्थक नाराज हैं। इसका असर परिणाम पर पड़ सकता है। नाराजगी दूर करने की कोशिश लगातार हो रही है।

## अमौसी एयरपोर्ट पर यात्री से पकड़ा गया लाखों रुपये का सोना

**लखनऊ, अमृत विचार :** सरोजनीनगर स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सोमवार को जांच के दौरान कस्टम अधिकारियों ने एक यात्री के पास से लाखों रुपये कीमत का सोना बरामद किया। कस्टम अधिकारियों ने सोना जब्त कर पकड़े गए यात्री को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। एयरपोर्ट सूत्रों की मानें तो सोमवार को अबू धाबी से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई 1416) से उतरे यात्रियों की जांच पड़ताल की जा रही थी। तभी कस्टम अधिकारियों को एक यात्री पर संदेह हुआ और उन्होंने उसे अलग बुलाकर उससे पूछताछ की। लेकिन पूछताछ में उसने कुछ भी नहीं बताया। बाद में जब कस्टम अधिकारियों ने उसकी बारीकी से जांच पड़ताल की तो उसके पास से मलाशय में छुपा कर लाया गया करीब 793 ग्राम सोना बरामद हुआ। अधिकारियों के मुताबिक यह सोना बिना सीमा शुल्क चुकाए ही विदेश से चोरी छुपे लाया गया था।

# शिक्षकों के अभाव में नहीं चल सकेंगे मेडिकल कॉलेज

### एमबीबीएस पढ़ाना है तो शिक्षकों की संख्या रखनी होगी मानक अनुरूप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज, आगामी सत्र में बिना शिक्षकों की संख्या पूरी किये नहीं चल सकेंगे। उन्हें मानक के अनुरूप शिक्षकों के साथ ही सीनियर रेजीडेंट्स, जूनियर रेजीडेंट्स, व ट्यूटर आदि के पद हर हाल में भरने होंगे। ये मानक दो माह में पूरे करने के निर्देश नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) ने दिये हैं।

प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेज ही नहीं, तमाम सरकारी मेडिकल कॉलेज भी एनएमसी द्वारा निर्धारित मानकों को धता बताते हुए संचालित हो रहे हैं। एनएमसी के निरीक्षण दौरान दूसरे कॉलेज से शिक्षकों को बुलाकर मानक पूरे किये जाते हैं। यह स्थिति अधिकांश सरकारी मेडिकल कॉलेजों की है। चिकित्सा शिक्षा विभाग और कॉलेजों की यह तिकड़मबाजी अब नहीं चलेगी।

एनएमसी ने पहली बार ऑन लाइन मानकों का न केवल निरीक्षण किया बल्कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस की गहनता से जांच की, भारी लापरवाही मिलने पर अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड के दायरे में राजधानी के केजीएमयू, लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ दो दर्जन से ज्यादा सरकारी मेडिकल कॉलेज आ चुके हैं, जिन पर कम से कम दो लाख से लेकर 20 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया गया है।

### शाहजहांपुर सहित 5 कॉलेजों को मिले स्थाई प्रधानाचार्य

**लखनऊ।** मानक पूरे न होने से मेडिकल कॉलेजों पर नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी)द्वारा लगाए जुर्माने के बाद, कॉलेज प्रशासन के साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया है। सोमवार को विभाग ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य के भरोसे चलने वाले प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिये हैं। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मेरठ मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर को पीलीभीत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बस्ती के प्रोफेसर डॉ.मनोज कुमार को उसी कॉलेज में प्रधानाचार्य बनाया गया है। आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ.राजेश कुमार को शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में और गुजरात के मेडिकल कॉलेज के डॉ.राजेश मोहन को सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य बनाया गया है। इसके अलावा बहराइच मेडिकल के प्रधानाचार्य डॉ.संजय खत्री को, उसी कॉलेज में अगले तीन साल के लिए पुन: नियुक्त कर दिया गया है। कई मेडिकल कॉलेज कार्यवाहक प्रधानाचार्यों के भरोसे संचालित हो रहे हैं।

## बेटे ने सिर कुचल कर माता-पिता को मार डाला

**गोरखपुर, एजेंसी :** जिले के गोला थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में एक नशेबाज बेटे ने अपने बुजुर्ग माता-पिता की सिर कुचल कर सोमवार को हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि गोला थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर के दलित बस्ती निवासी राजपति (75) व पत्नी मुराती देवी (70) घर पर गहरी नीद में सो रहे थे कि उसका छोटा बेटा दयानंद कहीं से भोर में घर आया और हैंडपंप से हत्था निकाल कर गहरी नींद में सो रहे माता.पिता के सिर पर कई बार वार कर मौत के घाट उतार दिया। बताया जाता है कि घर के अन्य परिवार किसी रिश्तेदार में किसी समारोह में गये हुए थे। परिजनों के अनुसार दयानंद सभी प्रकार के नशे का आदी था। वह नशे के लिए दिहाड़ी मजदूरी करता था। गोला थाना प्रभारी मधुपनाथ मिश्र ने बताया की परिजन द्वारा तहरीर दे दी गयी है जिसके आधार पर दयानंद के ऊपर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



इलाहाबाद हाईकोर्ट से



# कोर्ट को अभ्यर्थी के अंकों में सुधार का अधिकार

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा (सिविल जज) जूनियर डिवीजन परीक्षा, 2022 में उत्तर का सुधार कर अभ्यर्थी को अतिरिक्त अंक देने के मामले में अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि अगर न्यायालय इस आवश्यक सुधार से बचता है तो यह केवल लापरवाही को अनुमति देने के समान होगा तथा भ्रष्ट आचरण के विकास के लिए द्वार भी खोलेगा, इसलिए जहां आयोग जैसे विशेषज्ञ ने उत्तर प्रतिक्रिया का मूल्यांकन न करने की गलती की हो, वहां कोर्ट द्वारा मापा हुआ आवश्यक सुधार करना न्याय संगत है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि दिए गए अंकों में हस्तक्षेप करना उचित नहीं है, लेकिन जहां परीक्षक सही उत्तर को आंकने में विफल रहा है, वहां कोर्ट को सुधार की पेशकश करने का अधिकार है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने शिवम सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया, साथ ही याची का नियुक्ति पत्र भी जारी करने का निर्देश दिया और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अगर छात्र द्वारा दिया गया उत्तर संदेह से परे सही है तो उत्तर कुंजी के अनुसार उत्तर न देने के लिए छात्र को दंडित नहीं किया जा सकता है। मामले के अनुसार याची ने यूपीपीसीएस (जे), 2022 की प्रारंभिक और लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की, उसे साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। हालांकि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा अंतिम परिणाम घोषित किए जाने पर याची का चयन नहीं हुआ। इससे व्यथित होकर याची ने सामान्य ज्ञान परीक्षा के लिए अपनी उत्तर प्रति की जांच करने की मांग की।

## अफजाल के मामले की सुनवाई 3 जून को

**प्रयागराज, अमृत विचार:** हाईकोर्ट में गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी के मामले में सोमवार को अफजाल अंसारी के साथ ही प्रदेश सरकार और बीजेपी के पूर्व विधायक कृष्णानंद राय के परिवार की अर्जियों पर एक साथ सुनवाई हुई। अफजाल की सुनवाई सोमवार को पूरी हो गई। हालांकि अफजाल के वकीलों ने कृष्णानंद राय के परिवार की तरफ से सजा को बढ़ाए जाने की मांग को लेकर दाखिल की गई अर्जी पर आपत्ति जताने के लिए पांच दिनों की मोहलत मांगी। कोर्ट ने मामले को आगामी 3 जून 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।

# अब्बास अंसारी के करीबी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में रंगदारी, मारपीट, गुंडागर्दी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल अब्बास अंसारी के गिरोह के सक्रिय सदस्य शहबाज आलम खान को राहत देते हुए उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद कर दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने पारित किया।

मामले के अनुसार प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय ने अब्बास अंसारी,शहबाज आलम खान सहित तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत चित्रकूट में 29 जनवरी 2024 को प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि अब्बास अंसारी ने चित्रकूट जेल में रहते हुए एक नया गिरोह बनाया है, जिसका सक्रिय सदस्य शहबाज आलम अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर आर्थिक लाभ हेतु लोगों से रंगदारी वसूलता है। इस गिरोह का आम लोगों में इतना भय और आतंक है कि उनके विरुद्ध कोई रिपोर्ट दर्ज करने का साहस नहीं कर पाता।

# चुनाव प्रभावित करने के आरोप में एडीएम पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आयोग ने अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह को हटाया

**अमृत विचार :** चुनाव आयोग ने चुनाव प्रभावित करने के आरोप में दो अधिकारियों को उनकी वर्तमान तैनाती से हटा दिया है। इनमें से एक फिरोजाबाद के अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह हैं और दूसरे इसी जिले में जसराना के पुलिस क्षेत्राधिकारी श्यामजीत प्रमिला सिंह हैं। इतना ही नहीं आयोग ने निर्देशित किया है कि इन दोनों को किसी भी सूरत में चुनाव संबधी कोई ड्यूटी न सौंपी जाए।

4 जून को होने जा रही मतगणना की तैयारी करा रहे फिरोजाबाद के एडीएम पर हुई इस कार्रवाई से अन्य बड़े अफसरों में भी खलबली मच गई है। फिलहाल दोनों को प्रतीक्षारत रखा गया है, नयी तैनाती तक दोनों लखनऊ मुख्यालय से अटैच रहेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शीघ्र ही इन दोनों पदों पर नए अधिकारियों की तैनाती कर दी जाएगी। दरअसल, फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर तीसरे चरण यानि सात मई को मतदान हुआ था। जिसमें सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों पर गड़बड़ी करने और मतदाताओं को वोट न डालने देने की शिकायत चुनाव आयोग से की थी।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले की सुनवाई जारी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में सोमवार को लगातार 5 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान मस्जिद के अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखा। मुकदमे की पोषणीयता के बिंदु पर अधिवक्ताओं ने मथुरा कोर्ट में दाखिल वाद को खारिज करने की मांग की। हालांकि हिंदू पक्षकारों के अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया। समयाभाव के कारण सुनवाई पूरी न होने पर न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ ने मामले को 28 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

# वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्ग भी वृद्धावस्था पेंशन योजना से जुड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश में संचालित किए जा रहे हैं 75 वृद्धाश्रम

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ मिलने लगा है। पेंशन दिए जाने के समाज कल्याण निदेशालय के प्रस्ताव पर शासन की मंजूरी के बाद करीब चार हजार बुजुर्गों को पेंशन बन गई है। वृद्धावस्था पेंशन के तहत इन बुजुर्गों को पहली तिमाही की तीन हजार रुपये पेंशन जून में उनके खातों में पहुंच जाएगी।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में वृद्धाश्रम चलाए जा रहे हैं। जहां बेसहारा बुजुर्गों को आश्रय दिया जाता है। इन 75 वृद्धाश्रमों में लगभग 65 सौ बुजुर्ग रह रहे हैं। उनके जीवन का स्तर सुधारने के लिए समाज कल्याण निदेशालय की ओर से उन्हें वृद्धावस्था पेंशन दिए जाने का प्रस्ताव तैयार कर फरवरी में शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत के अनुसार पेंशन देने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की पेंशन बनवाने का काम तेजी से शुरू हो चुका है। अब तक करीब चार हजार बुजुर्गों की पेंशन बन चुकी है।

# अपराधी को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी पुलिस की

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस की जिम्मेदारियों पर एक बार फिर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि पुलिस अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे आरोपी व्यक्तियों का पता लगाएं और उन्हें कोर्ट के समक्ष पेश करें, चाहे वे भारत में कहीं भी रहते हों।

वारंट की तामील न होना यह दर्शाता है कि पुलिस वारंट की तामील करने में रुचि नहीं रखती। ऐसी स्थिति को कायम नहीं रखा जा सकता है।पुलिस अधिकारी न्यायालय के समक्ष यह बयान नहीं दे सकते हैं कि आरोपी व्यक्तियों का पता नहीं लग पा रहा है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने सीआरपीसी की धारा 482 के तहत विद्या सिंह द्वारा दायर याचिका पर विचार करते हुए की। याची ने तर्क दिया कि मामले में आरोपी व्यक्ति गैर-जमानती वारंट जारी करने और सीआरपीसी की धारा 82 और 83 के तहत कार्यवाही शुरू करने के बावजूद कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं हो रहे हैं। कोर्ट से अप्रैल में हुई सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से उपस्थित अपर शासकीय अधिवक्ता ने अनुरोध किया कि वह यह स्पष्ट करें कि गैर-जमानती वारंट के तहत आरोपियों को कोर्ट के समक्ष क्यों नहीं प्रस्तुत किया जा रहा है। मामले की सुनवाई 28 को होगी।

## धर्म दर्शन

# परम पुनीता सरयू नदी



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यह एक पौराणिक ऐतिहासिक सत्य है कि भारत ही नहीं वरन् विश्व के करोड़ों राम भक्तों की दृष्टि में आधुनिक अयोध्या नगरी सहसा अत्यंत आकर्षण का केंद्र बन गई है। अयोध्या पुरी की सुसंपन्नता और सुरक्षा में पुण्यतोया सरयू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। निम्नलिखित पंक्तियों में सरयू नदी के सांस्कृतिक-साहित्यिक इतिहास का अति संक्षिप्त रेखांकन वर्णित है-

ऋग्वेद (4/13/18) में देवराज इन्द्र द्वारा सरयू के तट पर अपने दो प्रतिद्वंद्वियों के वध का उल्लेख है। ऋग्वेद(4/30/18; 5/53/9 तथा 5/53/9) इसका नाम आया है। यदु और तुर्वसु के द्वारा इस नदी को पार करने का उल्लेख हुआ है। पाणिनि की अष्टाध्यायी (6/4/174) में भी इसका उल्लेख हुआ है। यों तो भौगोलिक दृष्टि से इसके सरयू, शारदा, काली, घाघरा कई नाम हैं, किंतु प्रारम्भ और अंत का 'सरयू' नाम ही अधिक लोक श्रुति है। हमारे प्राचीन साहित्य में सरयू नाम ही बहुप्रचलित या प्रयुक्त हुआ है। हिमालय की उपत्यका में आधुनिक उत्तरांचल के बागेश्वर जनपद में इसका उद्‌गम स्थल है। बाद में उत्तर प्रदेश से कटकर उत्तरांचल राज्य बनने के बाद पिथौरागढ़ में ही उसके अतिरिक्त बागेश्वर और चंपावत दो और नए जनपद बन गए हैं। बागेश्वर से निकलकर उत्तर प्रदेश के जनपद बलिया में गंगा नदी में विलीन हो जाने वाली लगभग 350 किलो मीटर लंबी इस नदी के तटवर्ती उत्तर प्रदेश के बहराइच, सीतापुर, गोंडा, अयोध्या, सुल्तानपुर, दोहरीघाट तथा बलिया जनपद या शहर स्थित हैं। अचिरवती अथवा राप्ती नदी इसकी प्रमुख सहायक नदी है। यह नदी आधुनिक देवरिया जनपद के बरहज नामक स्थान पर स्वयं को सरयू में विलीन कर देती है। इसके पूर्व अचिरवती या राप्ती अपने में आमी और जाहन्वी नदियों को स्वयं में समाहित कर चुकी होती है। आदि महाकवि वाल्मीकि कृत रामायण में सरयू तीरे स्थित धन-धान्य (अन्न-धन) से सुसंपन्न, सुविस्तृत कोसल नामक महान जनपद की राजधानी अयोध्यानगरी को बसाने का श्रेय स्वयं मानवेन्द्र मनु महाराज को दिया गया हैः 'कोसलोनाम मुदितः स्फीतो जनपदो महान,

निविष्टः सरयू तीरे प्रभूत धन-धान्यवान्।
अयोध्या नाम नगरी तत्र सील्लोक विश्रुता,
मनुना मानवेद्रेण या पुरी निर्मिता स्वयम्।।
(वाल्मीकि रामायण, 5.19)

वाल्मीकि रामायण (अयोध्या कांड 63,20-21-36) में ही अयोध्या के निकटवर्ती वन में शिकार खेलने गए राजा दशरथ के द्वारा भ्रम वश अंधे माता-पिता के लिए सरयू जल लाने गए, मातृ-पितृभक्त श्रवण कुमार के वध और शापित होने का वर्णन है। संस्कृत साहित्य के महाकवि कालिदास के 'रघुवंश' महाकाव्य (13/63) में भगवान श्रीराम, सरयू नदी को अपनी जन्मदात्री मां के समान पूजनीय मानते हैं। काल की गति विचित्र होने के साथ ही सर्वव्यापी एवं सर्वशक्तिमान तथा सतत परिवर्तनशील है। कतिपय भू वैज्ञानिकों की मान्यता है कि यदि समय रहते विशेष ध्यान नहीं दिया गया तो सरयू नदी का अस्तित्व ही खतरे में है।

# आत्म- बोध





ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

सोऽस्यायमात्मा पुण्येभ्यः प्रतिधीयते।
अथास्यायमितर आत्मा कृतकृत्यो वयोगतः प्रैति। स इतः प्रयन्नेव पुनर्जायते तदस्य तृतीयं जन्म।।

पुत्र पिता का ही आत्मस्वरूप होता है। यह पुत्र जब कार्य करने योग्य हो जाता है, तब पिता उसको अपना प्रतिनिधि बना देता है। गृहस्थी का पूरा दायित्व उस पर छोड़ कर अपने को कृतकृत्य समझता है। तदनंतर इसका यही पितृरूप आत्मा वृद्धावस्था मे पहुंचकर शरीर छोड़कर विदा होता है। इसके बाद वह कर्मानुसार जहां जिस योनि मे जन्म लेता है, वह इसका तीसरा जन्म है।

इस प्रकार संसरण करता हुआ अर्थात् संसार मे उत्पन्न होता हुआ, जन्म मरण रूप परंपरा पर आरूढ़ हुआ, जन्म-जन्मांतर मे जिस समय जिस किसी अवस्था मे वह अपनी आत्मा को जान लेता है, उसी समय वह संसार के संपूर्ण बंधनों से मुक्त होकर कृतकृत्य हो जाता है।

यही बात ऋषि ने भी कही है। ऋषि वामदेव को गर्भ मे रहते हुए माता के उदर मे ही यथार्थ ज्ञान प्राप्त हो गया था। उन्होंने वहीं कहा था, अहो! कितने आश्चर्य और आनंद की बात है कि गर्भ मे रहते रहते मैंने इन अंतः करण और इंद्रिय रूप देवताओं के अनेक जन्मों का रहस्य भलीभांति जान लिया। मैंने इस बात को भी जान लिया कि यह जन्म वाक् एवं अग्नि आदि इंद्रिय और अंतः करण के ही होते हैं, आत्मा के नहीं। इस रहस्य को समझने के पहले मुझे लोहे के समान सैकड़ों कठोर शरीरों ने अवरुद्ध कर रखा था। इन शरीरों मे मेरी ऐसी अहंता हो गई थी कि शरीर बोध से छूटना मेरे लिए कठिन हो रहा था। अब मैं जाल को काटकर वेग से उड़ जाने वाले बाज पक्षी के समान आत्मज्ञान जनित सामर्थ्य के द्वारा उस शरीर बोध से निकलकर बाहर आया हूं। वामदेव ऋषि ने गर्भ मे शयन करते समय ऐसा ही कहा था।


## वर्ग पहेली-83

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बांधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।
3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।
5. 1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहुकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह
6. दांतों की तरह उभरी कंघी
7. 1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।
8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।
9. दुहिता,पुत्री, बेटी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।
3. 1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।
4. 1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित्त 5. नाममात्र का कारण।
5. 1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।



### वर्ग पहेली -82 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वे | | 2 अ | 3 प | क | र् | ष |
| शा | | | रि | | | |
| 4 ख | ट | रा | ग | | | 5 ना |
| | | | ण | | 6 घं | ट |
| 7 अ | खु | ट | ना | | | क |
| श | | | | | | घ |
| 8 नि | शा | ने | बा | ज़ी | | र |

## सुडोकू -162

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 6 | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | 7 | | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 4 |
| | 9 | | 2 | | | | 7 | |

### सुडोकू -161 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 15 .23 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। नया काम शुरू करने का उत्साह रहेगा। घर के कार्यों में भी आप विशेष रुचि लेंगे। अधिकारी वर्ग के लोगों से आपको प्रशंसा मिल सकती है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को इच्छित स्थान पर स्थानान्तरण मिल सकता है।

**वृष** – आज आप कहीं घूमने के विचार में रहेंगे। कई दिनों का तनाव शांत होने से मानसिक प्रसन्न रहेगी। कृषि कार्य से जुड़े लोग कुछ परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपने उत्पादों की गुणवत्ता का ध्यान रखें। जीवनसाथी की सलाह आपको कार्यक्षेत्र में काफी सहायक होने वाली है।

**मिथुन** – आज निर्माण कार्यों में अचानक रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जिसको लेकर आपके पास पूरी सूचना नहीं है। आज आपको धैर्य और साहस का परिचय देना होगा। बवासीर और कब्ज के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है।

**कर्क** – आज व्यवसाय में नई पार्टनरशिप को लेकर विचार कर सकते हैं। आप अपनी तरफ से लोगों की काफी मदद करेंगे। इससे आपकी छवि काफी अच्छी हो सकती है। जो लोग आपसे नाखुश थे, वे भी आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं।

**सिंह** – आज पिछले सप्ताह की कई परेशानियों को आप आज सुलझा सकते हैं। काम का दबाव बढ़ने से आप चिड़चिड़े भी हो सकते हैं। आपके कुशल प्रबंधन और जिम्मेदारी लेने की प्रवृत्ति के कारण लोग आपकी काफी प्रशन्सा करेंगे।

**कन्या** – आज तनाव और थकान का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम करने का मन नही करेगा। आपको योग और ध्यान का सहारा लेना चाहिए। व्यवसाय में आप कुछ नई नीतियों पर काम करने का प्रयास करेंगे।

**तुला** – आज आप मस्ती के मूड में रहेंगे। भविष्य को लेकर लापरवाही पूर्ण रवैया अपना उचित नहीं है। बौद्धिक प्रकृति के लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर के उपकरणों का मेन्टीनेंस करवाते रहें।

**वृश्चिक** – आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। जिन कार्यों में आपको आनंद आता है, आप उसमें स्वयं को व्यस्त रखने का प्रयास करेंगे। स्वजनों के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का भी आप प्रयास करेंगे।


**धनु** – आज आप कुछ तनाव में हो सकते हैं। परिस्थितियां कुछ नकारात्मक सी रहेंगी। आप जो नहीं चाहते हैं उन कार्यों में भी आपको संलग्न होना पड़ सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर सावधान रहें। उधार लेन-देन आपको काफी नुकसान दे सकता है।

**मकर** – आज मानसिक रूप से शांति महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में लोग आपके अनुकूल रहेंगे। घर का माहौल काफी अच्छा रहेगा। योग और जीवनशैली जैसे विषयों को लेकर आप काफी जागरूक रहेंगे। गठिया रोगियों के दर्द का निवारण हो सकता है।

**कुंभ** – आज अनावश्यक विचारों से मन कुछ अशान्त हो सकता है। व्यवसायी लोग अपने अपनी दुकान या शोरूम आदि में अग्नि आदि से सुरक्षा के मानकों पर ध्यान दें। आज आपको काम से ज्यादा प्रबन्धन पर ध्यान होगा। यात्रा के दौरान सेहत कुछ गड़बड़ हो सकती है।

**मीन** – आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिजन आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग आज घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिये आप कुछ महंगे उत्पादों पर धन निवेश कर सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 09 .33 तक तत्पश्चात श्रवण।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
चाइना गेट
सुबह : 09 .47
जागृति
दोपहर : 02 .48

&pictures
बवाल
सुबह : 10 .47
बंगाल टाइगर
शाम : 04 .53

SONY PIX
जर्नी 2
सुबह : 11.09
जॉन रैम्बो
रात : 07 .26

ZEE CINEMA
हमारी अधुरी कहानी
सुबह : 10 .20
लाडला
रात : 07 .10

colors CINEPLEX
रंगीला
सुबह : 11.39
ओम शांति ओम
शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 10 .20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1090 डीएमओ 860 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना काबली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90 से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### सेंसेक्स नए शिखर पर पहुंचने के बाद फिसला

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली गिरावट रही। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय पहली बार रिकॉर्ड 76,000 अंक के स्तर के पार चला गया था जबकि एनएसई निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मामूली 19.89 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,390.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 24.65 अंक यानी 0.11% की हल्की गिरावट के साथ 22,932.45 अंक पर बंद हुआ।

### समुद्री उत्पादों के निर्यात में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका और यूरोप के प्रमुख बाजारों में मांग घटने से वित्त वर्ष 2023-24 में समुद्री उत्पादों का निर्यात 8.74 प्रतिशत घटकर 7.37 अरब डॉलर का रहा। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। हालांकि, भारतीय निर्यातकों अच्छी वृद्धि दर्ज की उम्मीद है।

# शेयर बाजार में निवेशकों के लिए नुकसान का कारण न बन जाए इंटरनेट की सलाह



रजत मेहरोत्रा, वित्तीय सलाहकार, बरेली।

पिछले एक दशक में भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की अच्छी खासी आमद देखी गई है। इंटरनेट पहुंच के प्रसार और डिजिटल मीडिया के उदय के साथ, अधिक व्यक्ति निवेश सलाह के लिए व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूब की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि इसने वित्तीय जानकारी को लोकतांत्रिक बना दिया है, इसने एक चिंताजनक प्रवृत्ति को भी जन्म दिया है, वहीं कई निवेशक इस सलाह का आंख बंद करके पालन करने से काफी नुकसान उठा रहे हैं।

हाल के वर्षों में, भारत में वित्तीय समाचार मीडिया और निवेश-संबंधित यूट्यूब चैनलों में तेजी देखी गई है। सीएनबीसी-टीवी18, ईटी नाउ और जी बिजनेस जैसे बिजनेस समाचार चैनल घरेलू नाम बन गए हैं, जबकि कई यूट्यूबर्स ने स्टॉक टिप्स और निवेश रणनीतियों की पेशकश करके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हासिल किए हैं। यह उछाल आंशिक रूप से शेयर बाजार में बढ़ती खुदरा भागीदारी के कारण है, जिसमें निवेशक निवेश की जटिल दुनिया से निपटने के लिए मार्गदर्शन चाहते हैं।

**यूट्यूब की सलाह का आंख बंद करके पालन करने के नुकसान-सनसनीखेज और प्रचार:** व्यावसायिक समाचार चैनल और यूट्यूबर दर्शकों को आकर्षित करने के लिए अक्सर सनसनीखेज पर भरोसा करते हैं। इससे कुछ शेयरों या बाज़ार रुझानों को लेकर अतिरंजित दावे और प्रचार हो सकता है।

**व्यक्तिगत रुचि से प्रभावित:** ऐसे उदाहरण हैं जहां व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूबर्स की उनके द्वारा अनुशंसित स्टॉक में अज्ञात रुचि हो सकती है।

उदाहरण के लिए, उन्हें अपने स्टॉक को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों से मुआवजा मिल सकता है, जिससे पक्षपातपूर्ण सलाह मिल सकती है। हितों का यह टकराव निवेशकों को गलत जानकारी के आधार पर खरीदारी या बिक्री करने के लिए गुमराह कर सकता है।

**सीमित जवाबदेही:** इन प्लेटफार्मों पर वित्तीय विशेषज्ञ और प्रभावशाली लोग अपनी सिफारिशों के परिणामों के लिए जवाबदेह नहीं हैं। पंजीकृत वित्तीय सलाहकारों के विपरीत, उनके पास अपने दर्शकों के प्रति प्रत्ययी जिम्मेदारियाँ नहीं होती हैं।

**अध्ययन और उदाहरण:** ऐसे कई उदाहरण हैं जहां प्रभावशाली लोगों और मीडिया द्वारा समन्वित प्रचार के माध्यम से शेयरों को कृत्रिम रूप से बढ़ाया गया है, केवल प्रमोटरों द्वारा अपनी हिस्सेदारी बेचने के बाद कीमतें कम हो जाती हैं। एक उल्लेखनीय उदाहरण कुछ पेनी शेयरों का तेजी से बढ़ना और गिरना था, जहां बिना सोचे-समझे खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान हुआ।

**क्रिप्टोकरेंसी का क्रेज:** हाल के वर्षों में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर मची दीवानगी में कई यूट्यूबर्स और चैनलों ने भारी रिटर्न के वादे के साथ विभिन्न सिक्कों को बढ़ावा दिया है। इन वादों से आकर्षित होकर कई निवेशकों ने इसमें शामिल जोखिमों को समझे बिना भारी निवेश किया। क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में बाद में गिरावट के से कई लोगों को महत्वपूर्ण नुकसान हुआ।

**निष्कर्ष :** व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूबर्स के उदय ने निःस्संदेह वित्तीय जानकारी को औसत निवेशक के लिए अधिक सुलभ बना दिया है। हालांकि, उनकी सलाह का आंख बंद करके पालन करने के नुकसान से महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान हो सकता है। वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर, स्वतंत्र अनुसंधान को प्रोत्साहित करके, प्रमाणित सलाहकारों से परामर्श करके, दीर्घकालिक निवेश पर जोर देकर, नियामक निरीक्षण को मजबूत करके और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, निवेशक शेयर बाजार की जटिलताओं से निपटने और सूचित निवेश निर्णय लेने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो सकते हैं। अंततः, सफल निवेश की कुंजी एक अनुशासित, सुविज्ञ दृष्टिकोण में निहित है जो नवीनतम बाजार प्रवृत्ति या सनसनीखेज समाचार कहानी का पीछा करने के बजाय व्यक्तिगत वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता पर विचार करता है।

**निवेशकों की सुरक्षा के लिए रणनीतियां**

1-वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना निवेशकों को सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए वित्तीय शिक्षा महत्वपूर्ण है।

2- कार्यशालाएं और सेमिनार-बुनियादी निवेश सिद्धांतों, जोखिम प्रबंधन और पोर्टफोलियो विविधीकरण पर कार्यशालाएँ आयोजित करना।

3-ऑनलाइन पाठ्यक्रमः निवेश के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले ऑनलाइन पाठ्यक्रमों और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना।

4-स्कूल पाठ्यक्रमः भावी पीढ़ियों को आवश्यक वित्तीय कौशल से लैस करने के लिए वित्तीय शिक्षा को स्कूल पाठ्यक्रम में एकीकृत करना।

5-निवेशकों को केवल मीडिया सलाह पर निर्भर रहने के बजाय अपना स्वयं का शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

6-निवेश निर्णयों को प्रभावित करने वाले व्यापक बाज़ार रुझानों और आर्थिक संकेतकों से अवगत रहना।

7- जानकारी के विश्वसनीय स्रोतों का लाभ उठाना, जैसे कंपनी रिपोर्ट, नियामक फाइलिंग और प्रतिष्ठित वित्तीय वेबसाइटें।

8-प्रमाणित वित्तीय सलाहकारों से परामर्श करना। प्रमाणित वित्तीय सलाहकार किसी निवेशक की विशिष्ट परिस्थितियों के अनुरूप वैयक्तिकृत सलाह प्रदान कर सकते हैं।

9-अनुकूलित योजनाएं प्राप्त करें। उनके वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम सहनशीलता और समय-सीमा के अनुरूप निवेश योजनाएं प्राप्त करें।

10-हितों के संभावित टकराव से मुक्त निष्पक्ष सलाह से लाभ उठाएं।

11-विविधीकरण रणनीतियां लागू करें, विविध पोर्टफोलियो विकसित करें जो जोखिम को कम करते हैं और दीर्घकालिक रिटर्न बढ़ाते हैं।

12-लंबी अवधि या दीर्घकालिक निवेश परिप्रेक्ष्य को प्रोत्साहित करने से निवेशकों को अल्पकालिक व्यापार के नुकसान से बचने में मदद मिल सकती है।

13-वित्तीय मीडिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 93,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,150-55,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,800 |
| चांदी आभूषण | 89,800। |

## डब्ल्यूटीओ के कुछ सदस्य देशों ने भारत की कृषि सब्सिडी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका और ब्रिटेन समेत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के कुछ सदस्य देशों ने 2022-23 के लिए कृषि कच्चे माल पर भारत की 48 अरब डॉलर की सब्सिडी पर सवाल उठाए हैं। वहीं भारत का कहना है कि मुद्रास्फीति और उर्वरकों की बढ़ती लागत के कारण सब्सिडी बढ़ी है। एक अधिकारी ने यह बात कही है।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के इन सदस्यों ने 23-24 मई को कृषि समिति की बैठक के दौरान इस मुद्दे को उठाया था। अधिकारी ने कहा-भारत ने कहा है कि कच्चे माल की सब्सिडी मुख्य रूप से बिजली, सिंचाई और उर्वरक के लिए है। इसका बढ़ने का कारण मुद्रास्फीति और उर्वरकों की बढ़ती लागत है। इस बारे में जानकारी डब्ल्यूटीओ को विधिवत दी गई थी। विश्व व्यापार संगठन 166 सदस्यीय एक वैश्विक व्यापार निकाय है। यह सदस्य देशों के बीच व्यापार को लेकर विवादों पर भी निर्णय देता है। भारत ने इन आंकड़ों को अप्रैल में डब्ल्यूटीओ को दिया था। डब्ल्यूटीओ के विशेष और अलग-अलग व्यवहार के नियमों के तहत विकासशील सदस्य देशों को ये सब्सिडी देने की अनुमति है।

## सोने में 220 और चांदी की कीमतों में 1,050 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली।** लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल आया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण विदेशी बाजार में मजबूत रुख को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में सोना 220 रुपये उछलकर 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,050 रुपये की तेजी के साथ 92,850 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,800 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

## मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को बनाया समान वितरण का जरिया : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की टिप्पणी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने पिछले 10 साल में केंद्रीय बजट की रूपरेखा बदल दी है। पहले यह केवल खर्चों का लेखा-जोखा होता था लेकिन मोदी सरकार ने इसे लोगों के बीच समान वितरण के लिए एक रणनीतिक खाके में तब्दील किया है। वित्त मंत्री ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधारों की गति जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार करदाताओं की मेहनत की कमाई के मूल्य तथा प्रभाव को अधिकतम करना जारी रखेगी ताकि इसका लाभ सभी तक पहुंचाने के लिए इसका सर्वोत्तम इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके। सीतारणम ने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी बजट प्रथाओं और आंकड़ों में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा, यह कांग्रेस नीत संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और 'ऑयल बॉन्ड' जारी करने के जरिए घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### विचाराधीन कैदी ने अदालत में मजिस्ट्रेट पर फेंकी चप्पल

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में एक विचाराधीन कैदी ने मजिस्ट्रेट पर चप्पल फेंक दी। पुलिस के अनुसार कैदी को मामले में सुनवाई के लिए स्थानीय अदालत में ले जाया गया था। कोतवाली थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक रसिक मोहम्मद ने बताया कि चोरी के एक मामले में न्यायिक हिरासत में इस्माइल को जेल से सोमवार को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि उसने अचानक अपनी चप्पल निकाली और मजिस्ट्रेट पर फेंक दी। आरोपी को दोबारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मजिस्ट्रेट द्वारा मामला दर्ज किया जा रहा है और उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया जाएगा।

### कुपवाड़ा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि एक विशेष सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान टीम ने आवारा जंगल में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने कहा कि यह ठिकाना आवरा के घने वन क्षेत्र में स्थित था और तलाशी के दौरान, हथियारों, गोला-बारूद, उपकरण और अन्य युद्ध जैसे सामानों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया।

### छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने तीन इनामी नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने फरसेगढ़ थाना क्षेत्र से एक नक्सली को तथा तर्रेम थाना से दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। बताया कि सोमवार को फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के फरसेगढ़ बाजार के पास से नक्सली अशोक कोरसा (25) को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने बताया कि तलाशी में पेद्दागेलुर से दो माओवादियों ईरया कड़ती (35) और लक्ष्मण फुलसुम (29) को पकड़ा गया है।

# सत्ता में आने पर अग्निपथ योजना रद करेंगे महिलाओं को हर महीने देंगे 8,500 रुपये

## राहुल गांधी ने बिहार की चुनावी रैली में किया दावा, कहा-गठबंधन का आ रहा तूफान

**बख्तियारपुर(बिहार), एजेंसी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आएगा तो सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना को रद कर दिया जाएगा और प्रत्येक महिला के खाते में प्रति माह 8,500 रुपये जमा किए जाएंगे।

बिहार के पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के बख्तियारपुर, पाटलिपुत्र के पालीगंज एवं आरा के जगदीशपुर में महागठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा-बिहार और उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन का तूफान आ रहा है। नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा-नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी-जीएसटी लागू करके रोजगार के रास्ते बंद किए हैं।

### जनसभा मंच आंशिक रूप से टूटा, बाल-बाल बचे राहुल

राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव सोमवार को उस समय बाल-बाल बच गए जब पटना जिले के पालीगंज में उनकी सभा के लिए बनाया मंच आंशिक रूप से टूट गया। गांधी सोमवार दोपहर को पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती के पक्ष में एक रैली को संबोधित करने वाले थे। जैसे ही गांधी तेजस्वी और मीसा भारती के साथ मंच पर पहुंचे लेकिन बीच में मंच आंशिक रूप से गिर गया।



पालीगंज में रैली के दौरान मंच का एक हिस्सा टूट जाने के बाद राहुल गांधी और राजद नेता मीसा भारती अपना संतुलन बनाए रखने की कोशिश करती हुईं। ● एजेंसी

## पटना विवि के छात्र की कॉलेज परिसर में पीट पीटकर हत्या

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज परिसर में कुछ अज्ञात हमलावरों ने स्नातक अंतिम वर्ष के एक छात्र की सोमवार को कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान पटना विश्वविद्यालय के बीएन कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्र हर्ष राज (22) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार यह घटना तब हुई जब राज दोपहर में परीक्षा देकर बाहर आ रहा था। सूचना मिली थी कि सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के लॉ कॉलेज परिसर में स्नातक की परीक्षा देने गये एक छात्र को कुछ अज्ञात लोगों ने पीट-पीटकर घायल कर दिया है। पटना पुलिस ने कहा कि पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित को अस्पताल ले गई, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच में लगी है।

## इंदौर में 400 से ज्यादा धार्मिक स्थलों से हटवाए गए लाउड स्पीकर

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

● मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने जताया एतराज

इंदौर में राज्य सरकार के निर्देशों के मुताबिक अलग-अलग समुदायों के धार्मिक स्थलों से 437 लाउड स्पीकर हटवाए जाने के बाद मुस्लिम समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मुहिम पर सोमवार को आपत्ति व्यक्त की।

प्रतिनिधिमंडल ने सवाल किया कि शहर में विवाह समारोहों के दौरान सड़कों पर कानफोड़ आवाज में बजने वाले डीजे को कैसे अनुमति दी जा रही है। शहर काजी मोहम्मद इशरत अली की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी आशीष सिंह से मुलाकात की और धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर हटवाए जाने पर एतराज जताया। मुलाकात के बाद शहर काजी ने संवाददाताओं से कहा-मंदिर हों या मस्जिद, शहर के तमाम धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर हटवा दिए गए हैं। हमारी मांग है कि उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के मुताबिक स्वीकृत ध्वनि सीमा में धार्मिक स्थलों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को मंजूरी दी जानी चाहिए। अली ने कहा,"आम लोगों की शिकायत है कि शादियों के दौरान सड़कों पर इतनी तेज आवाज में डीजे बजते हैं कि कान फट जाएं। ऐसे में डीजे पर भी रोक लगनी चाहिए। वहीं जिलाधिकारी आशीष सिंह ने कहा कि लाउडस्पीकर हटवाए जाने का कदम प्रदेश सरकार के निर्देशों पर उठाया गया है और इन निर्देशों का पालन करना सबके लिए अनिवार्य है।

## अमित शाह ने पंजाब की आप सरकार गिराने की दी है धमकी

**चंडीगढ़, एजेंसी**

● केजरीवाल ने गृह मंत्री पर लगाया तानाशाही का आरोप



आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लोकसभा चुनाव के बाद पंजाब में भगवंत मान नीत सरकार को गिराने की धमकी देने का आरोप लगाया और कहा कि ये तानाशाही है। शाह ने रविवार को लुधियाना में एक चुनावी रैली में लोगों से लोकसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की अपील की और कहा कि भाजपा की जीत के बाद भगवंत मान सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी।

सोमवार को केजरीवाल ने अमृतसर में व्यापारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा-क्या आपने अमित शाह का बयान सुना है? उन्होंने धमकी दी है। शुरुआत में उन्होंने पंजाबियों को बहुत गालियां दीं। उन्होंने (शाह) धमकी दी है कि चार जून के बाद पंजाब सरकार गिर जाएगी और भगवंत मान मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा-हमारे पास 92 सीटें (विधायक) हैं। आप (सरकार) कैसे गिरा सकते हैं? (देश में) तानाशाही है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता खुलेआम कह रहे हैं कि वे विधायकों को सीबीआई और ईडी से धमकाएंगे और फिर उन्हें खरीद लेंगे। आप नेता ने कहा-मैं उनसे (शाह से) कहना चाहता हूं...पंजाब के लोगों को धमकाओ मत, अन्यथा वे आपके लिए पंजाब में प्रवेश करना मुश्किल कर देंगे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी शाह की टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की। मान ने कहा-क्या आपमें सरकार गिराने की हिम्मत है? हमारे पास 92 सीटें हैं। वे हमें धमकी दे रहे हैं। क्या आप यहां वोट मांगने आ रहे हैं या सरकार गिराने की धमकी दे रहे हैं? वहीं, अमृतसर में केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा और उन पर बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है।

## आप की याचिका पर उच्च न्यायालय का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**पार्टी कार्यालय के लिए स्थान आवंटित करने का मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त होने के मद्देनजर पार्टी कार्यालयों के लिए स्थान आवंटित करने से संबंधित आप की याचिका पर फैसला सोमवार को सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ वकील ने बताया कि पार्टी को 15 जून तक राउज एवेन्यू स्थित मौजूदा कार्यालय खाली करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को अस्थायी रूप से दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर एक स्थान आवंटित किया जाना चाहिए। अदालत अस्थायी स्थान आवंटित करने के मामले पर 5 जून को फैसला सुना सकती है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम ने कहा-मैं अवकाश के दौरान फैसला सुनाने का प्रयास करूंगा। संभवतः पांच जून को। आप ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे के मद्देनजर अपने कार्यालयों के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजधानी में भूखंड या लाइसेंस के आधार पर एक आवास इकाई के आवंटन का अनुरोध करते हुए पिछले साल दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। अस्थायी स्थान को लेकर फैसला सुरक्षित रखते हुए अदालत ने भूमि आवंटन से संबंधित याचिका को 10 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

## भाजपा की उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा के चल रहे चुनाव के दौरान भाजपा की ओर से आदर्श आचार संहिता की 'अनदेखी' कर तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले 'अपमानजनक विज्ञापन' पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने भाजपा को निर्देश दिया था कि वह तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले किसी भी तरह के अपमानजनक विज्ञापन प्रकाशित नहीं करे। भाजपा ने उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने भाजपा की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

## मालेगांव के पूर्व महापौर अब्दुल शेख गोलीबारी में घायल

**नासिक।** मालेगांव के पूर्व महापौर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पदाधिकारी अब्दुल मलिक यूनुस शेख पर सोमवार तड़के महाराष्ट्र के नासिक जिले में दो मोटरसाइकिल सवार लोगों ने कथित तौर पर गोली चला दी जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शेख (39) को नासिक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। बताया कि हमले के सटीक कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## सरकार ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी ढांचे को कर दिया नेस्तनाबूद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● अमित शाह बोले, आतंकवादी या पथराव करने वालों के परिजनों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में काफी गिरावट आने का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने न केवल आतंकवादियों को निशाना बनाया है बल्कि आतंकी ढांचे को भी नेस्तनाबूद कर दिया है। शाह ने साथ ही आतंकवादियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में किसी आतंकवादी या पथराव करने वाले किसी व्यक्ति के परिजन को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा-हमने एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) के माध्यम से आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ मजबूत कार्रवाई की है और इसे समाप्त कर दिया है। हमने आतंकवाद के वित्तपोषण पर बहुत सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने बीते सप्ताहांत में दिए साक्षात्कार में कहा-हमने कश्मीर में फैसला किया है कि अगर कोई किसी आतंकवादी संगठन से जुड़ जाता है तो उसके परिवार के किसी भी सदस्य को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। शाह ने यह भी कहा कि अगर कोई पथराव में शामिल रहता है तो उसके परिवार के भी किसी सदस्य को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि फैसले के खिलाफ मानवाधिकार कार्यकर्ता उच्चतम न्यायालय में गए थे, लेकिन अंततः सरकार की जीत हुई। हालांकि, गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसे मामलों को अपवाद स्वरूप लेगी।

### मोदी मटन, मछली के बारे में बोलते हैं, मेक इन इंडिया पर नहीं : मल्लिकार्जुन खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को अर्थव्यवस्था की स्थिति, निर्यात, बढ़ते व्यापार घाटे तथा मेक इन इंडिया कार्यक्रम को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह चीन को अपना सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाकर फर्जी राष्ट्रवाद पर अमल कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा, नरेन्द्र मोदी मंगलसूत्र, मटन, मछली, मुगल और मुजरा के बारे में बोलते हैं, लेकिन 'मेक इन इंडिया' के बारे में बात नहीं करते? मोदी अपने कई अर्थव्यवस्था पर एक भी शब्द क्यों नहीं बोलते? इसका जवाब है-सरकार की घोर विफलता। उन्होंने आरोप लगाया कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम फ्लॉप हो गया है, पीएलआई योजना लड़खड़ा गई है और निर्यात में भारी गिरावट आई है।

## खेल डायरी

### जीत के साथ खत्म हुआ बार्सीलोना कोच का कार्यकाल



**मैड्रिड।** जावी हर्नांडेज ने बार्सीलोना के कोच के रूप में अपने कार्यकाल का अंत स्पेनिश लीग फुटबॉल के अंतिम दौर में सेविला के खिलाफ 2-1 की जीत के साथ किया। बार्सीलोना के लिए रॉबर्ट लेवानदोवस्की और फर्मिन लोपेज ने गोल दागे। बार्सीलोना ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वे पूर्व मिडफील्डर जावी के साथ करार तोड़ रहे हैं जबकि इसमें एक साल बचा था। जावी ने कहा, हम इसे खत्म करना नहीं चाहते थे लेकिन ये क्लब के फैसले हैं। हमने खिताब नहीं जीते लेकिन हम सही राह पर थे। फुटबॉल इसी तरह का खेल है निदेशक अपने फैसले करते हैं। बार्सीलोना के खिलाड़ियों ने मैच के बाद जावी को विदाई दी। बार्सीलोना, गिरोना और एटलेटिको मैड्रिड भी शीर्ष चार में रहते हुए अगले सत्र के लिए चैंपियन्स लीग में जगह बनाने में सफल रहे।

### भारतीय जू. महिला टीम को जर्मनी से मिली हार

**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को यूरोप दौरे के चौथे मैच में रविवार को जर्मनी के खिलाफ एकमात्र गोल से हार का सामना करना पड़ा। नीदरलैंड के ब्रेडा में भारत के लिए पहला क्वार्टर चुनौतीपूर्ण रहा जब जर्मनी ने खेल की शुरुआत में ही गतिरोध तोड़कर 1-0 की बढ़त बना ली। खराब मौसम के बावजूद दोनों टीमें कड़े मुकाबले के इरादे में थीं। दूसरा और तीसरा क्वार्टर गोल रहित रहा, जिससे जर्मनी आगे बना रहा, जबकि भारत ने बराबरी का स्कोर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। अंतिम क्वार्टर में जर्मनी ने अपनी बढ़त लगभग दोगुनी कर दी, लेकिन उनके पेनल्टी स्ट्रोक को भारत के गोलकीपर ने नकार दिया। भारत के पास अंतिम अवसर पेनल्टी कॉर्नर के रूप में आया, लेकिन वे इसे भुनाने में असफल रहे और जर्मनी से 0-1 से हार मान ली।

### हरमनप्रीत की हैट्रिक से अर्जेंटीना को दी शिकस्त

**एंटवर्प।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के तीन लगातार गोलों की मदद से भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ 5-4 से सनसनीखेज जीत हासिल की। हरमनप्रीत ने मैच के 29वें, 50वें और 52वें मिनट में गोल दाग कर भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त किया। भारत के लिए शेष दो गोल अरजीत सिंह हुंदल ने सातवें मिनट में और गुरजंत सिंह ने 18वें मिनट में किये। अर्जेंटीना के लिए फेडेरिको मोंजा ने मैच के तीसरे मिनट में ही गोल कर शुरुआती बढ़त दिला दी जबकि निकोलस कीनन ने 24वें, तादेओ मारुची ने 54वें और लुकास मार्टिनेज़ ने 57वें मिनट पर गोल दागे। भारत ने सधी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में अधिकांश समय तक गेंद पास रखी।

### भारत ने 23 सदस्यीय महिला फुटबॉल टीम की घोषित



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ 31 मई और चार जून को ताशकंद में खेले जाने वाले दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय सीनियर महिला टीम की घोषणा की। टीम की 30 संभावित खिलाड़ियों ने हैदराबाद में श्रीनिधि डेक्कन एफसी के घरेलू मैदान पर दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लिया जिसके बाद मुख्य कोच एल चाओबा देवी ने 23 सदस्यीय टीम का चयन किया। भारतीय दल बुधवार को ताशकंद रवाना होगा। भारतीय टीम में गोलकीपर श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, एम मोनालिसा देवी, डिफेंडर एल आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइंगंबी देवी, मिडफील्डर कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग और फॉरवर्ड काजोल डिसूजा, करिश्मा शिरवोइकर, प्यारी खाखा, सेर्टो लिंडा कॉम शामिल हैं।

# निराशा को पीछे छोड़ छूआ ख्वाहिश का आसमां

## श्रेयस अय्यर ने मेस्सी के अंदाज में खत्म किया केकेआर के लिए आईपीएल खिताब का सूखा



**कोलकाता, एजेंसी**

निराशा को पीछे छोड़कर ख्वाहिशों के आसमान को छूने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने लियोनेल मेस्सी के विश्व कप जीतने के अंदाज में रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने का जश्न मनाया। आईपीएल से कुछ सप्ताह पहले बीसीसीआई ने उनका केंद्रीय अनुबंध खत्म कर दिया। इसके अलावा बार-बार पीठ की चोट के कारण उनके करियर में रुकावट आने का खतरा पैदा हो गया। श्रेयस को इस साल की शुरुआत से कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने इन सभी निराशा को पीछे छोड़कर केकेआर के आईपीएल खिताब के 10 साल को सूखे को उसी तरह खत्म किया जैसे मेस्सी ने अर्जेंटीना के लिए 36 साल के बाद विश्व कप जीता था। मेस्सी को 2014 विश्व कप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा था तो वही श्रेयस को इस तरह के पल का सामना 2020 में करना पड़ा था जब उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल फाइनल का सफर तय किया था। आईपीएल ट्रॉफी उठाने के बाद श्रेयस ने टीम के साथियों के साथ उसी तरह से जश्न मनाया जैसे मेस्सी ने दोहा में फीफा विश्व कप के फाइनल में फ्रांस को हराने के बाद मनाया था।

फाइनल में केकेआर की जीत के बाद दिग्गज इयान बिशप ने कहा मैं गौतम गंभीर के बारे में काफी बातें सुन रहा हूं कि उन्होंने टीम में शानदार माहौल बनाया, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इस खिलाड़ी को पर्याप्त श्रेय मिल रहा है। हमें इसे श्रेय देना चाहिये। केकेआर के लिए सलामी बल्लेबाजों सुनील नारायण और फिल सॉल्ट ने ज्यादा रन बनाए लेकिन जब भी मौका मिला दूसरे खिलाड़ियों ने भी अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा किया जिससे टीम ने लीग चरण में दो मैच बाकी रहते तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान पक्का कर लिया था। केकेआर ने पूरे सत्र में सिर्फ तीन मैचों में हार का सामना किया।

श्रेयस के बचपन के कोच प्रवीण आमरे ने कहा मैंने उन्हें उनके पूरे करियर में चुनौती दी। मुझे पता था कि वह कितने मजबूत इरादों वाले हैं और एक कोच के रूप में उन्हें चुनौती देना मेरा काम था। वह हमेशा चुनौतियों को लेना पसंद करता है।

### स्टार्क ने फेंकी सर्वश्रेष्ठ गेंद, नारायण सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने आईपीएल फाइनल में अभिषेक शर्मा को मिशेल स्टार्क की शरीर से बाहर की तरफ स्विंग होती गेंद को आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंद करार दिया जबकि सुनील नारायण को चैंपियन केकेआर के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताया। हेडन ने कहा अभिषेक को फेंकी गेंद जैसे ही स्टार्क के हाथ से निकली तो काम खत्म हो गया। उसकी नियति आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंद की थी- एक बेहद शानदार गेंद जो उस समय बेहद महत्वपूर्ण थी। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने कहा कि आईपीएल के अंत में स्टार्क की कलाई की स्थिति सही रखते हुए अतिरिक्त गति हासिल करने की क्षमता और नारायण की ऑलराउंड क्षमता से केकेआर को मजबूती मिली। मिशेल स्टार्क सत्र में अधिकतर समय 136-137 किमी प्रति घंटा की औसत रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा था लेकिन पिछले दो हफ्ते में उसने 140 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी की।

### आईपीएल की ट्रॉफी जीतने पर मुख्यमंत्री ममता ने दी बधाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर कोलकाता नाइट राइडर्स टीम को बधाई दी है और आने वाले वर्षों में और अधिक ट्रॉफी की कामना की है। बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत से पूरे बंगाल में जश्न का माहौल है। मैं आईपीएल के इस सीजन में रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और फ्रेंचाइजी को से बधाई देना चाहती हूं और आने वाले वर्षों में ऐसी और आकर्षक जीत की कामना करती हूं।

# मैदानकर्मियों को देंगे पुरस्कार : जय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर क्यूरेटर को मिलेंगे 25 लाख
- तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये देने की घोषणा की

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उन्हें गुमनाम नायक बताते हुए सोमवार को घोषणा की कि सभी 10 नियमित आईपीएल स्थलों के मैदानकर्मियों और क्यूरेटरों को लीग के दौरान शानदार पिचें मुहैया करने के लिए सराहना के तौर पर 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे।

शाह ने एक्स पर लिखा, हमारे सफल टी20 सत्र के गुमनाम नायक मैदानकर्मी हैं जिन्होंने कठिन मौसम में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए। हमारी सराहना के प्रतीक के तौर पर 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर मैदानकर्मियों और क्यूरेटर को 25 लाख रुपये मिलेंगे और तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद। आईपीएल के 10 नियमित स्थान मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, चंडीगढ़, हैदराबाद, बेंगलुरू, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर हैं। इस वर्ष अतिरिक्त आयोजन स्थल गुवाहाटी, विशाखापत्तनम और धर्मशाला थे।

शाह ने नाइट राइडर्स को खिताबी जीत के लिए बधाई भी दी। उन्होंने लिखा 2024 टाटा आईपीएल जीतने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स को बधाई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार निरंतरता दिखाई और टीम का शानदार नेतृत्व करने के लिए श्रेयस अय्यर को बधाई। एक बार फिर, बड़ी संख्या में आने और इसे एक और सफल सत्र बनाने के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद!

### विश्व कप में भारत को मिलेगी टक्कर

**नई दिल्ली।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 शुरू होने के लिए तैयार है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खिताब की तलाश में 20 टीमें एक साथ आएंगी। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान शामिल हैं, जिन्हे सह-मेजबान अमेरिका और कनाडा के साथ-साथ आयरलैंड से भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत का लक्ष्य हाल की विश्व प्रतियोगिताओं में लगातार हार का सिलसिला तोड़ना है। वहीं, बाबर आज़म के नेतृत्व में, पाकिस्तान आईसीसी ट्रॉफी सुरक्षित करने के मिशन के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहा है। टीम की बल्लेबाजी बाबर, रिजवान और फखर पर निर्भर है, जबकि गेंदबाजी का नेतृत्व शाहीन अफरीदी करेंगे।

# आप देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाऊंगा : रिंकू

**चेन्नई, एजेंसी**



केकेआर के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने आईपीएल के फाइनल में रविवार को जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम के लिए विश्व कप ट्रॉफी उठाने की उम्मीद जताई।

सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर केकेआर तीसरी बार आईपीएल चैंपियन बना। केकेआर के बल्लेबाजों ने पूरे सत्र के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। मध्यक्रम में वामहस्त बल्लेबाज रिंकू सिंह को लंबी पारी खेलने के ज्यादा मौके नहीं मिले। उन्होंने 11 पारियों में 148.67 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए। रिंकू ने कहा मैं यहां से पहले नोएडा जाऊंगा और फिर अमेरिका के लिए रवाना होना है। आप लोग देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाउंगा। रिंकू को भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है, जो चर्चा का विषय है। वह शुभमन गिल के साथ उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो टीम के साथ रिजर्व के तौर पर यात्रा करेंगे। केकेआर के प्रदर्शन के बारे मे पूछे जाने पर रिंकू ने पूरी टीम को श्रेय दिया।

# सिंगापुर ओपन में भारत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**सिंगापुर, एजेंसी**

- भारत की अगुवाई करेंगी पीवी सिंधू, सात्विक और चिराग करना चाहेंगे जीत के शुरुआत



पीवी सिंधू, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सहित शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 850,000 डॉलर (लगभग सात करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले सिंगापुर ओपन में दमदार प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक में दो महीने ही बचे हैं और चार वर्षों में होने वाले इन खेलों में भाग लेने से पहले खिलाड़ियों को खेल में सुधार करने के लिए सिंगापुर ओपन 750 के अलावा ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500, इंडोनेशिया सुपर 1000, कनाडा ओपन सुपर 500 में भाग लेने का मौका मिलेगा।

थाईलैंड ओपन में हाल ही में चैंपियन बनी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी ओलंपिक के लिए बेहतरीन लय में दिख रही हैं, जबकि सिंधू ने भी रविवार को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद अपना दावा मजबूत किया है। लक्ष्य और प्रणय पिछले कुछ समय से चली आ रही खराब लय को पीछे छोड़ पेरिस खेलों से पहले लय हासिल करने की पूरी कोशिश करेंगे। मलेशिया मार्स्टर्स के फाइनल में चीन की वांग झी यी के खिलाफ गेम गंवाने वाली सिंधू डेनमार्क की लीन होजमार्क कजेर्सफेल्ट के खिलाफ सकारात्मक शुरुआत करना चहेंगी। वह अगर शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में सफल रही तो दूसरे दौर में उनके सामने रियो ओलंपिक चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन की चुनौती हो सकती है।

पुरुष युगल में विश्व में नंबर एक सात्विक और चिराग के सामने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की चुनौती होगी। लक्ष्य ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में लगातार दो सेमीफाइनल में जगह बनाकर ओलंपिक क्वालीफिकेशन में प्रवेश किया था। लक्ष्य का सामना विक्टर एक्सेलसेन से होगा। अन्य भारतीयों में किदांबी श्रीकांत जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका से भिड़ेंगे जबकि प्रियांशु राजावत पुरुष एकल में हांगकांग के ली चेउक यियू के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे। महिला एकल में आकर्षी कश्यप का सामना पहले दौर में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग से होगा। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी महिला युगल में अपने पहले मैच में यूक्रेन की पोलीना बुहरोवा और येवेनिया कांतिमिर से भिड़ेंगी।

### ऑस्ट्रिया ओपन के सेमीफाइनल में हारे शुभंकर

**ग्रेज (ऑस्ट्रिया)।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी शुभंकर डे को यहां ऑस्ट्रिया ओपन इंटरनेशनल चैलेंज के सेमीफाइनल में इंडोनेशिश के प्राहदिस्का बगास शुजिवो के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। तीस साल के शुभंकर को रविवार को प्राहदिस्का के खिलाफ हार मिली। भारतीय पुरुष टीम के सदस्य शुभंकर ने जर्मनी के मथियास किकलिट्ज को हराने के बाद प्री क्वार्टर फाइनल में मिकोलाज सिमानोवस्की और फिर क्वार्टर फाइनल में लुका व्रेबर को शिकस्त दी।

**मुक्केबाजी क्वालीफायर**

### अंकुशिता जीतीं अभिमन्यु हारे

**बैंकॉक।** पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक के दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 60 किग्रा वर्ग में मंगोलिया की नामून मोनखोर को हराया लेकिन अभिमन्यु लोरा को आयरलैंड के केलिन केसिडी के खिलाफ 80 किग्रा वर्ग में शिकस्त झेलनी पड़ी।

अंकुशिता ने मंगोलिया की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और तीन दौर के बाद 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु ने पहले दौर में बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन क्रिस्टियन निकोलोव को हराया था। केसिडी उनके खिलाफ मुकाबले के लिए अच्छी तरह तैयार थे और अभिमन्यु के अंतिम दौर में अपना सब कुछ झोंकने के बावजूद 5-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहे।

# स्टेन वावरिंका ने एंडी मरे को हराया

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी**



<< स्विएटेक के खिलाफ शॉट खेलती लेओलिया जीनजेन।

स्टेन वावरिंका ने रविवार को यहां रोलां गैरो पर संभवतः अपना अंतिम एकल मुकाबला खेल रहे एंडी मरे को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। स्विट्जरलैंड के वावरिंका ने मरे को पहले दौर के मुकाबले में 6-4, 6-4, 6-2 से हराया। वावरिंका की मरे के खिलाफ 23 मुकाबलों में यह 10वीं जीत है। दोनों पहली बार 2005 में भिड़ेंगे थे।

वावरिंका ने मैच के बाद कहा निश्चित तौर पर यह भावनात्मक है। हम करियर के अंत के करीब पहुंच रहे हैं। एक-दूसरे का काफी सम्मान करते हैं। फ्रेंच ओपन में 1980 से वावरिंका सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यहां 39 बरस या इससे अधिक उम्र में जीत दर्ज की है। मरे 37 साल के हैं और वर्ष 2000 से दो खिलाड़ियों की मिलाकर उम्र के मामले में यह मुकाबला दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों का मुकाबला रहा। वावरिंका दूसरे दौर में दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी कैम नोरी और पावेल कोटोव के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

रविवार को जीत दर्ज करने वाले ग्रैंडस्लैम चैंपियन खिलाड़ियों में कार्लोस अल्कारेज, नाओमी ओसाका, सोफिया केनिन और येलेना ओस्टापेंको शामिल रहे। फ्रेंच ओपन 2021 चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा को हालांकि विक्टोरिया गोलुबिक ने 7-6, 6-4 से हराया। यहां खिताब जीतने के बाद 24वीं वरीय बारबरा को लगातार तीन बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है। अल्कारेज ने जेजे वोल्फ को 6-1, 6-2, 6-1 से शिकस्त दी। महिला एकल में ओसाका ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 4-6, 7-5 से हराया। वहीं, इगा स्वियातेक ने लिओलिया जीनजीन पर 6-1, 6-2 की एकतरफा जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया।

## बॉलीवुड हलचल



### सिद्धार्थ और तृप्ति की फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ चतुर्वेदी और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की आने वाली फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज हो गई है। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर छह साल बाद धड़क का सीक्वल लेकर आ रहे हैं। फिल्म धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी लीड रोल निभा रही हैं। फिल्म की अनाउंसमेंट के साथ रिलीज डेट भी आउट कर दी गई है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की तरफ से धड़क 2 के फर्स्ट 2 की पहली झलक शेयर की गई है। मोशन पोस्टर में तृप्ति और सिद्धांत एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए दिख रहे हैं और एक ऐसी कहानी की झलक दिखा रहे हैं। पोस्टर को एक्स पर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, कैसे मिलेंगे- आग और पानी? फिल्म धड़क 2, नवंबर 22 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### प्रियंका ने कांस में इतिहास रचने वाले को दी बधाई



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कांस फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रचने के लिए भारतीय विजेताओं को बधाई दी है। 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में कई भारतीय सितारों ने अवॉर्ड्स हासिल कर देश का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने सभी विजेताओं को बधाई दी है। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में विजेता अनसूया सेनगुप्ता, पायल कपाड़िया और चिदानंद एस नाइक को शुभकामनाएं दीं। अनसूया सेन गुप्ता ने फिल्म द शेमलेस के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता। पायल को उनके डेब्यू फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट के लिए ग्रैंड प्रिक्स अवॉर्ड हासिल कर लिया है, और चिदानंद ने शॉर्ट फिल्म सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टु नो के लिए ला सिनेफ अवॉर्ड अपने नाम किया। अनसूया सेन गुप्ता की सराहना करते हुए, प्रियंका ने लिखा, आपकी अविश्वसनीय परफॉर्मेंस और आपने जो इतिहास रचा है, उसके लिए आपको ढ़ेर सारी बधाई।

**टी-20 विश्व कप** | तैयारियों में जुटी ऑस्ट्रेलिया की टीम, आईपीएल सत्र में अंत तक जुड़े से टीम में आई है अनियमितता

# अभ्यास मैचों के लिए खिलाड़ियों की कमी : मार्श

**मेलबर्न, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया को खिलाड़ियों की कमी का सामना करना पड़ रहा है और आईपीएल तथा टी20 विश्व कप के बीच कम समय के कारण अगले महीने होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट के अभ्यास मैचों में सहायक स्टाफ के सदस्यों को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

ऑस्ट्रेलिया बुधवार को नामीबिया और शुक्रवार को त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेगा लेकिन उनके पास दो मैचों के लिए सिर्फ आठ खिलाड़ी उपलब्ध हो सकते हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश आईपीएल प्ले ऑफ में खेलने के बाद ब्रेक लेंगे। पैर की मांसपेशियों की चोट से उबर रहे कप्तान मिशेल मार्श का भी नामीबिया के खिलाफ खेलना तय नहीं है। उन्होंने कहा हमारे पास खिलाड़ियों की कमी होगी, लेकिन यह अभ्यास मैच है। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, पैट कमिंस और मिचेल मार्श के अलावा कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल इस हफ्ते के अंत में ही बारबडोस में विश्व कप टीम के साथ जुड़ेंगे जबकि मार्कस स्टोइनिस के भी नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच के बाद ही त्रिनिदाद पहुंचने की उम्मीद है। रिजर्व खिलाड़ी जैक फ्रेजर-मैकगर्क और मैट शॉर्ट भी पांच जून को ओमान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले मैच के बाद टीम से जुड़ेंगे।

### वनडे क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं मिचेल स्टार्क

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क निकट भविष्य में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सदस्य स्टार्क ने आईपीएल 2024 का खिताब जीतने के बाद कहा पिछले नौ साल मैंने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट को दिए हैं। जब क्रिकेट से समय मिलता था, तब मैं वह समय अपनी पत्नी और परिवार को देता था लेकिन अब मैं अपने करिअर के आखिरी पड़ाव पर हूं और फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलना चाहता हूं। वनडे विश्व कप अभी बहुत दूर है, तो मैं एक प्रारूप को छोड़ भी सकता हूं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को तवज्जो देते हुए उन्होने आईपीएल के पिछले कुछ संस्करणों में रुचि नहीं दिखलाई थी। सच कहूं तो मैंने इस आईपीएल सीजन का पूरा लुत्फ उठाया।

### ट्रैविस हेड तो चमके, वार्नर ने किया निराश : पोटिंग

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिये दिलचस्पी दिखाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का प्रदर्शन रविवार को संपन्न हुये सत्र में मिला जुला रहा है। आईपीएल में ऑस्ट्रेलियाई टी20 विश्व कप टीम के कई नियमित खिलाड़ी शामिल हुए। ट्रैविस हेड जैसे खिलाड़ियों ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से टूर्नामेंट में आग लगा दी, वहीं डेविड वार्नर और मिशेल मार्श जैसे अन्य खिलाड़ियों का टूर्नामेंट के अधिकांश समय में प्रदर्शन उदासीन रहा, जबकि मिशेल स्टार्क ने शुरुआत में निरंतरता के लिए संघर्ष किया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# चक्रवात : समुद्र का खौफ या मौसम का कहर...

चक्रवात या यू कहें समुद्री तूफान जिसके नाम से ही मन में एक खौफ पैदा हो जाता है जो तटीय क्षेत्रों से टकराकर एक तबाही का मंजर छोड़ जाता है। ये क्या होता है, कितने प्रकार का होता है और कब कब आया, इनसे बचाव के क्या उपाया है आइए जानते हैं। वर्तमान में आए चक्रवाती तूफान रेमल के बारे में चलिए जानते हैं ....



## रेमल मतलब मौसम

रेमल जो शक्तिशाली तूफानों में से एक है। इसे एक्वाटोरियल चक्रवात के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास उत्पन्न हुआ हैं। इन तूफानों की शक्ति बहुत अधिक है और इससे भारी बारिश, तूफानी आंधी, और जलवायु विपरीतताएं होती हैं। इनका नाम 'रेमल' हिंदी शब्द 'रेमल' से लिया गया है, जिसका मतलब होता है मौसम।

## रेमल से प्रभावित क्षेत्र

रेमल भारत के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच सकती है। इसका प्रमुख प्रभाव भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास समुद्री क्षेत्रों में देखा जा सकता है। यह पश्चिमी तटों के पास बनते हैं। इसके कारण पश्चिमी भारत के राज्यों जैसे कि गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक आदि को इसकी पहुंच का प्रभाव महसूस हो सकता है। वहीं, रेमल उत्तरी भारतीय तटों को भी प्रभावित कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू और कश्मीर इनके प्रमुख प्रभावित क्षेत्र हो सकते हैं। इसका प्रभाव दक्षिणी भारत तमिलनाडु, केरला, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना आदि को भी प्रभावित कर सकता है। साथ ही इसका प्रभाव समुद्री और उसके आसपासी क्षेत्रों में बहुत ज्यादा होता है।

## कितने प्रकार के होते हैं चक्रवात

चक्रवात मुख्यत : दो प्रकार के होते हैं, एक उष्णकटिबंधीय और विषुवतीय। इन दोनों में कुछ मुख्य अंतर हैं जो उनके विकास, स्थान और प्रभावों पर निर्भर करते हैं।

### उष्णकटिबंधीय


ये उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं। यह समुद्र की सतह के गर्म पानी से ऊर्जा प्राप्त करते हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में इनका नाम अलग-अलग होता है जैसे कि अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत में इन्हें हरिकेन, पश्चिमी प्रशांत में टाइफून, और दक्षिणी हिंद महासागर और दक्षिणी प्रशांत में चक्रवात कहते हैं। ये चक्रवात आमतौर पर एक स्पष्ट नेत्र , नेत्र की दीवार, और बारिश की पट्टियों के साथ होते हैं। ये भारी बारिश, तेज हवाएं, और तटीय बाढ़ से विनाशकारी हो सकते हैं।

### विषुवतीय:

ये विषुवतीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के बाहर उत्पन्न होते हैं। वायुमंडलीय फ्रंट्स (ठंडी और गर्म हवा के मिलन स्थल) से ऊर्जा प्राप्त करते हैं। ये आमतौर पर बड़े होते हैं और इनमें कोई स्पष्ट नेत्र नहीं होता। ये व्यापक क्षेत्र में फैल सकते हैं और भारी बारिश, बर्फबारी, और तेज हवाओं का कारण बन सकते हैं।

## रेमल क्या है?

रेमल चक्रवात एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात है जो भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास उत्पन्न होता है। इसकी शक्ति बहुत अधिक होती है और इससे भारी बारिश, तूफानी आंधी, और जलवायु विपरीतताएं होती हैं। रेमल चक्रवात विकसित होने के लिए शांत मौसम शर्तें आवश्यक होती हैं। इसका मतलब है कि वायुमंडल में कोई विवादित वायुशून्य नहीं होना चाहिए और उच्च वायुदाब भी नहीं होना चाहिए।




## तीव्रता

- **अवसाद** : हवा की गति 39 मील प्रति घंटा (63 किमी/घंटा) से कम होती है।
- **तूफान** : हवा की गति 39 से 73 मील प्रति घंटा (63 से 118 किमी/घंटा) के बीच होती है।
- **हरिकेन/टाइफून/चक्रवात** : हवा की गति 74 मील प्रति घंटा (119 किमी/घंटा) से अधिक होती है।
- **हरिकेन** को उनकी तीव्रता से 1 से 5 तक के श्रेणियों में बांटा जाता है, जिसे सफ़िर-सिम्पसन हरिकेन विंड स्केल कहा जाता है।

## पूर्वानुमान व चेतावनी

- रेडियो, टेलीविजन, और मोबाइल एप के माध्यम से अपडेट प्राप्त करें।
- एक आपातकालीन किट तैयार रखें, जिसमें टॉर्च, बैटरी, प्राथमिक चिकित्सा किट, पानी, और आवश्यक दवाएँ शामिल हों।
- घर के खिड़कियों और दरवाजों को मजबूत करें और उन्हें बंद रखें।
- स्थानीय आपातकालीन सेवाओं और राहत संगठनों के संपर्क में रहें।

## एक नजर

### पाकिस्तान में पूर्व विदेश मंत्री पर आठ और मुकदमे

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार करने के बाद नौ मई 2023 को भड़के दंगों और हिंसा पर जेल में बंद पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी के खिलाफ रविवार को आठ और मामले दर्ज किए गए। मीडिया को सोमवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 67 वर्षीय नेता विभिन्न मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। जियो न्यूज के मुताबिक, सरवर रोड थाने में कुरैशी के खिलाफ दर्ज मुकदमों को लेकर पुलिस ने लाहौर की आतंकवाद रोधी अदालत से उसे गिरफ्तार करने, पूछताछ और तलब की अनुमति देने की अपील की, जिसे कोर्टने सुरक्षा कारणों से इनकार कर दिया।

### ब्राजील में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 169 हुई

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में गत 29 अप्रैल को आए तूफान के बाद बारिश होने से अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 169 हो गई है। नागरिक सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक 24 घंटों में तीन और शव बरामद किये गये, वहीं प्रांत में अब तक की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा में 56 लोग लापता हैं। इसके अलावा, बाढ़ और नदियों के उफान के कारण 23 लाख से ज़्यादा निवासी यहां से विस्थापित हो चुके हैं।

### पूर्व अभिनेता जॉनी वेक्टर की गोली लगने से मौत

**लॉस एंजिलिस।** प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक जनरल हॉस्पिटल के पूर्व अभिनेता जॉनी वेक्टर की लॉस एंजिलिस में गोली लगने से मौत हो गई। उनके परिजनों के मुताबिक, जब वेक्टर ने उनकी कार से कैटेलिटिक कनवर्टर चुरा रहे तीन चोरों को पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनपर गोलियां बरसा दीं। लॉस एंजिल्स पुलिस के अनुसार, शनिवार दोपहर तीन बजे यह घटना हुई थी। वेक्टर को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पाकिस्तानी में स्कूल में लगी आग,1400 छात्राओं को बचाया

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पहाड़ी इलाके में आग की चपेट में आए स्कूल से सोमवार को 1,400 छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जियो न्यूज ने बचाव अधिकारी के हवाले से बताया कि आग हरिपुर जिले के सिरिकोट गांव में सरकारी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में उस समय लगी जब सैकड़ों छात्राएं अंदर थीं। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाना शुरू किया।

### खालिदा के बेटे को लंदन से बुलकर देंगे सजा : हसीना

**ढाका।** बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना ने खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को लंदन से वापस लाने और उसके खिलाफ अदालत के फैसले को सजा दिलाने के संकल्प को दोहराया है। खालिदा के 2018 में जेल जाने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष बने रहमान छह साल पहले सजा सुनाए जाने के बाद से ही लंदन में हैं। यह सजा रहमान की अनुपस्थिति में सुनाई गई थी। कोर्ट ने कहा था रहमान ने हसीना की उपस्थिति वाली चुनावी रैली पर घातक ग्रेनेड हमले की साजिश रची। दोषी ठहराए गए रहमान को उम्रकैद हुई है। रहमान का कहना है कि यह आरोप राजनीतिक प्रतिशोध से लगाए गए है।

### जम्मू-कश्मीर के सांबा में मोर्टार फटने से तीन घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में मैदान में सोमवार को हुए विस्फोट से तीन लोग घायल हो गए। आशंका जताई जा रही है कि जंग लगे मोर्टार में आग लगने से यह विस्फोट हुआ। विस्फोट तब हुआ जब रात करीब सवा आठ बजे खारा मधाना के किसान फसल के अवशेष जला रहे थे।

# इजराइली बमबारी में 40 की मौत

## गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर उत्तर-पश्चिमी राफा में बने एक शिविर पर 8 रॉकेट दागे

**गाजा, एजेंसी**

गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर उत्तर-पश्चिमी राफा में एक शिविर पर इजराइल की बमबारी में कम से कम 40 लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी।

डब्ल्यूएएफए ने कहा कि इजराइली बलों ने निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के गोदामों के पास शिविर में तंबुओं की ओर आठ रॉकेट दागे। फेसबुक पर एक वीडियो क्लिप प्रसारित किया गया है, जिसमें क्षेत्र में आग की लपटें तेजी से उठ रही हैं और आग ने तंबुओं को अपनी चपेट में ले लिया है। सूत्रों ने बताया कि कठिन इलाके के कारण नागरिक सुरक्षा और एम्बुलेंस कर्मचारियों को शवों को निकालने में महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ा। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि गाजावासियों से भरे इस क्षेत्र को हमले से पहले इजरायली सेना ने सुरक्षित क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया था।


राफा में शिविर पर राकेट दागने के बाद निकलता धुंआ।

### फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण की इजरायल ने की थी घोषणा

इजरायली सेना ने गत सात मई को घोषणा की थी कि उसने मिस्र की सीमा पर गाजा पट्टी के दक्षिण में और राफा के पूर्वी क्षेत्र में स्थित राफा क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है, जिसके परिणामस्वरूप गाजा में प्रवेश का रास्ता रोक दिया गया है।

### नेतान्याहू ने स्वीकार किया कि राफा पर हमला भयावह गलती

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने गाजा के राफा शहर में बनाए गए शिविर पर किए इजराइली हमले में दर्जनों लोगों की मौत के बाद माना है कि यह भयावह गलती हुई है। सोमवार को संसद में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इजराइल राफा में बीती रात किए गए हमले की जांच कर रहा है।

### हमास मुख्यालय के प्रमुख को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार को कहा कि उसने गाजा पट्टी में राफा शहर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में हवाई हमले में वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के प्रमुख यासीन राबिया और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी को मार गिराया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर बताया कि आज शाम को आईएएफ के विमान ने आईडीएफ और आईएसए खुफिया हमले में यहूदिया और सामरिया में हमास के कमांडर यासीन राबिया के साथ वरिष्ठ अधिकारी खालिद नागर को मार गिराया। आईडीएफ ने बताया कि खुफिया जानकारी पर उत्तर-पश्चिम राफा में ताल अस सुल्तान के क्षेत्र में हमला किया गया। राबिया ने यहूदिया और सामरिया में हमास की सभी गतिविधियों को निर्देशित किया और क्षेत्र में हमास के आतंकवादी हमलों की योजना बनाई। आईडीएफ उन रिपोर्टों से अवगत है जो दर्शाता हैं कि हमला और गोलीबारी से क्षेत्र के कई नागरिकों को नुकसान पहुंचा था और घटना की समीक्षा की जा रही है।

## टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस में तूफान से 18 की मौत

**ह्यूस्टन।** मध्य अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस राज्यों में आए शक्तिशाली तूफान के कारण दो बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई, कई मकान तबाह हो गये और बढ़ते तापमान के बीच लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि ओक्लाहोमा सीमा के समीप टेक्सास की कुक काउंटी में 7 लोगों के मारे जाने की सूचना है, जहां शनिवार रात को आए तूफान ने तबाही मचाई। कुक काउंटी के शेरिफ रे सैप्पिंगटन ने कहा हि मृतकों में दो बच्चे भी हैं, जिनकी उम्र दो और पांच वर्ष थी। एक परिवार के तीन सदस्यों की भी मौत हो गयी। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि लापता लोगों को ढूंढने के लिए अभियान जारी है। सीबीएस न्यूज के मुताबिक, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने बताया कि तूफान से 100 लोग घायल हो गये हालांकि सटीक आंकड़ा बता पाना थोड़ा मुश्किल है। एक वेबसाइट के मुताबिक, टेक्सास से लेकर कंसास, मिसौरी, अर्कांसस, टेनिसी और केनटकी तक 4,70,000 से ज्यादा लोगों को बिना बिजली के रहने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# पैसे की किल्लत से नहीं कर सका प्रेमिका का दाह संस्कार

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

- शव बोरे में भरकर घर से दूर सड़क पर छोड़ आय लावारिस
- चंदन नगर में 57 वर्षीय महिला का शव सड़क पर बोरे में मिला
- इंदौर में 53 वर्षीय व्यक्ति के साथ लिव-इन में रह रही थी महिला

इंदौर में 53 वर्षीय व्यक्ति अपनी लिव-इन साथी की लाश के साथ तीन दिन रहा और बाद में पैसों की किल्लत के कारण शव को बोरी में बंद करके सड़क पर लावारिस छोड़ दिया क्योंकि उसके पास अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं थे।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नंदिनी शर्मा ने सोमवार को बताया कि चंदन नगर क्षेत्र में रविवार को 57 वर्षीय महिला की बोरे में बंद लाश मिली। शव चार-पांच दिन पुराना था और काफी सड़ चुका था। एसीपी ने बताया कि शव पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले। पोस्टमॉर्टम से पता चला है कि वह लीवर संबंधी दिक्कतों और अन्य बीमारियों से लंबे समय से जूझ रही थी जिनके कारण उसकी स्वाभाविक मौत हुई।

शर्मा ने बताया कि यह महिला पिछले 10 साल से एक व्यक्ति के साथ रह रही थी। जब 53 वर्षीय उस व्यक्ति के पास पहुंचे, तो वह राजमोहल्ला क्षेत्र के एक बगीचे में बैठा था। वह रंगाई-पुताई का काम करता है। वह मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। एसीपी ने बताया कि चार-पांच दिन पहले इस व्यक्ति के पड़ोसियों ने उससे कहा कि उसके घर से बदबू आ रही है और उसे देखना चाहिए कि उसके घर कोई चूहा तो नहीं मर गया है। उन्होंने बताया,जांच से पता चला है कि यह व्यक्ति अपने घर में महिला के शव के साथ कम से कम तीन दिन से रह रहा था। बदबू को लेकर पड़ोसियों की शिकायत के बाद उसने शनिवार रात शव को बोरी में डाला और अपने घर से करीब 200 मीटर दूर ले गया। वजन से उसकी सांस फूलने लगी तो वह लाश सड़क पर लावारिस छोड़कर चला गया। इस व्यक्ति ने पूछताछ में बताया कि उसने अपनी जोड़ीदार के शव को इसलिए लावारिस छोड़ा क्योंकि उसके पास अंतिम संस्कार के लिए धन नहीं था। उन्होंने बताया कि मामले में विस्तृत जांच जारी है। चंदन नगर थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को महिला के शव का अंतिम संस्कार कराया।

# पाकिस्तान में 23 आतंकी ढेर, सात सैनिक शहीद

**इस्लमाबाद, एजेंसी**

- खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन जगहों पर सेना ने चलाया अभियान

पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार से हुईं अलग-अलग मुठभेड़ में प्रतिबंधित संगठन टीटीपी के 23 आतंकवादी मारे गए जबकि सात सैनिक शहीद हो गए। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के अनुसार, मुठभेड़ रविवार और सोमवार को हुईं। सेना ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग अभियानों में सुरक्षा बलों ने 23 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने कहा कि रविवार को पेशावर के पास हसन ख़ेल इलाके में अभियान चलाया गया, जिसमें सुरक्षा बलों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया। हालांकि मुठभेड़ में एक अधिकारी और एक सैनिक की मौत हो गई। सोमवार को प्रांत के टैंक जिले में चलाए गए एक अन्य अभियान में, पाकिस्तानी सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप दस आतंकवादी मारे गए। तीसरी मुठभेड़ खैबर जिले के बाग इलाके में हुई, जिसमें सुरक्षा बलों ने सात आतंकियों को मार गिराया, जबकि दो घायल हो गए। हालांकि, भीषण गोलीबारी के दौरान पांच सैनिक शहीद हो गए। सेना के अनुसार कि मारे गए आतंकवादियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।

## वूलसैक रेस


इंग्लैंड में वूलसैक रेस के दौरान कंधों पर ऊनी थैला लेकर दौड़ते बच्चे। ये दौड़ टेटबरी के विल्टशायर ऊन-शहर में होती है। इसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की टीमें ऊन की बोरियां गमस्टूल हिल से नीचे ले जाती हैं। ये दौड़ 1972 से चल रही है, जो गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हैं। • एजेंसी

# इमरान की पार्टी प्रदर्शन छोड़ सरकार से करें सार्थक संवाद

**लाहौर, एजेंसी**

- पाकिस्तान की सत्तारूढ़ गठबंधन ने बातचीत के लिए किया आमंत्रित

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के सत्तारूढ़ गठबंधन ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का आह्वान किया है कि वह प्रदर्शन छोड़ दे और सरकार के साथ 'सार्थक' संवाद करे।

सोमवार को द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, सीनेट के सभापति यूसुफ़ रजा गिलानी और नियोजन मंत्री अहसान इकबाल ने बातचीत के लिए तैयार होने के सरकार के रुख पर कहा कि इमरान की पार्टी को तय करना चाहिए कि वह किससे बातचीत करना चाहती है। लाहौर में गिलानी ने बातचीत करने की सरकार की इच्छा दोहराई। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि खान की पार्टी किसी और से बातचीत का इरादा रखती है। गिलानी ने कहा कि देश इस समय अस्थिरता से जूझ रहा है और इसलिए सभी नेताओं को एक साथ आना होगा। अखबार ने गिलानी के हवाले से कहा कि पीटीआई नीत सरकार के समय में विपक्ष में रहते हुए भी वे बातचीत के इच्छुक थे। गिलानी ने कहा कि पीपीपी मौजूदा सरकार का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीपीपी ने कभी यह संकेत नहीं दिया कि वह सरकार का हिस्सा नहीं है।

## एयर इंडिया के विमान में धूम्रपान पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** एयर इंडिया के विमान में जयपुर-मुंबई उड़ान के दौरान कथित तौर पर धूम्रपान के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया हालांकि बाद में उसे रिहा कर दिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सहार पुलिस ने 25 मई को राजस्थान के अर्जुन थालोरे को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह उड़ान के दौरान शौचालय में धूम्रपान करने लगा था, जिससे सेंसर बंद हो गया। वरिष्ठ क्रू सदस्य ने उसे मौके पर पाया और फ्लाइट मुंबई में उतरने के बाद आरोपी को सुरक्षा विभाग को सौंप दिया। सुरक्षा कर्मचारी उसे सहार थाना ले गये, जहां उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ।

**उम्मीद** — अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक जीवनयोग्य ग्रह की खोज


# दूसरी बार मिला है इस तरह का जीवनयोग्य ग्रह

**अमृत विचार, नैनीताल**

वैज्ञानिकों ने अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक एक जीवनयोग्य एक्सोप्लैनेट (ग्रह) की खोज की है। जीवनयोग्य ग्रह की यह दूसरी खोज है। इस ग्रह पर जीवन की मौजूदगी और संभावनाओं को तलाशने में वैज्ञानिक जुटे हुए हैं।

एक्सोप्लैनेट का नाम स्पेकलूस -3 बी नाम दिया गया है। बेल्जियम के खगोलविदों की अंतर्राष्ट्रीय टीम को यह सफलता मिली है। यह ग्रह पृथ्वी से 55 प्रकाश वर्ष दूर है और अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है। किसी अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक खोजा गया यह दूसरा ग्रह है। इससे पहले ट्रैपिस्ट-1 की खोज की हुई थी, जिसमें जीवन की संभावना है। नया ग्रह भी जीवन की संभावना को लेकर उम्मीद जागृत करता है। जिस कारण यह खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पृथ्वी के समान आकार का यह ग्रह केवल 17 घंटों में अपने तारे की परिक्रमा पूरी कर लेता है। यह ग्रह संभवतः ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। वैज्ञानिकों का मानना है कि तारे से निकलने वाले विकिरण ने संभवतः ग्रह के वायुमंडल को नष्ट कर दिया हो। इसकी वास्तविकता की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

बेल्जियम स्थित लीज विश्वविद्यालय के स्पेकुलूस परियोजना के वैज्ञानिकों के अनुसार 15 मई को को नया ग्रह मिला और अब इसकी घोषणा की गई है। इस खोज में कैम्ब्रिज, बर्मिंघम और बर्न विश्वविद्यालय, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और ईटीएच ज्यूरिख शामिल रहे हैं।


जीवनयोग्य ग्रह का चित्र।

### जीवन की संभावना से इंकार नही किया जा सकता

बेल्जियम लीज विश्वविद्यालय के खगोल शास्त्री माइकल गिलॉन के अनुसार भले ही इस ग्रह का वातावरण कुछ हद तक नष्ट हुआ हो, लेकिन जीवन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। संभवत : इसमें किसी अन्य रूप में जीवन मौजूद हो। नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।

## पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 2,000 से अधिक हुई मौतें

**पोर्ट मोरेस्बी।** प्रशांत महासागरीय देश पापुआ न्यू गिनी के एंगा प्रांत में शुक्रवार को भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,000 से अधिक हो गई। राष्ट्रीय आपदा केंद्र (एनडीसी) ने इसकी पुष्टि की है।

पापुआ न्यू गिनी में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी को सोमवार को इस आपदा के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। पोरगेरा खदान का मुख्य राजमार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध है। भूस्खलन धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जिससे बचाव दल और जीवित लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। एक संयुक्त सरकारी टीम ने प्रभावित गांव का निरीक्षण किया और एंगा की प्रांतीय सरकार को 5,00,000 किना (128,796 अमेरिकी डॉलर) का चेक प्रस्तुत किया।

**गुजरात में गिरफ्तार चार आतंकियों पर बोला श्रीलंका**

# आईएसआईएस संदिग्धों के खिलाफ फैसला लेगा भारत

**कोलंबो, एजेंसी**

- गुजरात एटीएस ने 19 मई को चार श्रीलंका के लोगों को हवाई अड्डे से किया था गिरफ्तार

श्रीलंका की सरकार ने सोमवार को कहा कि पिछले हफ्ते अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार चार श्रीलंकाई आईएसआईएस संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में भारत फैसला करेगा, जबकि यहां के अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि क्या वे द्वीप राष्ट्र में आतंकी कृत्यों में शामिल थे।

गुजरात आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) ने 19 मई को प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े चार श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर अपने पाकिस्तान स्थित आकाओं के निर्देशों के बाद भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने आए थे। चारों लोगों ने 19 मई को कोलंबो से चेन्नई के लिए इंडिगो कंपनी की उड़ान ली थी। श्रीलंका के कानून मंत्री विजयदास राजपक्षे ने कहा कि भारत गिरफ्तार संदिग्धों से अपने कानून के मुताबिक निपटेगा। श्रीलंका इसकी जांच करेगा कि क्या वे यहां रहते हुए किसी आतंकवादी कृत्य में भागीदार रहे हैं या किसी समूह की सहायता की है। पिछले हफ्ते, श्रीलंकाई अधिकारियों ने गुजरात में गिरफ्तार चार श्रीलंकाई लोगों की जांच के लिए उच्चस्तरीय अभियान चलाया। श्रीलंकाई पुलिस ने आईएसआईएस संदिग्धों के एक साथी को पिछले गुरुवार को गिरफ्तार किया था।